फाल्गुन कृष्ण पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 7 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -42, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



शनि व बृहस्पति के उपग्रहों पर मिल सकता है जीवन 16

देवरा-भाग 1 में जाह्नवी कपूर का नया लुक 15

## किसानों का दिल्ली कूच, चौकसी बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली पुलिस ने राजधानी की सीमाओं पर तेज की जांच

किसानों के विरोध-प्रदर्शन और दिल्ली कूच के मद्देनजर दिल्ली की सीमाओं पर बुधवार को यातायात प्रभावित हुआ। बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की वजह से दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बॉर्डर और दिल्ली-नोएडा सीमा पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखी गयीं। पुलिस ने सीमाओं और शहर के अन्य हिस्सों में अवरोधक लगाए हैं और मध्य दिल्ली की ओर जाने वाली सड़कों पर जांच तेज कर दी है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, पुलिस बल टिकरी, सिंघु और गाजीपुर सीमाओं के साथ-साथ रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर कड़ी निगरानी रख रहा है। एक अधिकारी ने बताया हमने तीनों सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि हमने कोई सीमा या मार्ग को बंद नहीं किया है लेकिन वाहनों की जांच की जाएगी।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी दिल्ली) जिमी चिराम ने बताया कि दिल्ली-हरियाणा सीमा पर बल पहले से ही तैनात है। उन्होंने कहा कि किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान के मद्देनजर हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सिंघु और टिकरी सीमाओं पर अस्थायी रूप से लगाए गए अवरोधकों को वाहनों की आवाजाही के लिए हटा दिया गया है। हालांकि पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवान अभी भी तैनात हैं। रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर अतिरिक्त पुलिस व अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है।

### 10 मार्च को देशव्यापी रेल रोको आंदोलन

किसान आंदोलन का नेतृत्व कर रहे दो प्रमुख संगठन किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) ने रविवार को देश भर के किसानों से बुधवार को दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया था। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर और जगजीत सिंह डल्लेवाल ने यह आह्वान किया था।

## पूर्व वायुसेनाकर्मी समेत सॉल्वर गैंग के 7 सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### उप्र. पुलिस भर्ती परीक्षा

- पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने छह को मेरठ जबकि एक को दिल्ली से दबोचा
- प्रश्न पत्र और आंसर शीट भी बरामद, परीक्षा से एक दिन पहले मिल गया था पेपर

**अमृत विचार** : यूपी एसटीएफ ने वायुसेना के पूर्व कर्मचारी समेत उप्र. पुलिस की भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले सॉल्वर गैंग के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को मेरठ से पकड़े गए छह आरोपियों के पास से मोबाइल से पेपर लीक करने के सबूत मिले हैं। वहीं, नोयडा से पकड़ा गया वायुसेना में रह चुका एक आरोपी प्रमोद पाठक भी उप्र. समेत अन्य राज्यों की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की भर्ती में सेंध लगाने वाले गिरोह का सदस्य है। इसके पास से भी वायुसेना का जाली आईडी कार्ड, अभ्यर्थियों के 26 एडमिट कार्ड, 38 हस्ताक्षरित ब्लैंक चेक, चार बैंक की चेक बुक, आरक्षी भर्ती के प्रश्न पत्र से संबंधित कागजात बरामद हुए हैं।

सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। एसटीएफ ने मंगलवार रात मेरठ हाईवे से पेपर लीक करने वाले जिन छह आरोपियों को गिरफ्तार किया, उनके पास से बरामद मोबाइल व लैपटॉप से पेपर लीक से जुड़ीं कई जानकारियां मिलीं। परीक्षा से एक दिन पहले ही इन्हें व्हाट्सएप पर पेपर मिल गया था। आरोपी पूछताछ में पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर कई बड़े राज खोल सकते हैं। इस गैंग में कुल 14 सदस्य बताए जा रहे हैं। फरार आठ आरोपियों की भी तलाश तेज कर दी गई है।

आरोपियों की पहचान दीपू उर्फ दीपक पुत्र दिनेश निवासी दुपहिया रोड पठानपुरा, बिट्टू पुत्र दयाराम निवासी अलीपुर थाना सरधना, प्रवीण पुत्र ओमपाल सिंह निवासी नगलाताशी, रोहित उर्फ ललित पुत्र विनोद कुमार निवासी गोलाबढ़ थाना टीपी नगर, नवीन पुत्र सुलेख चंद और साहिल पुत्र अमरनाथ निवासी शोभापुर थाना कंकरखेड़ा के रूप में हुई है।

### एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किया गया प्रमोद पाठक वायुसेना से हुआ था बर्खास्त

पूर्व वायुसेना कर्मचारी प्रमोद पाठक दिल्ली के मुखर्जीनगर से गिरफ्तार आरोपी और कई अन्य के साथ मिलकर प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक करने का काम करता था। इसके कुछ साथी पहले भी गिरफ्तार हो चुके हैं। जिनसे पूछताछ के बाद इसका नाम सामने आया था। प्रमोद पाठक (40) जामिया मिल्लिया इस्लामिया से ग्रेजुएट है। 2009 में वह एयरमैन के पद पर भर्ती हुआ था और 2022 तक खड़गपुर पश्चिम बंगाल, श्रीनगर व भारतीय वायु सेना के दिल्ली मुख्यालय पर तैनात रहा। नौकरी के दौरान ही उसने 2017 में अलीगढ़ में सेना में भर्ती के लिए फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर खोला था। 2018 में मित्र मोनू के साथ मिलकर वायुसेना, नेवी, कोस्ट गार्ड, दिल्ली पुलिस, एसएससी जीडी व उप्र की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली कराने का गैंग चलाने लगे। सूचना पर वायुसेना के अधिकारियों जांच कराई। जिसके बाद 18 अगस्त, 2022 में प्रमोद को वायुसेना से बर्खास्त कर दिया गया।




### एक नजर

#### सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ नए शिखर पर

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए लाभ में रहे और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए। यूरोपीय बाजारों में तेजी के बीच बैंक और चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 408.86 अंक यानी 0.55 प्रतिशत उछलकर नए रिकॉर्ड स्तर 74,085.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 474.14 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 117.75 अंक यानी 0.53 प्रतिशत मजबूत होकर नए शिखर 22,474.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 140.9 अंक तक चढ़ गया था।

### प्रधानमंत्री ने कहा-संदेशखालि के गुनहगारों को बचाने में लगी ममता सरकार

## महिलाओं पर अत्याचार ने किया शर्मसार

### बोले-संदेशखालि का ज्वार पूरे बंगाल में फूटेगा, तृणमूल कांग्रेस का कर देगा सफाया

बारासात (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संदेशखालि में नारी शक्ति पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है और इससे हर किसी का सिर शर्म से झुक गया है। आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेतृत्व वाली सरकार राज्य की महिलाओं के गुनाहगारों को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा रही है जबकि उसे हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में झटका लगा है। राज्य सरकार के इस व्यवहार से बंगाल की महिलाएं... देश की महिलाएं आक्रोश में हैं। नारी शक्ति के आक्रोश का यह ज्वार संदेशखालि तक ही सीमित नहीं रहने वाला है, बल्कि यह पूरे बंगाल तक जाएगा और पूरे राज्य में टीएमसी को खत्म कर देगा। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख और उनके साथियों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोप हैं।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को उत्तर 24 परगना जिले के मुख्यालय बारासात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से आयोजित 'नारी शक्ति वंदन अभिनंदन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा, कहा कि 'संदेशखालि का ज्वार' पूरे पश्चिम बंगाल में फूटेगा, जहां 'नारी शक्ति' लोकसभा चुनावों में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मोदी ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय तुष्टीकरण की राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि तुष्टीकरण और तोलाबाजों के दबाव में काम करने वाली टीएमसी सरकार कभी भी बहन-बेटियों को सुरक्षा नहीं दे सकती है। वहीं दूसरी तरफ केंद्र की सरकार है जिसने बलात्कार जैसे संगीन अपराध के लिए फांसी की सजा तक की व्यवस्था की है। लेकिन यहां नारी पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है।



### पानी के भीतर देश की पहली मेट्रो का किया लोकार्पण

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कोलकाता मेट्रो के एस्प्लेनेड-हावड़ा मैदान खंड का लोकार्पण किया। यह खंड देश में पहली बार पानी के अंदर बने परिवहन सुरंग के माध्यम से हुगली नदी के नीचे से होकर गुजरता है। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री ने स्कूल के छात्रों के साथ एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक मेट्रो की यात्रा की। यह सुरंग देश की उन्नत अभियांत्रिकी क्षमताओं का साक्ष्य है। प्रधानमंत्री के साथ राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं। अधिकारियों ने बताया कि 4.8 किलोमीटर लंबा हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड खंड ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर का हिस्सा है और इसका निर्माण 4,960 करोड़ रुपये की लागत से 14 अप्रैल 2009 को शुरू हुआ था।

### ईडी को अवमानना याचिका की अनुमति

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख की हिरासत सीबीआई को नहीं सौंपे जाने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की बुधवार को अनुमति दी। ईडी की ओर से पेश डिप्टी सॉलीसिटर जनरल धीरज त्रिवेदी ने अवमानना याचिका दाखिल करने की अनुमति देने का अनुरोध किया था।

### सीबीआई को सीआईडी ने शाहजहां शेख की हिरासत सौंपी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सीआईडी ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की हिरासत अंततः बुधवार शाम को सीबीआई को सौंप दी। सीआईडी ने यह कदम कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा उसे केंद्रीय एजेंसी को सौंपने के लिए लगातार दो दिन दिए निर्देश के बाद उठाया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह संदेशखालि में ईडी टीम पर हमले की जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करने और मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को सौंपने के उसके मंगलवार के आदेश को तुरंत लागू करे। सीबीआई टीम अपराह्न चार बजे से पहले ही भवानी भवन पहुंच गई। लेकिन सीआईडी ने शाहजहां को शाम 6:48 बजे केंद्रीय एजेंसी को सौंपा।

## मंत्रिमंडल में कई मंत्रियों का कामकाज होगा कम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुराने मंत्रियों के विभागों में फेरबदल संभव, नए मंत्रियों को जल्द आवंटित होंगे विभाग

**अमृत विचार** : प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल पुराने मंत्रियों का बोझ कम करते हुए चार नए मंत्रियों को विभाग आवंटित किए जाने की तैयारी है। नए बने मंत्रियों को जहां जल्द ही विभाग आवंटित किए जाएंगे वहीं, कई मंत्रियों के विभाग में भी फेरबदल हो सकता है। दरअसल कुछ मंत्रियों के पास दो से पांच विभागों तक की जिम्मेदारी है। ऐसे में मंत्रियों का बोझ हल्का किया जा सकता है।

जिन चार नेताओं को मंगलवार को मंत्रीपद सौंपा गया है उनमें ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान, अनिल कुमार और सुनील कुमार शर्मा शामिल हैं। इनमें से राजभर और दारा पिछली योगी सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली पहली भाजपा सरकार में ओम प्रकाश राजभर 9 मार्च 2017 को कैबिनेट मंत्री बने जिन्हें पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सौंपा गया था।

हालांकि, 20 मई 2019 को राजभर को गठबंधन विरोधी गतिविधियों के कारण मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया गया था। फिलहाल ये विभाग नरेंद्र कश्यप के पास हैं जो कि इस मौजूदा कैबिनेट में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं। वहीं, दारा सिंह चौहान के पास वन विभाग था। वर्तमान में इस विभाग का जिम्मा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. अरुण कुमार सक्सेना के पास है। डॉ. सक्सेना के प्रोफाइल में पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन शामिल है।

बहरहाल, वर्तमान में चार से पांच विभाग रखने वाले कुछ मंत्रियों की बात की जाए तो इनमें धर्मपाल सिंह के पास पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज और नागरिक सुरक्षा विभाग हैं। वहीं, योगेन्द्र उपाध्याय के पास उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग हैं। जबकि, राकेश सचान के पास सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग हैं।

## गैंगरेप की शिकार किशोरियों की आत्महत्या के बाद पिता ने जान दी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- 29 फरवरी को लगाया था दोनों पीड़िताओं ने गले में फंदा
- भाई ने कहा- समझौते के लिए धमका रहे थे गैंगरेप के आरोपी

**अमृत विचार** : घाटमपुर के एक ईंट भट्ठे में पिछले हफ्ते गैंगरेप के बाद दुष्कर्म का वीडियो बनाने के मामले में आत्महत्या करने वाली दो किशोरियों में से एक के पिता ने आरोपी पक्ष से मिल रही धमकियों के बाद बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके बेटे ने आरोप लगाया कि गैंगरेप के आरोपी समझौते के लिए धमकी दे रहे थे। इसी कारण पिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना घाटमपुर के बरौली गांव के ईंट भट्ठे में परिवार के साथ मजदूरी करने वाली दो नाबालिग चचेरी बहनों के साथ भट्ठे के ठेकेदार रामस्वरूप, उसके पुत्र रज्जू और भांजे संजू ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। दुष्कर्म की वीडियो और फोटो खींच कर उन्हें ब्लैकमेल कर रहे थे। जिससे आहत दोनों किशोरियों ने 29 फरवरी को ईंट भट्ठे के निकट पेड़ पर एक साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। किशोरी के भाई का आरोप है कि आरोपी और ईंट भट्ठा संचालक मामला रफा-दफा करने को लेकर दबाव डाल रहे थे, लेकिन कांग्रेस महिला विंग ने मामले को ट्वीट कर दिया। जिस पर पुलिस ने तीनों आरोपियों रामस्वरूप, रज्जू और संजू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब घटना के एक सप्ताह बाद बुधवार को एक किशोरी के पिता ने गांव से करीब डेढ़ किमी दूर पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच की। इस संबंध में थाना प्रभारी सिसोलर ने बताया कि तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल की सजा

जौनपुर, एजेंसी

- अपहरण, रंगदारी मांगने के मामले में पाए गए थे दोषी

जौनपुर की एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट ने अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में बुधवार को बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके एक सहयोगी को सात-सात साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने बताया कि 10 मई 2020 को नमामि गंगे के परियोजना प्रबंधक के अपहरण, रंगदारी मांगने, षड्यंत्र रचने तथा अपशब्द कहने और धमकी देने के मामले में विशेष एमपी-एमएलए अदालत के न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके सहयोगी संतोष विक्रम को मंगलवार को दोषी ठहराया था। बुधवार को उन्हें सात-सात साल की कैद और 75-75 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह सजा के बाद धनंजय अब चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो गए हैं।

सजा का ऐलान होते ही न्यायालय परिसर में जमा धनंजय सिंह के तमाम समर्थक मायूस हो गए। धनंजय सिंह ने 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी की थी।

## सीतापुर में महिला ने अपने तीन बच्चों के साथ खाया जहर, चारों की मौत

कार्यालय संवाददाता सीतापुर

- मानपुर थाना इलाके का मामला, गांव में पसरा सन्नाटा
- झगड़ा करने का आरोपित पति हिरासत में

**अमृत विचार:** मानपुर थाना क्षेत्र में एक मां ने अपने तीन बच्चों के साथ जहर खा लिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान चारों की मौत हो गई। बताया गया कि महिला ने यह कदम पति से झगड़े के बाद उठाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मृतका के पति को हिरासत में ले लिया है।

क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर निवासी राजकुमारी (35) पत्नी सजीवन ने आज सुबह खेतों में जाकर अपने तीन बच्चों संध्या (8), नेहा (5) व सुमित (3) के साथ जहर खा लिया। स्थानीय ग्रामीणों ने चारों को बेहोश देखकर सूचना पुलिस व सजीवन को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान चारों को मृत घोषित कर दिया। सजीवन का कहना है कि कल रात शादी से आने के बाद हमारे बीच कहासुनी हुई थी। लेकिन बाद में सब कुछ शांत हो गया था। तीनों बच्चों के साथ राजकुमारी का जहर खा लेना हमारी समझ से बाहर है। मेरा तो सबकुछ बर्बाद हो गया। उधर, आरोपी पति रामसजीवन को हिरासत में ले लिया हैं। प्रभारी निरीक्षक दिलीप चौबे का कहना है कि आपसी विवाद के चलते महिला ने यह कदम उठाया है। पति को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रवीण रंजन ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## क्वांटम ग्रुप के चेयरमैन के ठिकानों पर आयकर छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- टैक्स चोरी के आरोप में अधिकारियों ने की छानबीन

**अमृत विचार** : आयकर विभाग के अधिकारियों ने बस्ती के क्वांटम ग्रुप के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के ठिकानों छापेमारी की है। लखनऊ और गोरखपुर की टीम ने मंगलवार की सुबह बैरीहवा मोहल्ले में उनके आवास पर छापा मारा। यह कार्रवाई बुधवार तक चलती रही। राकेश पर आरोप है कि, कंपनी के लेनदेन में टैक्स की चोरी की है। अधिकारियों ने राकेश से पूछताछ भी की है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, क्वांटम ग्रुप के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के संबध को कानपुर के तंबाकू व्यापारी केके मिश्रा से जोड़कर देखा जा रहा है। हाल ही में कानपुर के तंबाकू व्यापारी केके मिश्रा के आवास पर आयकर की रेड पड़ी थी। बस्ती के रहने वाले राकेश श्रीवास्तव ना सिर्फ व्यवसाई हैं, बल्कि राजनीतिक रसूख के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने बस्ती नगर पालिका का चुनाव भी लड़ा है। इन दिनों चर्चा रही कि वह बसपा से लोकसभा चुनाव भी लड़ सकते हैं। राकेश क्वांटम ग्रुप ऑफ कंपनीज के अध्यक्ष हैं, जिसका दफ्तर लखनऊ, नोएडा सहित कई जिलों में है।

## अयोध्या-देहरादून विमान सेवा शुरू

**अयोध्या।** अयोध्या से उत्तराखंड के देहरादून के लिए फ्लाइट का संचालन बुधवार से शुरू हो गया। देहरादून एयरपोर्ट से सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विमान सुबह साढ़े नौ बजे टेकऑफ हुआ और दोपहर करीब 12 बजे अयोध्या पहुंचा। अयोध्या एयरपोर्ट निदेशक विनोद कुमार के मुताबिक देहरादून से 71 यात्री अयोध्या पहुंचे। यह सेवा सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संचालित होगी। उड़ान देहरादून से सुबह 9.40 बजे चलकर 11.30 बजे अयोध्या पहुंचेगी, यहां से 12.15 बजे चलकर 1.55 बजे देहरादून पहुंचेगी।

### कारगर व्यवस्था | ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय के छात्रों ने फसलों की निगरानी के लिए बनाई डिवाइस

## अल्ट्रासोनिक-इंफ्रारेड तरंगों से होगी फसलों की सुरक्षा

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार** : अब जानवरों से घबराने की जरूरत नहीं, भाषा विश्वविद्यालय का तैयार पेटेंट फसलों की न सिर्फ निगरानी करेगा, बल्कि उसको नुकसान से भी बचाएगा। विवि प्रशासन का दावा है कि देश में तैयार पहला पेटेंट जानवरों को नुकसान पहुंचाए बिना खदेड़ने की क्षमता रखता है।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय (भाषा) के कुलपति प्रोफेसर नरेन्द्र बहादुर सिंह बताते हैं कि उप्र में किसानों की जितनी समस्या उपज को लेकर है, उससे कहीं अधिक उसे बचाने की। इसके लिए विवि की इंजीनियरिंग संकाय की डॉ. ममता शुक्ला द्वारा पेटेंट तैयार किया गया है। इसमें बॉयोटेक्नॉलाजी कंप्यूटर साइंस ग्रुप के छात्रों की टीम भी शामिल है। डॉ. ममता बताती हैं कि सोलर और बैट्री पर आधारित डिवाइस खेतों में लगते ही फसलों की निगरानी करेगी। इसका संपर्क किसान के मोबाइल से होगा। जैसे ही कोई जानवर अथवा कीट ( नीलगाय, खरगोश, चूहा, पतिंगा ) खेतों में घुसेगा, डिवाइस का सेंसर ऑन हो जाएगा। ऐसे में मोबाइल भी अलर्ट करने लगेगा। किसान द्वारा मोबाइल से एक क्लिक करते ही डिवाइस के सहारे अल्ट्रासोनिक वेव्स और इंफ्रा रेड किरणें निकलने लगेंगी। चंद लम्हों में जानवर अथवा कीट इतना परेशान हो जाएगा कि उसे खेत छोड़ना ही पड़ेगा। डॉ. ममता बताती हैं कि केन्द्र सरकार की अनुमति से डिजाइन पेटेंट तैयार हो गया है, जल्द ही ये बाजार में आकर किसानों को लाभ देगा।



### डिवाइस को दिया गया ए वन एग्रीकल्चर का स्वरूप

भाषा विवि की टीम द्वारा तैयार डिवाइस को ए वन एग्रीकल्चर का स्वरूप दिया गया है। डॉ. ममता बताती हैं कि अभी इसका स्वरूप प्रोटो टाइप ( छोटा ) है, लेकिन खपत के हिसाब से इसे विस्तार देने की भी तैयारी है।

### फसलों को नुकसान से बचाने को इनोवेशन का कराया पेटेंट

### नुकसान पहुंचाने वाले दो मिनट में होंगे खेत से बाहर

तैयार डिवाइस से निकलने वाली अल्ट्रासोनिक और इंफ्रा रेड तरंगों से किसी भी जानवर अथवा कीट- पतंगे को शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचेगा। ये तरंगे मानसिक तौर पर बेचैन करेंगी। जिससे फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले पशु, कीट दो मिनट के भीतर ही खेत से बाहर होंगे।

### 70 से 80 फीसद तक क्षति पहुंचाते हैं कीट और जंतु

धान की फसल में 40 से 50 फीसद तक नुकसान कीटों द्वारा किया जाता है। गोदाम में 17 से 20 फीसद तक अनाज चूहों द्वारा नष्ट किये जाते रहे हैं। फल चूषक कीट एवं फल मक्खी द्वारा 70 से 80 फसल तक फसलों का नुकसान होता है। पक्षियों द्वारा ज्वार, बाजरा, रागी करीब 70 फीसद तक नष्ट्र की जाती है।

## एक नजर

### आज औद्योगिक आपदा से बचाव पर विशेषज्ञ करेंगे मंथन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राहत विभाग की ओर से गुरुवार को मॉल एवेन्यू स्थित एक होटल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है। इसमें विषय विशेषज्ञ बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण प्रदेश में केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल, न्यूक्लियर (सीबीआरएनआई) तथा औद्योगिक आपदाओं से निपटने के लिए मंथन करेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एक दिवसीय औद्योगिक आपदाओं के न्यूनीकरण एवं प्रबंधन पर कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में इण्डस्ट्रियल, केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल तथा न्यूक्लियर आपदाएं घटित होने की संभावनाओं को कम करने एवं आकस्मिक स्थिति में बचाव कार्य पर मंथन किया जाएगा।

### किसानों के लिए कृषि मंत्री ने की नई व्यवस्था की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** किसानों को कृषि निवेशों (बीज एवं जिप्सम) की खरीदारी के वक्त तत्काल सब्सिडी प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने एक और नई पहल की है। इसके तहत कृषि विभाग ने बुधवार को कृषि निवेशों को पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन के माध्यम से वितरित कराकर सब्सिडी एट सोर्स की व्यवस्था को लागू कर दिया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बटन दबाकर इस नई व्यवस्था की शुरुआत की। इस अवसर पर लाभार्थी किसानों को कृषि मंत्री ने पीओएस मशीन के द्वारा सब्सिडी एट सोर्स भी प्रदान की।

# आगरा मेट्रो की शुरुआत से बना अनोखा रिकार्ड

## तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी मेट्रो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/आगरा



मेट्रो में यात्रा करते मुख्यमंत्री योगी, केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर व अन्य। अमृत विचार

- प्रधानमंत्री ने कोलकाता से वर्चुअली दिखाई हरी झंडी
- मुख्यमंत्री योगी ने बच्चों के साथ किया सफर

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुधवार को कोलकाता से आगरा मेट्रो ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाते ही एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो गया। यह देश की पहली मेट्रो बन गई है, जो तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी। मेट्रो ट्रेन में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एक के चुने गए 32 बच्चों संग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सफर किया। गुरुवार से पहले चरण के छह स्टेशनों के बीच आम जनता के लिए यात्री सेवा आरंभ हो जाएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिवाजी महाराज के गौरव से जुड़े आगरा शहर को होली से पहले मेट्रो ट्रेन की सौगात मिली है। आधुनिक सुविधाओं का केंद्र यह शहर बने इसके लिए मेट्रो आवश्यक थी। पीएम का आभार जताते हुए कहा कि मेट्रो के साथ आगरा में अन्य सुविधाएं जैसे आगरा के पास अपना एयरपोर्ट हो, उसके सिविल टर्मिनल का कार्य भी तेजी के साथ आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। यहां पर जायका प्रोजेक्ट के अंतर्गत गंगाजल की उपलब्धता पेयजल के लिए उपलब्ध हो। आईटी सेक्टर के रूप में भी इस सिटी को डेवलप करने के लिए तेजी के साथ उन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का कार्य भी सरकार प्राथमिकता के आधार पर कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाने के बाद ताजमहल स्टेशन से ताज पूर्वी स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में सफर किया। उनके साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। उन्होंने विजिटर बुक में अपने अनुभव सांझा करते हुए लिखा कि आगरा मेट्रो का प्रधानमंत्री ने वर्चुअली शुभांरभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, स्थानीय सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### विकास को गति देने के लिए एमओयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहरों में विकास को गति देने के लिए राज्य सरकार ने विश्व संसाधन संस्थान, भारत (डब्ल्यूआरआई इंडिया) के साथ बुधवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। नगर विकास विभाग और डब्ल्यूआरआई इंडिया के बीच इको सिटी-रीजन पहल के तहत सहयोग करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गये हैं। इस पहल का लक्ष्य राज्य भर के शहरी क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देना और जीवन स्तर में सुधार लाना है। इस साझेदारी के तहत डब्ल्यूआरआई इंडिया नगरीय विकास विभाग को शहरी विकास से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में तकनीकी विशेषज्ञता और सहायता प्रदान करेगा। इसमें डेटा प्रबंधन प्रणाली, नगरीय बाढ़ स्टॉर्मवाटर प्रबंधन, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम, शहरी नियोजन और इलेक्ट्रिक वाहन नीति के कार्यान्वयन जैसे कार्य शामिल हैं।

# प्रियंका रायबरेली और राहुल अमेठी से लड़ सकते हैं चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आधिकारिक फैसला आज होने वाली कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक में होगा

**अमृत विचारः** कांग्रेस की उत्तर प्रदेश में दो महत्वपूर्ण सीटों अमेठी और रायबरेली पर गांधी परिवार के ही चुनावी मैदान में उतरने का फैसला संभव है। सूत्रों के मुताबिक, प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी जबकि राहुल गांधी अपनी पुरानी सीट अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि इसका आधिकारिक फैसला गुरुवार को होने वाली कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक में होगा।

दरअसल, दोनों महत्वपूर्ण सीटों पर गांधी परिवार से चुनाव लड़ने को लेकर उप्र. में कांग्रेस के कार्यकर्ता निरंतर मांग कर रहे हैं। पार्टी से जुड़े नेता मानते हैं कि अगर राहुल और प्रियंका अमेठी और रायबरेली से लड़ते हैं, तो इसका राजनीतिक फायदा पार्टी को अन्य सीटों पर भी होगा।माना जा रहा है कि, सोनिया गांधी के चुनाव न लड़ने से खाली हुई रायबरेली की सीट पर प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की बात तय हुई है। सूत्रों के मुताबिक सोनिया गांधी ने रायबरेली के लोगों को जो चिट्ठी लिखी थी, उसमें इशारों में जिसका जिक्र किया था, वो प्रियंका गांधी ही थीं।

कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के साथ प्रियंका गांधी की हुई व्यक्तिगत बैठकों में उनको रायबरेली से प्रत्याशी बनाने की बात कही जा चुकी है। हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी इसका कोई एलान नहीं किया गया है।

### चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता सक्रिय

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ ने बुधवार को बैठक की। बैठक में श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव की तैयारियों में जुट गए है। कार्यकर्ताओं को हर वार्ड में जाकर लोगों की जानकारी एकजुट करने को कहा गया है।

# सीएए लागू होने पर नहीं बिगड़ेगी कानून व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीजीपी बोले, कानून व्यवस्था के लिए हमारे पास डंडा भी है और डाटाबेस भी

**अमृत विचारः** पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि उप्र. पुलिस जहां लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों में जुटी हुई है वहीं, सीएए लागू होने पर इसके लिए भी हम युद्धस्तर पर तैयारी कर रहे हैं। अगर किसी तरह के विवाद की कोई सूचना मिलती है तो उससे निपटने के लिए हम तैयार हैं।

प्रशांत कुमार ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा, प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ने नहीं दी जाएगी। कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए हमारे पास डंडा भी है और डेटाबेस भी। वहीं धर्मगुरुओं, समाज के सम्मानित लोगों से भी पुलिस की वार्ता जारी है। हमारा मानना है कि वार्ता से हर समस्या का समाधान संभव है।

प्रशांत कुमार ने कहा कि हम चुनाव के मद्देनजर अपने संसाधनों जैसे जनशक्ति और उपकरणों को भी अपडेट कर रहे हैं। अभी राज्य में निवेश का माहौल है, हमारी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार हो रहा है, इसलिए ऐसा कुछ भी नहीं करने दिया जाएगा, जिससे राज्य की छवि पर असर पड़े।

### चुनाव से पहले 101.25 करोड़ का अस्त्र-शस्त्र खरीदेगी पुलिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस विभाग ने भी अत्याधुनिक अस्त्र-शस्त्र के जखीरे से लैस होने की तैयारी शुरू कर दी है। शासन ने पिस्टल, रायफल, मशीनगन समेत गोला-बारुद और आंसू धुआं हथियार खरीदने के लिए 101.25 करोड़ से अधिक धनराशि स्वीकृति की है। चुनाव की तैयारी में जुटे पुलिस अफसरों और जवानों को हथियारों की खासी जरूरत थी। गृह विभाग की स्वीकृति के बाद अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय की ओर से हथियार, गोला-बारूद और और आंसू धुआं हथियार खरीद का रास्ता साफ हो गया है। 9एमएम की 5600 पिस्टल 83 हजार 700 की दर से 46 करोड़ 87 लाख 20 हजार रुपये का भुगतान स्वीकृत हुआ है, 24 करोड़ 20 लाख 4 हजार रुपये से दो हजार 5.56 एमएम राइफल और 3 करोड़ 96 लाख 27 हजार रुपये से तीन सौ 9एमएम सब मशीनगन खरीदी जाएगी। गोला बारूद के लिए 22 करोड़ 52 लाख 35 हजार की धनराशि स्वीकृति हुई है। आंसू धुआं हथियार के लिए 3 करोड़ 69 लाख 83 हजार 300 रुपये पुलिस विभाग को शासन ने भेजा है। शासन ने कहा है कि खरीद में किसी तरह की अनियमितता या आडिट आपत्ति के लिए उप्र पुलिस मुख्यालय जिम्मेदार होगा।

### मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना में सीतापुर पीछे

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री (ग्रामीण) आवास योजना में सीतापुर पीछे है। मंडलीय समीक्षा में अन्य जिलों की अपेक्षा कम प्रगति पर डी ग्रेड मिला है। जबकि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में बी ग्रेड मिला है। मंडलायुक्त ने सभी जिलों में 15 मार्च तक आवास पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने 23 फरवरी को लखनऊ, रायबरेली, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, उन्नाव व हरदोई के विकास कार्यों की समीक्षा की थी। हरदोई में स्वीकृत आवास 2262 के सापेक्ष 2160 पूर्ण (95.49 प्रतिशत), लखीमपुर खीरी में 7862 आवास में 7091 पूर्ण (90.19 प्रतिशत), लखनऊ में 884 में 824 आवास पूर्ण (93.21 प्रतिशत), रायबरेली में 3046 आवास के सापेक्ष 2931 पूर्ण (96.23 प्रतिशत), सीतापुर में 2812 में 1743 आवास पूर्ण (61.98 प्रतिशत) व उन्नाव में 3046 आवास में 2819 (92.55 प्रतिशत) पूर्ण मिले। इस प्रगति पर हरदोई, लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव को ए ग्रेड, जबकि लखीमपुर खीरी को बी व सीतापुर को डी ग्रेड मिला। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना में हरदोई में 93,648 के सापेक्ष 90,106 पूर्ण (96.22 प्रतिशत), लखीमपुर खीरी में 1,60,283 के सापेक्ष 1,55,684 (97.13 प्रतिशत), सीतापुर में 2,40,886 में 2,30,691 आवास (95.77 प्रतिशत) पूर्ण पाए।

### 61 हजार से अधिक विद्यार्थी बने प्रवीण

**अमृत विचार,लखनऊ :** छात्र- छात्राओं को पढ़ाई के दौरान ही कौशल विकास से जोड़ने के लिए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रोजेक्ट प्रवीण का असर दिखने लगा है। कक्षी 9वीं से 12वीं तक के 61 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों नि:शुल्क स्किल ट्रेनिंग और नए जमाने के कोर्स के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रोजेक्ट प्रवीण'' माध्यमिक शिक्षा और उप्र कौशल विकास मिशन के बीच हुए एक एमओयू के तहत संचालित किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य राज्य के एजुकेशन सिस्टम और करिकुलम को नया रूप देना है। प्रोजेक्ट प्रवीण की शुरुआत वर्ष 2022-23 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। इस दौरान प्रदेश के 150 राजकीय माध्यमिक बालक एवं बालिका विद्यालयों में 20,582 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भी इस योजना से जोड़े गए हैं, जिनमें 3,450 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी तरह, वर्ष 2023-24 में प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत कुल 315 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को शामिल किया गया है। इन संस्थानों के जरिए अब तक 61,400 विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार चुने हुए ट्रेड्स में जैसे आईटी सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटीशियन, हेल्थकेयर, अपैरल, अकाउंटिंग आदि में नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया गया।

### दोबारा सर्वे के आदेश से विस्थापितों में जगी आस

**अमृत विचार, लखनऊ :** कश्मीर के विस्थापित परिवारों में एक बार फिर दिन बहुरने की आस जगी है। अयोध्या और गाजियाबाद में बदहाली झेल रहे परिवारों की वास्तविक स्थिति का सर्वे दोबारा कराया जाएगा। बता दें कि वर्ष 1990 में कश्मीर से 99 परिवार विस्थापित किए गए थे। इनमें से एक परिवार अयोध्या में बस गया और शेष परिवार नोएडा में रहकर जीवन यापन कर रहे हैं। सभी को वर्ष 1992 से 750 रुपये प्रतिमाह की दर से पेंशन दी जा रही है। इनको रहने के लिए जनता फ्लैट दिए गए हैं। नोएडा के आठ और अयोध्या के एक परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं है। यह नौ परिवार आर्थिक बदहाली का दंश झेल रहे हैं और एक ही कमरे के फ्लैट में गुजर बसर कर रहे हैं। वर्ष 1992 से इनकी पेंशन की धनराशि में आज तक बढ़ोतरी नहीं हुई है। इनकी पेंशन बढ़ाने और अन्य सुविधाएं देने के लिए एक प्रस्ताव समाज कल्याण निदेशालय ने तैयार किया था और शासन को भेजा था, मगर कोई निर्णय नहीं हो सका। विभागीय अधिकारियों की मानें तो अब दोबारा से सर्वे करने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी अयोध्या और गाजियाबाद को दिए गए हैं। समाज कल्याण दोबारा सर्वे रिपोर्ट आने के बाद प्रस्ताव बनाकर नए वित्तीय वर्ष में शासन को भेजा जाएगा।





मुख्य अतिथि
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति
केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | भूपेन्द्र सिंह चौधरी, सदस्य, विधान परिषद
सुरेश कुमार खन्ना, मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य उत्तर प्रदेश | सूर्य प्रताप शाही, मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान उत्तर प्रदेश | ए.के. शर्मा, मंत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत, उत्तर प्रदेश | बलदेव सिंह औलख, राज्य मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, उत्तर प्रदेश | डॉ. सोमेन्द्र तोमर, राज्य मंत्री, ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा, उत्तर प्रदेश

दिनांक : 7 मार्च, 2024 | समय : अपराह्न 4:00 बजे | स्थान : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर, लखनऊ

विशेषताएं
- निजी नलकूप संचालक किसानों के बिजली बिल में 100% छूट दिए जाने का प्रावधान
- दिनांक 1 अप्रैल, 2023 के बाद से कोई बिल नहीं देय होगा, पहले के बकाया बिलों पर ब्याज रहित भुगतान की योजना
- टैरिफ कैटेगरी-एल.एम.वी.-5 (निजी नलकूप) के उपभोक्ताओं को ही योजना का लाभ मिलेगा

समस्त किसान शीघ्र पंजीकरण कराएं
योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए समस्त किसान www.uppcl.org पर शीघ्र अपना पंजीकरण कराएं, इसके अतिरिक्त किसी भी विभागीय खंड/उपखंड कार्यालय, विभागीय कैश काउंटर अथवा जनसेवा केंद्र में भी पंजीकरण करवाकर छूट प्राप्त करें

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

जो कहा वो कर दिखाया, डबल इंजन सरकार ने वादा निभाया

ऊर्जा विभाग, उत्तर प्रदेश | सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

## एक नजर

### 75 ग्राम मार्फीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनी कटरा थाने की पुलिस ने बुधवार को मादक पदार्थों के एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 75 ग्राम मार्फीन बरामद की है। इसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 7 लाख 50 हजार रुपये बताई जाती है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी महेश उर्फ सुरेश कुमार निवासी करमेमऊ थाना लोनीकटरा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया।

### तमंचा-कारतूस के साथ दो शातिर पकड़े गए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** फतेहपुर थाने की पुलिस ने बुधवार को दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से अवैध तमंचे और कारतूस बरामद किए। पुलिस के मुताबिक दिलीप उर्फ छोटू निवासी मोहल्ला अकील शाह बाबा मजार त्रिलोकपुर थाना मसौली व सुरेन्द्र रावत निवासी मोहल्ला बीबीपुर थाना फतेहपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत दोनों को जेल भेज दिया।

### 37 लीटर कच्ची शराब बरामद, तीन आरोपी बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** असंद्रा थाने की पुलिस ने बुधवार को 37 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, रामभरोसे निवासी ग्राम पण्डित पुरवा मजरे टाण्डा थाना असन्द्रा, महेश निवासी ग्राम जरगांवा थाना असन्द्रा व मातादीन निवासी ग्राम अशरफपुर को गिरफ्तार किया गया।

### पांच जुआरी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बदोसराय पुलिस ने बुधवार को जुआ खेलने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़े गए लोगों में शिवराम, मो. असलम, दिलीप, कल्लू व उमेश शामिल हैं। आरोपियों के पास से ताश के 52 पत्ते व 3860 रुपये बरामद किए गए।

# नहीं नीलाम होगी केडी सिंह बाबू की कोठी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**बनेगा संग्रहालय**

- अदालत ने लगाई रोक, सभी परिजन भी हुए राजी
- शासन ने जिलाधिकारी को नियुक्त किया रिसीवर

**अमृत विचार:** प्रख्यात हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू की कोठी की नीलामी पर अपर जिला सत्र न्यायालय कोर्ट नं. 16 ने रोक लगा दी है। अब इस कोठी को संग्रहालय का रूप दिया जाएगा। इसमें केडी सिंह बाबू की स्मृतियां संजोई जाएंगी। संग्रहालय में एक फोटो गैलरी का भी निर्माण किया जाएगा। इस फोटो गैलरी में विभिन्न अवसरों पर लिय गए केडी सिंह बाबू के चित्रों को दर्शाया जाएगा। इसके लिए केडी सिंह बाबू का पूरा परिवार राजी हो गया है। शासन ने डीएम को रिसीवर नियुक्त किया है।

इसके पूर्व अदालत ने 7 मार्च तक सभी किराएदारों को कोठी खाली करने का निर्देश दिया था। 11 मार्च को कोठी की नीलामी होनी थी। इसके लिए खरीदारी के इच्छुक 9 लोगों ने कोठी देखी थी। अदालत के निर्णय के बाद ही पूरे जिले के लोग सकते में आ गए थे। जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर केडी सिंह बाबू की कोठी को संग्रहालय बनाने का अनुरोध किया था।

इस पर उन्होंने जिला अधिकारी को इस संदर्भ में प्रयास करने के लिए निर्देशित किया था। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद उन्होंने केडी सिंह बाबू की कोठी के सभी दावेदारों से बातचीत की। उन्हें इस बात के लिए राजी किया कि वह कोठी को संग्रहालय बनाने के लिए सरकार को सौंप दें। वे सभी लोग राजी हो गए। अदालत ने भी नीलामी पर रोक लगा दी है। अब इसे संग्रहालय का रूप देने के लिए विस्तृत प्लान तैयार कर सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। मंजूरी मिलते ही इस पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कोठी देश की धरोहर है। लोगों की भावना इससे जुड़ी हुई है। इसे इस तरह सुसज्जित किया जाएगा ताकि भावी पीढ़ी को इससे प्रेरणा मिल सके।

### विश्व के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी थे केडी सिंह बाबू

केडी सिंह बाबू का अंतरराष्ट्रीय हॉकी जगत में बड़ा नाम है। बाराबंकी में भी उनके चाहने वालों की बड़ी संख्या है। 14 वर्ष की अवस्था में देवा मेला के खेल मैदान से अपनी खेल प्रतिभा का परिचय देकर केडी सिंह बाबू अंतरराष्ट्रीय खेल जगत पर छा गए थे। उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी माना जाता है। इसी कारण से उन्हें हेल्म्स थर्ड फाउंडेशन ने उन्हें हेल्म्स ट्रॉफी प्रदान की थी। जिसे अंतरराष्ट्रीय जगत में खेल का नोबेल पुरस्कार माना जाता है।

### न्यायालय के फैसले का किया गया स्वागत

कोठी की नीलामी पर रोक लगने के बाद केडी सिंह बाबू जन्मशती स्मृति समिति के अध्यक्ष एवं गोरखपुर से एमएलसी सीपी चन्द, संरक्षक अरविन्द कुमार सिंह गोप, केडी सिंह बाबू के पुत्र विश्वविजय सिंह, संयोजक राजनाथ शर्मा, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी सलाउद्दीन किदवई, सामाजिक कार्यकर्ता अजय सिंह गुरुजी, अधिवक्ता हिसाल बारी किदवई, समाजसेवी विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, अताउर्रहमान, अशोक शुक्ला ने न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। उम्मीद जताई है कि जल्द ही जनहित में राज्य सरकार केडी सिंह बाबू की कोठी को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में विकसित करके खेल प्रेमियों को तोहफा देगी। इस कोठी में कुंवर दिग्विजय सिंह का जन्म हुआ था। जिनके पिता राय बहादुर रघुनाथ सिंह प्रसिद्ध वकील, सामाजिक कार्यकर्ता और टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी थे। उनके बड़े भाई कुंवर राजेंद्र सिंह ने भरत चरित्र नामक एक ग्रंथ लिखा था।

## दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की कैद

**बाराबंकी अमृत विचार:** नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी पाए गए युवक को अदालत ने 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसी मामले में नामजद दो अन्य को दोषमुक्त कर दिया है। न्यायालय ने अभियुक्त पर 27 हजार रुपए का अर्थदंड भी ठोंका है।

पुलिस के मुताबिक 21 अप्रैल 2017 को एक पिता ने नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के सम्बन्ध टिकैतनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें तीन लोगों सुरेश, रिंकू, सुभाष निवासी बांसगांव थाना टिकैतनगर को नामजद किया गया था। पुलिस ने तीनों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया था। अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर सुरेश को 10 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई। रिंकू व सुभाष को दोषमुक्त कर दिया।

# हादसों में पिता-पुत्र सहित तीन की मौत

## बेकाबू रफ्तार : हैदरगढ़ और मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्रों में हुईं दुर्घटनाएं




कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले में बुधवार को अलग-अलग हुई दो दुर्घटनाओं में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। दोनों ही घटनाओं में दुर्घटना के शिकार हुए लोग बाइक से जा रहे थे। इनमें से पिता-पुत्र पड़ोसी जनपद अमेठी जिले के निवासी थे। हादसे की सूचना मिलते ही परिवारवालों में कोहराम मच गया।


पिता-पुत्र की मौत के बाद बिलखते परिजन।

हैदरगढ़-रायबरेली मार्ग पर त्रिपुला के निकट बुधवार की दोपहर डम्पर की चपेट में आने से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। अमेठी के थाना शिवरतनगंज के टिकुरी गांव निवासी रामराज (50) अपने पुत्र नरेन्द्र (19) के साथ बाइक से बुधवार को दिन में लगभग साढ़े 11 बजे किसी कार्यवश हैदरगढ़ आ रहे थे। रास्ते में त्रिपुला से पहले स्थित लकड़ी की ठेकी के निकट बेकाबू डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। मौके पर ही पिता-पुत्र की मौत हो गई। पुलिस ने शिनाख्त के बाद हादसे की सूचना परिजनों को दी। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सूचना मिलते ही परिवारवाले रोते-बिलखते हुए मौके पर पहुंचे। परिवार में एक साथ दो मौतों से कोहराम मच गया।

दूसरी घटना मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में हुई। ग्राम दुदंपुर निवासी सुमित कुमार वर्मा पत्नी चांदनी (25) के साथ बुधवार को बाइक से दवा लेने बेलहरा जा रहे थे। बेलहरा-छेदा मार्ग पर ग्राम गंगापुर के निकट सामने से आ रही पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी।

दुर्घटना में पति-पत्नी घायल हो गए। जब तक उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जाता तब तक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

## ससुराल गए युवक की संदिग्ध हालात में मौत

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** ससुराल गए युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। बुधवार की सुबह उसका शव गांव से तीन सौ मीटर दूर रास्ते मे पड़ा मिला। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल अब तक किसी के खिलाफ नामजद तहरीर नहीं दी गई है।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के टेपरा नहरवल गांव निवासी मलखान चौहान (30) की भीखमपुर गांव में ससुराल है। वह मंगलवार शाम घर से साइकिल ससुराल के लिए निकला था। वह देर रात तक घर नही लौटा। बुधवार की सुबह मलखान का शव गांव से तीन सौ मीटर दूर स्थित बुढ़वा बाबा के निकट रास्ते पर पड़ा मिला। शव के पास ही उसकी साइकिल भी पड़ी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है। चर्चा है कि युवक नशे का आदी था इससे उसकी मौत हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अतिरिक्त इंस्पेक्टर अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

# मांगों के समर्थन में राज्यकर्मियों का धरना

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** इंडियन पब्लिक सर्विस इम्पलाइज फेडरेशन (इप्सेफ) के आह्वान पर लंबित मांगों के समर्थन में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर सत्याग्रह कर धरना दिया। इस दौरान कर्मचारियों ने मांगों के समर्थन में नारेबाजी की।



गन्ना दफ्तर में धरना देते राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारी।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष डॉ. आरपी सिंह बिसेन के नेतृत्व में गन्ना कार्यालय परिसर दिए गए इस धरने में कर्मचारी नेताओं ने मांगों को तुरंत पूरा करने की मांग की। संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ. कमल कुमार सिंह ने बताया कि इप्सेफ की प्रमुख तीन मांगें हैं। इनमें पुरानी पेंशन योजना की बहाली, आठवें वेतन आयोग व स्थाई राष्ट्रीय वेतन आयोग के गठन तथा हर प्रकार की ठेकेदारी प्रथा जैसे कि संविदा, आउटसोर्सिंग, वर्क चार्ज, दैनिक वेतन भोगी कर्मी आदि को समाप्त कर कार्यरत कर्मियों को उनके कार्य स्थलों पर नियमित करने की मांग अरसे कर रहे हैं। जिला मंत्री अनुज कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रमेश कुमार वर्मा, विकास भवन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मो. मुस्तफा खां, पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के जिला मंत्री पंकज वर्मा, धर्मेंद्र सिंह वर्मा, वीर प्रकाश वर्मा, प्रशांत कुमार, राजस्व निरीक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुनील शुक्ला, वीपी सिंह, अविनाश द्विवेदी, कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष तेज प्रताप वर्मा, एनएचएम संघ के मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र भारती, डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसो. के जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला, अवनीश द्विवेदी, डॉ सूर्य प्रकाश आदि मौजूद थे। धरने के बाद कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तथा मुख्य सचिव को सम्बोधित ज्ञापन डीएम के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार सदर अभिनव सिंह को सौंपा।

# बिहार के अफसरों ने देखी चीनी मिल

हैदरगढ़, बाराबंकी

**दौरा**

- चीनी बनाने की तकनीक की ली जानकारी

**अमृत विचार :** भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. वीके सिंह और कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ के डॉ. समीर कुमार पाण्डेय की अगुवाई में बिहार की चीनी मिलों के अधिकारियों की 15 सदस्यीय टीम ने हैदरगढ़ चीनी मिल का भ्रमण किया। उन्होंने चीनी बनाने का तरीका देखा तथा वर्तमान पेराई सत्र में चीनी मिल के संचालन की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने चीनी मिल में गन्ने के उन्नत बीज संवर्धन एवं विकास के लिए स्थापित निजी क्षेत्र की अत्याधुनिक तकनीक एवं सुविधायुक्त टीशू कल्चर लैब, विकसित किये गये गन्ने की पौधशाला, गन्ना फार्म एवं मिल संचालन को भी देखा।

इस अवसर पर चीनी मिल के उप महाप्रबन्धक (गन्ना) धर्मेश मेहरोत्रा व मुख्य प्रबन्धक (मानव संसाधन) पुनीत मिश्र सहित चीनी मिल के अधिकारी उपस्थित रहे। टीम को अवगत कराया गया कि चीनी मिल द्वारा किसानों से क्रय किये गये गन्ना मूल्य का शत-प्रतिशत समय से भुगतान की व्यवस्था सहित लाभकारी गन्ने की खेती को प्रोत्साहन देने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। उन्हें यह भी अवगत कराया गया कि चीनी मिल में गन्ने की पेराई व विद्युत उत्पादन का कार्य वर्ष 2003 से अब तक अनवरत चल रहा है। यह क्षेत्र जो कभी ऊसर व बांगड़ के नाम से जाना जाता था, आज चीनी मिल की वजह से हरा-भरा होने के कारण पर्यावरणीय सन्तुलन बना हुआ है। साथ ही साथ प्रत्यक्ष रूप से स्थानीय निवासियों को रोजगार मिला है।

# कबड्डी में कुसुम्भा की टीम ने मारी बाजी

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** नेहरू युवा केंद्र द्वारा दो दिवसीय ब्लॉकस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीण स्टेडियम बैसुआ में किया गया। उद्घाटन विहिप के जिला विशेष संपर्क प्रमुख तुलसीराम चौहान ने किया। 100 मीटर दौड़ बालिका में माही प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय, शुभी तृतीय रहीं। बालक में रवि प्रथम, सोनू द्वितीय व शिवा तृतीय रहे। कबड्डी में बालक व बालिका वर्ग की कुसुंभा विजेता रही। विजयी खिलाड़ियों को कोतवाली देवा के अतिरिक्त निरीक्षक मुस्तकीम अहमद तथा एसआई उदय प्रताप सिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर नेहरू युवा मंडल के सदस्य आकाश, विकास, आनंद, सुधीर, आलोक, पीतांबर आदि थे।


छात्रा को पुरस्कृत करते एसआई।

## मतदाता जागरूकता को पुष्प प्रदर्शनी 11 को

**बाराबंकी, अमृत विचार:** डीएम सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर 11 मार्च को ऑफ़िसर्स क्लब, तहसील नवाबगंज में सुबह दस बजे से एक दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी मंडलायुक्त के निर्देश पर लगायी जाएगी। डीएम ने बताया कि इस पुष्प प्रदर्शनी में कलात्मक पुष्प सज्जा तथा मौसमी फूलों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा तथा जिले में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदाताओं में जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। ज़िलाधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए सीडीओ को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# मंदिर के सामने से हटाया गया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** बुधवार को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नागेश्वर नाथ मंदिर के सामने स्थित नाले पर अतिक्रमण कर बनाए गए मंदिर को ढहा दिया। दुकानें भी गिरा दी गई। नाले पर बने जर्जर मकानों को भी ध्वस्त किया जाएगा। इसके साथ ही हनुमान मंदिर के सामने का हिस्सा पूरी तरह साफ कर दिया गया।

यह पहला अवसर है जब जिला प्रशासन ने मंदिर के आसपास किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए इतनी बड़ी कार्रवाई की। मंदिर के आसपास आक्रमण कर बनाई गई दुकान और मकान भी ध्वस्त किए जाएंगे। जिन लोगों के पास आधार कार्ड थे उन्हें आवास भी मुहैया करा दिया गया है। जिनके पास आधार कार्ड नहीं हैं, उन्हें तुरंत परिसर को खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। महाशिवरात्रि से पहले की गई इस कार्रवाई से श्रद्धालुओं को जलाभिषेक करने में आसानी होगी। मंदिर के आसपास होने वाले जलभराव को रोका जा सकेगा। नाले का पुनर्निर्माण भी कराया जाएगा। नागेश्वरनाथ मंदिर को पहले ही पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा चुका है। आसपास का अतिक्रमण इस मंदिर के सौंदर्य में ग्रहण जैसा लग रहा था। डीएम सत्येंद्र कुमार ने बताया कि नागेश्वरनाथ मंदिर के सामने के हिस्से में मंदिर का रूप दिया गया था। उसे हटाकर हनुमान मंदिर के सामने का हिस्सा साफ कर दिया गया है। नाले पर बनाई गई दुकानें भी तुड़वा दी गई हैं। जो लोग वहां रह रहे थे उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया है।


नागेश्वर नाथ मंदिर के सामने से हटाया गया अतिक्रमण।

**कवायद** 26 करोड़ की लागत से बनेंगे नाले, 3 .50 करोड़ से विवाह घर का कराया जाएगा निर्माण

# अधिसूचना से पूर्व कई बड़ी परियोजनाओं पर शुरू होगा कार्य

सतीश श्रीवास्तव बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ही जिले में कई बड़ी परियोजनाओं पर कार्य शुरू होने जा रहा है। शहर के सभी मुख्य मार्गों पर नाले के निर्माण के लिए 26 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। जमुरिया नाले के किनारे अतिक्रमण से मुक्त कराई गई जमीन पर 3.50 करोड़ रुपए की लागत से विवाह घर बनाने की तैयारी है।

विवाह घर के लिए जगनेहटा में 8.30 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। इस विवाह घर के निर्माण के बाद शहरवासियों को कम लागत में एक बेहतरीन मैरिज लॉन मिल सकेगा। योजना पर काम शुरू किया गया है। जमुरिया नाले की सफाई से निकल रही मिट्टी से मैरिज लॉन की जमीन की पटाई की जा रही है।

नाले की सफाई, मैरिज लॉन और नए नालों के निर्माण का कार्य नगर पालिका को सौंपा गया है। असेनी तिराहे से चौपुला तक शहर की सड़क के चौड़ीकरण का प्रस्ताव जरूर अधर में लटक गया है। इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिल सकी है।

सरकार ने सिर्फ 900 मी सड़क को चौड़ा करने की स्वीकृति प्रदान की है। यह कार्य जेब्रा पार्क से लेकर चौपुला तक चुनाव से पहले ही शुरू करने पर प्रशासन विचार कर रहा है। हालांकि प्रशासन इस बात पर भी विचार कर रहा है कि पूरी परियोजना के लिए पैसा मिलने के बाद ही कार्य प्रारंभ कराया जाए। न मिलने की स्थिति में फिलहाल जेब्रा पार्क से चौपुला तक सड़क को चौड़ा कर डिवाइडर का निर्माण कराया जाएगा।

### मार्ग चौड़ीकरण व डिवाइडर निर्माण को मिला बजट

शहर और जिले के विकास के लिए हमने कई बड़ी परियोजनाएं तैयार की थीं। कुछ का पैसा मिल गया है। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ही काम शुरू कर सकेंगे। इनमें सबसे महत्वपूर्ण शहर में नालों का निर्माण व विवाह घर का निर्माण शामिल है। जमुरिया नाले की सफाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है। जेब्रा पार्क से चौपुला तक सड़क को चौड़ा कर डिवाइडर बनाने के लिए बजट की स्वीकृति मिल गई है।

–**सत्येंद्र कुमार**, जिलाधिकारी

### महादेवा कॉरिडोर को एक करोड़ का टोकन बजट

महादेवा कॉरिडोर के निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद अब एक करोड़ की टोकन मनी के साथ वित्तीय स्वीकृति भी मिल गई है। इससे कॉरिडोर निर्माण की दिशा में प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। हालांकि सिर्फ मुआवजा देने के लिए ही जिला प्रशासन ने 50 करोड रुपए मांगे थे। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार का कहना है कि महादेवा कॉरिडोर का काम शुरू करने से पहले संबंधित को मुआवजा देकर पूरी जमीन को समतल करना पड़ेगा। इसके बाद ही नए सिरे से इसका प्लान, नक्शा और एस्टीमेट तैयार किया जा सकेगा। हमने अनुरोध किया था कि यदि पूरा पैसा नहीं मिल सकता है तो कम से कम एक करोड़ का टोकन बजट अलॉट कर दिया जाए जो हमें मिल गया है।

## अविवादित दाखिल-खारिज के मामलों में त्वरित कार्यवाही की मांग

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** वादकारियों के हित में अविवादित मामलों में निर्णय देने में त्वरित कार्यवाही एवं स्थानीय राजस्व न्यायालयों में व्याप्त अनियमितताओं को दूर किये जाने की मांग को लेकर बार संघ की बैठक हुई। इसमें समस्याओं के निस्तारण के लिए एसडीएम से त्वरित कार्यवाही की मांग की गयी है।

मंगलवार को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर राजस्व न्यायालयों में व्याप्त अनियमितताओं तथा कार्यों में हो रही देरी को खत्म किये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया था। इसे लेकर बुधवार को दि बार एसोसिएशन द्वारा बार संघ अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम की अध्यक्षता में बार सभागार में आयोजित बैठक में कई अधिवक्ताओं द्वारा यह मांग की गयी कि कागज दुरूस्ती तथा खतौनी में आदेशों के अंकन एवं अविवादित दाखिल खारिज के मामलों में त्वरित कार्यवाही नही की जाती है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से महामंत्री संजय सिंह, हरिनाम सिंह वर्मा, टी पी मिश्रा, राजीव नयन तिवारी, बब्बू दीक्षित, अवधेश श्रीवास्तव, संजय सिंह, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

# पूरा देश पीएम मोदी का परिवार : राज्यमंत्री

## जिले के करीब दो दर्जन स्थानों पर एलईडी स्क्रीन के जरिये कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम मोदी का संबोधन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सांसद का वीडियो वायरल होने के बाद तीन दिन कोमा में रही भाजपा बुधवार से फिर सक्रिय हुई। नारी शक्ति वंदन और गांव-परिक्रमा कार्यक्रम को लेकर जनता के बीच पहुंची। दो दर्जन स्थानों पर एलईडी स्क्रीन के जरिए कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। भाजपा नेताओं ने पार्टी और सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

दरियाबाद ब्लॉक सभागार में लाइव प्रसारण से पूर्व अपने संबोधन में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी का परिवार है। विपक्ष प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता से बौखलाया विपक्ष अनर्गल आरोप लगा रहा है। देश की जनता लोकसभा चुनाव में विपक्ष को सबक सिखाएगी। जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने नगर पालिका सभागार में, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने ब्लॉक सभागार फतेहपुर में, चेयरमैन जगदीश गुप्ता एवं ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह ने पूरे डलई ब्लॉक सभागार में नारी संवाद कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर डॉक्टर रामकुमारी मौर्य, गुरुशरण लोधी, रामेश्वरी त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

**एलईडी स्क्रीन से देखा सजीव प्रसारण : कोठी।** सिद्धौर ब्लॉक सभागार में शक्ति वंदन अभियान स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ संपर्क समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन एलईडी स्क्रीन के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सुना। इस मौके पर सिद्धौर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत, बीडीओ पूजा सिंह, मंडल अध्यक्ष कमल पटेल, प्रवीण कुमार सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष सतनाम वर्मा, ग्राम प्रधान कोठी शिवनंदनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**सिरौलीगौसपुर :** नारी शक्ति वंदन अभियान के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण ब्लॉक सभागार सिरौलीगौसपुर में बीडीओ अमित त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि हरगोविंद सिंह ने उपस्थित समूह की महिलाओं को सम्बोधित करते कहा कि हमारी केन्द्र व प्रदेश की सरकारें किसानों, नौजवानों के साथ-साथ महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए अनेक कार्यक्रम चला रही है। प्रधानमंत्री ने लोकसभा में मातृ शक्तियों को आरक्षण भी दिया है। देश के सर्वोच्च सदन में आरक्षण देकर महिलाओं की निश्चित संख्या को प्रतिनिधित्व का अवसर देने जा रही। नगर पंचायत रामनगर के चेयरमैन रामशरण पाठक ने उज्ज्वला गैस योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, अमित पाण्डेय, बीएमएम इमरान, अंजली यादव, बद्री प्रसाद ने कार्यक्रम में आयी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत आनन्द कुमार सिंह, एडीओ कोआपरेटिव आशीष कुमार वर्मा, अंकित वर्मा आदि उपस्थित रहे। ब्लॉक हैदरगढ में भी 100 महिलाओं ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना। बीडीओ ने समूह की महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने तथा अपने समूह की सभी महिलाओं के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए आगे आने की अपील की। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में नारी को सशक्त बनाने के लिए विधान सभा एवं लोकसभा में 33% आरक्षण दिलाकर उन्हे सशक्त बनाने का काम किया। इस मौके पर कई अधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


दरियाबाद ब्लाक सभागार में कार्यक्रम को संबोधित करते खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार


कार्यक्रम को संबोधित करते नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश गुप्ता।


प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन सुनते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### किसान मोर्चा ने चलाया गांव परिक्रमा अभियान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भाजपा किसान मोर्चा के तत्वावधान में गांव परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी किसानों की आय दोगुनी करने के प्रयास में निरंतर जुटे हुए हैं। बीते दस वर्षों में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की गई है। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष आशुतोष अवस्थी, राजेश वर्मा, रामचंद्र वर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### मतदाताओं ने बूथ पर वोट डालने का किया रिहर्सल

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी पवन कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को पीजी कॉलेज के कक्ष में मतदाता जागरूकता के लिए मॉक पोल का अभ्यास किया गया। बूथ वार मतदाताओं की लाइन लगवाकर मतदाता पहचान पत्र व पर्ची देकर वोटर लिस्ट पर क्रमांक एवं मतदाता का नाम जांचने के बाद बैलेट पेपर देकर दाहिने हाथ की उंगली में स्याही लगाकर वोट डलवाए गए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कौशलेंद्र विक्रम मिश्रा ने कहा कि 18 वर्ष से अधिक विद्यार्थियों का नाम मतदाता सूची में बढ़ाने के लिए फॉर्म-6 के माध्यम से पंजीकरण करवाकर, ऑनलाइन आवेदन करवाएं। इसके अलावा मतदाताओं को चुनाव के संबंध में शिक्षित करना व उनकी सहभागिता बढ़ाने का संकल्प कराया। इस मौके पर प्रोफेसर डॉ संजय तिवारी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### महीनों से नहीं खुला पशु सेवा केंद्र का ताला

**हरख, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत पशु सेवा केंद्र से पशुधन प्रसार अधिकारी नदारद हैं। केंद्र पर ताला लगा है। किसान पशुओं के इलाज के लिए दर-दर भटक रहे हैं। विकास खंड हरख स्थित बांग्ला बाजार पर संचालित पशु सेवा केंद्र पर महीनों से ताला लटक रहा है। क्षेत्र के अकबरपुर निवासी किसान वंशराज, पारसनाथ तथा बांग्ला बाजार निवासी कल्लू, रिंकू, शिवकुमार राज बहादुर रंजीत भोला आदि किसानों का आरोप है कि यहां पर तैनात पशुधन प्रसार अधिकारी अनिल कुमार दो महीनों से नहीं आ रहे हैं। केंद्र पर ताला लगा रहता है। हरख पशु चिकित्सा अधिकारी भानु प्रताप ने बताया कि केंद्र न खोलने की उन्हें जानकारी नहीं है। इस मामले की जांच कराई जाएगी।

# वादों तक सीमित रहा ओवरब्रिज का निर्माण

काशीनाथ दीक्षित, दरियाबाद
बाराबंकी

**अमृत विचार :** अयोध्या-लखनऊ रेल मार्ग पर बढ़ी ट्रेनों की संख्या से दरियाबाद-भिटरिया मार्ग पर पड़ने वाली रेलवे क्रासिंग अब आम राहगीरों के लिए मुसीबत बन चुकी है। यहां रोज ही जाम लगता है। इस क्रासिंग पर ओवरब्रिज के निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ।

ज्ञात हो कि बीते 22 नवंबर को दरियाबाद के जेठौती राजपूतान पहुंचे प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने दरियाबाद-भिटरिया मार्ग पर पड़ने वाली रेलवे क्रासिंग पर उपरिगामी सेतु सहित लगभग सौ करोड़ की लागत की एक दर्जन परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया था। इन कार्यों में सर्वाधिक लागत लगभग 76 करोड़ की परियोजना दरियाबाद-भिटरिया मार्ग पर पड़ने वाले रेलवे गेट संख्या 156 ए पर बनने वाले उपरिगामी सेतु का है। बताया जाता है कि ओवरब्रिज निर्माण को लेकर 8 करोड़ 75 लाख की पहली किस्त भी जारी हो चुकी। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने विभाग के मुख्य अभियंता बीपी सिंह को मंच पर बुलाकर काम कब शुरू करने का सवाल भी पूछा था। मुख्य अभियंता ने जल्द काम शुरू होने की बात कही थी लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है।


दरियाबाद-भिटरिया क्रासिंग पर लगा जाम।

## सार-संक्षेप

### सर्पदंश के त्वरित उपचार को किया जागरूक


नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते सृजन शक्ति वेलफेयर सोसाइटी के कलाकार।

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सर्पदंश के त्वरित उपचार को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पर सृजन शक्ति वेलफेयर सोसाइटी के कलाकारों ने टीम लीडर गुड़िया के निर्देशन में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी को सांप डसता है तो तत्काल रस्सी व कपड़े की चिट से सांप के डसने के निशान से कुछ दूरी पर मजबूती से बांधे दे और झाड़ फूंक के चक्कर में न पड़कर नजदीकी अस्पताल पर इलाज करवाएं। कार्यक्रम में सौम्या, साजिद, विजय, के साथ तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### किन्नरों को किसान यूनियन में दिए गए दायित्व


किसान यूनियन के पदाधिकारी बनाए गए किन्नर। अमृत विचार

**रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भदौरिया केंद्रीय कार्यालय गणेशपुर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर हाकिम सिंह भदौरिया द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए गुड्डन किन्नर निवासी डालीगंज लखनऊ को प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा व सबा किन्नर को मंडल अध्यक्ष लखनऊ पद पर मनोनीत किया गया। इसी क्रम में प्रिया किन्नर को जिला प्रभारी लखनऊ बनाया गया है। वही ललिता तिवारी किन्नर निवासी गणेशपुर महादेवा को जिला प्रभारी बाराबंकी महिला मोर्चा व कमलेश गुरु को जिला कार्यकारिणी सदस्य बाराबंकी, नंदनी जायसवाल किन्नर अम्लोरा को तहसील प्रभारी रामनगर महिला मोर्चा पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बाराबंकी रविंद्र कुमार सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

# महादेवा में शिवमय हुआ माहौल

रामनगर, बाराबंकी:

**अमृत विचार :** उत्तर भारत के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा धाम श्रद्धालुओं के हर हर बम बम के जयकारों से गूंज रहा है। पूरा महादेवा क्षेत्र महाशिवरात्रि के पूर्व ही शिवमय हो गया है। बड़ी संख्या में दूरदराज के जिलों से आए शिव भक्त महादेवा मेला परिसर में बने छोटे-बड़े मठ मंदिरों पर ओम नमः शिवाय का जाप, हवन पूजन और भंडारे का आयोजन कर रहे हैं। 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु लोधेश्वर महादेवा धाम में पूजन अर्चन करेंगे। इसके लिए मेला प्रशासन व्यवस्थाओं में जुट गया है। राजस्व व पुलिस प्रशासन द्वारा बहोनिया तालाब के शिविर लगाकर शिव भक्तों की रामप्यारियों को जिलावार जमा करवाकर टोकेन दिया जा रहा है। उप जिलाधिकारी पवन कुमार, सीओ आलोक पाठक, थाना प्रभारी रत्नेश पांडेय, चौकी प्रभारी संतोष त्रिपाठी लगातार भ्रमण कर मेले की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

### कांवरियों की सेवा के लिए लगाया स्टाल

विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा बुढ़वल चौराहा स्थित कार्यालय के सामने श्रद्धालुओं व कांवरियों के लिए तीन दिवसीय नि:शुल्क चाय, पानी व चिकित्सा सेवा शिविर की शुरुआत रामकिशोर शुक्ला व प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय व प्रबंधक चंद्रकांत मिश्रा ने संयुक्त रूप से महादेवा व प्रभु श्री राम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर की। श्री शुक्ला ने कहा कि भक्तों की सेवा का कार्य सबसे पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य से सामाजिक समरसता का भाव जाग्रत होता है। इस अवसर पर पर एजीबी के प्रबंधक अभिनव द्विवेदी, आशीष, राजेश, शोभित, इंद्रेश, डॉ. राजेंद्र समेत बड़ी संख्या में शिवभक्त मौजूद रहे।


लोधेश्वर महादेवा में बुधवार को जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# महाशिवरात्रि पर परीमाता मंदिर में लगेगा मेला

हरख, बाराबंकी

**अमृत विचार :** क्षेत्र स्थित परी माता मंदिर पर शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी विशाल मेले का आयोजन किया गया है। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

सतरिख थाना क्षेत्र के अंतर्गत करीमाबाद मलौली के शेखपुर गांव स्थित गोमती नदी के तट पर परीमता का विशाल मंदिर बना हुआ है। यहां पर महाशिवरात्रि के दिन मेला लगता है। इस अवसर पर दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर में प्रकाश व्यवस्था के लिए लाइट लगाई जा रही है तथा रंगाई-पुताई व साफ सफाई की जा रही है। मेला ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद वर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं लाइट व्यवस्था के लिए इंतजाम किए गए हैं।


परी माता मंदिर।

### जंगल में पेड़ काटते युवक को पकड़ा, तीन आरोपी फरार

**मनकापुर, गोंडा :** वन विभाग की टीम ने जंगल में चोरी से सागौन का पेड़ काटते हुए एक युवक को मौके से पकड़ लिया। चार अन्य लोग मौके से अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गये। वन दरोगा की तहरीर पर तीन नामजद व दो अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। सादुल्लाहनगर रेंज के ऐलनपुर बीट वन दरोगा कैलाश नाथ शुक्ल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि मंगलवार रात हमराही गुरुबचन के साथ जंगल में गस्त के दौरान पेड़ काटने की आवाज सुनाई पड़ी। आवाज की तरफ जाकर टार्च जलाया तो देखा कि एक पेड़ सागौन का काटकर कुछ लोग उसका बोटा बना रहे थे। पूछताछ में अपना नाम सत्येन्द्र कुमार वर्मा बताया। बताया कि उसके साथ उसके चाचा हरिश्चन्द्र वर्मा तथा उसके साथी श्रवण कुमार गुप्ता व दो अन्य लोग आरक्षित वन क्षेत्र में चोरी से सागौन का पेड काटकर उसे ले जाना चाहते थे।

# रोज स्कूल जाएं छात्र : एसडीएम

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विकास खण्ड सिरौलीगापुर के राजकीय सभागार में हमारा आंगन हमारे बच्चे एवं राष्ट्रीय आविष्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसडीएम सिरौलीगौसपुर आनंद तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर अध्यापकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा टीएलएम प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में प्रत्येक न्याय पंचायत से 5 एवं कुल 8 न्याय पंचायत के 40 निपुण छात्र-छात्राओं को क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं के साथ ही समस्त 280 प्रतिभागियों को को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किया गया। इस मौके पर एसडीएम ने छात्र छात्राओं को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ अर्चना वर्मा, सोने लाल, शिवाजी मिश्र, आशुतोष वर्मा, अर्शिया खातून, पूनम वर्मा, शबीना इब्राहिम, पूनम शर्मा, राकीम अंसारी, शादाब अंसारी, आदर्श सिंह, सौरभ वर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।


बच्चे को पुरस्कृत करते एसडीएम सिरौलीगौसपुर आनंद तिवारी।

**वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन** — तीनों श्रेणी के जिले में हैं 1.75 लाख से अधिक पेंशनर, खातों में रकम पहुंचाने की तैयारी पूरी

# आचार संहिता लागू होने से पहले मिलेगी पेंशन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले जिले में पंजीकृत वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन के करीब पौने दो लाख लाभार्थियों के खातों में एक दो दिनों में पेंशन की धनराशि पहुंच जाएगी। गरीब बुजुर्गों के खातों में पेंशन की राशि पहुंचाने के लिए जहां समाज कल्याण विभाग ने भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर ली है। वहीं दूसरी ओर महिला कल्याण और दिव्यांग जनसशक्तीकरण विभाग द्वारा तो पेंशन की धनराशि भेजी भी जा रही है। शासन की मंशा है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले पेंशनार्थियों को पेंशन का इंतजार न करना पड़े।

बात अगर वृद्धा पेंशन की करें तो सरकार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले बुजुर्गों को एक हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन देती है। अब तक तीन तिमाही की राशि खातों में भेजी जा चुकी है। मार्च के दूसरे सप्ताह में आचार संहिता लागू होने की उम्मीद है। ऐसे में चौथी किस्त तीन से चार दिनों में खातों में पहुंच जाएगी। इससे पहले समाज कल्याण विभाग ने बुजुर्गों का डाटा ठीक कर भुगतान की औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। जैसे-जैसे अन्य पेंशनरों का बैंक खाता आधार से जुड़ने के बाद सत्यापन होगा, वैसे वैसे पेंशन उनके खातों में पहुंचनी शुरू हो जाएगी। समाज कल्याण विभाग में करीब एक लाख 16 हजार 767 वृद्धावस्था के पेंशनार्थी पंजीकृत हैं। इसी तरह महिला कल्याण विभाग द्वारा पति की मृत्यु के बाद पत्नी को दी जाने वाली विधवा पेंशन के रूप में भी एक हजार रुपये पेंशन देती है। विभाग में पंजीकृत करीब 48 हजार 768 विधवाओं के खातों में इस वित्तीय वर्ष की चौथी और अंतिम किस्त भेजना शुरू भी कर दी है। बताया जा रहा है कि आचार संहिता लागू होने से पूर्व सभी को पेंशन की धनराशि भेज दी जाएगी। इसी प्रकार दिव्यांग जनसशक्तीकरण विभाग में 20 हजार 185 पेंशनार्थी हैं। जिन्हें विभाग के माध्यम से एक हजार रुपये की पेंशन मिलती है। इन पेंशनार्थियों के खातों में भी अंतिम पेंशन किस्त की धनराशि भेजने की शुरुआत हो गई है। सरकार की मंशा के अनुरूप आचार संहिता लगने से पहले जिले में इन तीनों श्रेणियों के करीब एक लाख 75 हजार पेंशनार्थियों को समय से पहले तोहफा मिलेगा। नोडल व जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष की अंतिम किस्त भेजने की तैयारी पूरी कर ली गई है। विधवा व दिव्यांगों के खातों में पेंशन भेजी भी जा रही है। आचार संहिता लगने से पहले सभी को पेंशन मिलेगी।

### सरयू नहर में डूबने से युवक की गई जान

**इटियाथोक, गोंडा :** सरयू नहर में डूब कर युवक की मौत हो गई। बुधवार की सुबह युवक का शव उतराता हुआ मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्राम भोला जोत निवासी शिवपूजन उर्फ भद्रे (28) पुत्र मातादीन निवासी भोलाजोत चौहान पुरवा का शव दुल्हापुर पहाड़ी गांव के पास सरयू नहर में उतराता हुआ दिखाई दिया। युवक के भाई बाबूराम ने शव की पहचान कर पुलिस को सूचना दी।

### पाइप क्षतिग्रस्त होने से जलापूर्ति ठप, बढ़ी परेशानी

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत इटहियानबीजोत में निर्मित पानी की टंकी से जलापूर्ति होने वाले पाइप क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे अधिकांश ग्राम वासियो को स्वच्छ जल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ग्राम प्रधान शारदा प्रसाद वर्मा ने खंड विकास अधिकारी से मिलकर मौके की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई कराये जाने की मांग की है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैं राजकिशोर पांडे पुत्र गुरू प्रसाद पाण्डेय मेरे पुत्र दीपक पांडे का चाल–चलन ठीक नही है। जिसके कृत्यों और चलो–चलन से क्षुब्ध होकर मैं दीपक पांडे को अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके द्वारा किये गए किसी भी अपराध के यह स्वयं जिम्मेदार होंगे मैं व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्ता नही है। – **राजकिशोर पांडे पुत्र गुरू प्रसाद पाण्डेय, निवासी– रघुनाथपुर, थाना– माल, लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **पप्पी पत्नी नन्हके, निवासी–बादशाह खेडा, आलमनगर, लखनऊ,** मेरे पुत्र स्व0 सुदेश कुमार राजपूत की भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा राजाजीपुरम, लखनऊ है, जिसका पॉलिसी नं0 236477417 में मेरा नाम पुष्पा अंकित है जबकि मेरे बैंक एसबीआई, भपटामऊ में जिसका खाता नं0–34931987541 में मेरा नाम पप्पी अंकित है। मेरे आधार कार्ड में भी मेरा नाम पप्पी अंकित है। यह कि पप्पी व पुष्पा दोनों नाम एक ही महिला अर्थात मेरे है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रूकमणी देवी अपने पुत्र जगदीश चन्द्र आर्मी नं. –4193644 एक्स, ग्राम–बमौरा, पो. आ.–चुरापिटा, जिला– चम्पावत,** मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम रूकमणी देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम रेखा देवी है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में रेखा देवी दर्ज किया जाये।

**आवश्यकता है**

यूबीएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट, बक्शी का तालाब, कठवारा, लखनऊ को बी.ए. संकाय हेतु आवश्यकता हैं। प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, हिन्दी हेतु, **योग्यता लखनऊ विश्वविद्यालय मानकानुसार, सम्पर्क – प्रबंधक मो.: 9454716161**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र सूरज के कक्षा 12 सी.बी.एस.सी. बोर्ड, सत्र 2023, अनुक्रमांक– 23712264 के प्रमाण पत्र में मेरा नाम त्रुटिवश RAM RATAN AGRAHARI हो गया है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम RAM RATAN है। उक्त प्रमाण पत्र में मेरी पत्नी व पुत्र की माता का नाम GOMATI DEVI दर्ज हो गया है जो कि गलत है एवं सही नाम GOMTI DEVI है। अतः उक्त प्रमाण पत्र में मेरा व मेरी पत्नी का सही नाम दर्ज किया जाये। **राम रतन पुत्र स्व. राधेश्याम निवासी– कुदरहां, पोस्ट कुदरहां, थाना लालगंज, जिला बस्ती।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. हामदा जरीन पुत्री स्व. नूर मोहम्मद सिद्दीकी निवासिनी 4/785, विकासनगर, लखनऊ ने एक अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 01.01.2024 को श्री तारिक रहमान पुत्र शफीकुर्रहमान के पक्ष में निष्पादित किया था। स्व. हामदा जरीन का देहान्त दिनांक 08.01.2024 को हो चुका है। वसीयत पंजीकृत हेतु दिनांक 15.02.2024 को श्री तारिक रहमान ने उप निबन्धक (तृतीय), लखनऊ के कार्यालय में निबन्धन हेतु प्रस्तुत की है। इस वसीयतनामें के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो कार्यालय उप निबन्धक (तृतीय), लखनऊ में प्रकाशन तिथि से चालिस (40) दिन के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा विज्ञापन के प्रकाशन तिथि के चालिस (40) दिन के अन्दर आपत्ति न प्राप्त होने पर मरणोपरान्त वसीयतनामें पर आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न कर दी जायेगी।
दिनांकः– 05/03/2024 उप निबंधक (तृतीय) लखनऊ

# 'साइकिल' को 'पंजे' का सहारा, हैट्रिक को बेताब 'कमल'

## इंडिया गठबंधन के सहारे सपा को पहली बार वैतरणी पार करने की उम्मीद, पहली लिस्ट में मेनका का नाम नहीं होने से चर्चाओं का बाजार गर्म

▶▶ **दिल्ली की कुर्सी के लिए सुलतानपुर लोकसभा सीट पर सियासी पैंतरेबाजी शुरू**

**मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर**

**अमृत विचार:** दिल्ली की कुर्सी के लिए सुलतानपुर लोकसभा सीट पर सियासी पैंतरेबाजी शुरू हो गई है। इस सीट पर अब तक एक अदद जीत के लिए तरस रही समाजवादी पार्टी को 'पंजे' के जरिये चुनावी वैतरणी पार होने की उम्मीद है। वहीं, भाजपा हैट्रिक लगाने को बेताब दिख रही है। हालांकि, दोनों पार्टियों की ओर से अभी तक कंडीडेट घोषित नहीं होने से संभावित उम्मीदवारों की धुकधुकी बढ़ी है। सांसद मेनका संजय गांधी का भाजपा की घोषित पहली लिस्ट में नाम नहीं होने से राजनीतिक गलियारों में कयासों का दौर तेज है।

अभी प्रत्याशियों की घोषणा भले न हुई हो लेकिन पार्टियां लोकसभा चुनाव 2024 का ताना बाना बुनने में जुट गई हैं। सबसे मजबूत माने जाने वाले भाजपा व उसके अनुषांगिक संगठनों ने चुनावी तैयारियों में ताकत झोंक दी है। पार्टी के नेता व कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए घर-घर पहुंच रहे हैं। वहीं, समाजवादी पार्टी की ओर से पीडीए पखवाड़ा की साइकिल यात्रा निकालकर अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई जा रही हैं।

गठबंधन के कारण सुलतानपुर की सीट सपा के खाते में चले जाने के कारण कांग्रेस का उम्मीदवार यहां तो नहीं होगा, लेकिन पार्टी ने अमेठी के मुन्ना सिंह त्रिसुंडी को समन्वयक बनाकर भेजा हैं। जो अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीति बना रहे हैं और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में वोट कराने का दावा कर रहे हैं।

इस बार बसपा ने पहले से ही किसी तरह के गठबंधन से किनारा कर रखा है। जाहिर तौर पर उसका भी प्रत्याशी मैदान में होगा। इस सीट पर अभी तक किसी भी दल ने प्रत्याशी को लेकर पत्ते नहीं खोले हैं। ऐसे में प्रमुख दलों के प्रत्याशियों के चयन के बाद ही तस्वीर कुछ साफ होगी।

### पांच विस सीटों में से चार पर भाजपा और एक पर सपा का कब्जा

सुलतानपुर जिले की कुल पांच विधानसभा सीटों में वर्तमान में चार पर भाजपा और एक पर सपा का कब्जा है। सुलतानपुर सीट से भाजपा के विनोद सिंह, लंभुआ सीट से भाजपा के सीताराम वर्मा, जयसिंहपुर सदर सीट से भाजपा के राज बाबू उपाध्याय, कादीपुर सुरक्षित सीट से भाजपा के राजेश गौतम और इसौली सीट से सपा के मोहम्मद ताहिर खान विधायक हैं।

### 2019 में ऐसा था परिणाम

2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी चार लाख 58 हजार 281 मत पाकर विजयी हुई थीं। सपा-बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ने वाले चंद्रभद्र सिंह सोनू को चार लाख 44 हजार 422 वोट मिले थे, जबकि पूर्व मंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी अमीता सिंह को महज 41 हजार 588 मतों से संतोष करना पड़ा था। इस बार अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि हाईकमान जिसे भी टिकट देगा, उसी के लिए पूरे तन-मन से लगेंगे।

### 18,34,355 मतदाता चुनेंगे अपना सांसद

जिले की पांचों विधानसभाओं में मिलाकर कुल 18,34,355 मतदाता है। इनमें 9,54,358 पुरुष तो 8,79,932 महिला वोटर शामिल हैं। 65 ट्रांसजेंडर मतदाता है। इनमें युवा मतदाता ही निर्णायक होंगे। 18 से 19 साल के 22,819 तो 20 से 39 साल के 8,28,479 वोटर्स है। इस वर्ग के ज्यादातर मतदाता बूथ तक पहुंचते है और निर्णायक बनते हैं।

### लोकसभा सीट का इतिहास

सुलतानपुर लोकसभा सीट के इतिहास पर नजर डाले तो वर्ष 1952 में काजिम अली एडवोकेट पहली बार कांग्रेस सांसद चुने गए। 1957 में गोविंद मालवीय, इनकी मृत्यु के बाद हुए उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार बाबू गनपत सहाय सांसद बने थे। वर्ष 1962 में कांग्रेस से उनके पुत्र कुंवर कृष्ण वर्मा सांसद बने। 1967 में बाबू गनपत सहाय ने जीत हासिल की थी। उनकी मृत्यु के पश्चात हुए 1969 में हुए उपचुनाव में चौधरी चरण सिंह की बीकेडी से पं. श्रीपति मिश्र सांसद बने, उन्होंने महज 249 वोटों से कांग्रेस के डा. कैलाश नाथ सिंह को हराया था। यह सुलतानपुर सीट के इतिहास का सबसे नजदीकी मुकाबला रहा है। 1970 में कांग्रेस से केदारनाथ सिंह, 1977 से जनता पार्टी के जुल्फिकार उल्ला, 1980 में कांग्रेस के गिरिराज सिंह, 1984 में कांग्रेस से राजकरन नाथ सिंह, 1989 में जनता दल से राम सिंह, 1991 में बीजेपी का खाता इस सीट पर खुला और अयोध्या के महंत विश्वनाथ दास शास्त्री सांसद बने। 1996 व 1998 में बीजेपी के डीबी राय, 1999 बसपा के जयभद्र सिंह, 2004 में बसपा के मो. ताहिर खान, 2009 में कांग्रेस से डा. संजय सिंह यहां के सांसद बने। 2014 में भाजपा के वरुण गांधी और 2019 में भाजपा से वरुण गांधी की मां मेनका संजय गांधी सांसद चुनी गई।

### कब कौन बना सांसद

| विजयी सन | प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | काजिम अली | कांग्रेस |
| 1957 | गोविंद मालवीय | कांग्रेस |
| 1961 | गनपत सहाय (उप चुनाव) | निर्दलीय |
| 1962 | कुंवर कृष्ण वर्मा | कांग्रेस |
| 1967 | गनपत सहाय | निर्दलीय |
| 1969 | श्रीपति मिश्र (उप चुनाव) | बीकेडी |
| 1971 | केदारनाथ सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | जुल्फिकार उल्ला | जनता पार्टी |
| 1980 | गिरिराज सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | राज करन सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | रामसिंह | जनता दल |
| 1991 | विश्वनाथ दास शास्त्री | भाजपा |
| 1996 | देवेंद्र बहादुर राय | भाजपा |
| 1998 | देवेन्द्र बहादुर राय | भाजपा |
| 1999 | जयभद्र सिंह | बसपा |
| 2004 | मो. ताहिर खान | बसपा |
| 2009 | संजय सिंह | कांग्रेस |
| 2014 | वरुण गांधी | भाजपा |
| 2019 | मेनका संजय गांधी | भाजपा |

# बच्चों को अच्छे संस्कार दें शिक्षक व अभिभावक: सीओ



हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम में मौजूद सीओ, ब्लॉक प्रमुख, बीईओ व अन्य

**लहरपुर, सीतापुर**

**अमृत विचार।** ब्लाक संसाधन केंद्र पर निपुण भारत मिशन के अंतर्गत, हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी पुलिस सुशील कुमार यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख एडवोकेट उमाशंकर वर्मा ने की। खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की आवश्यकता और उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्राथमिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विधालयों को निपुण बनाने हेतु पूरी क्षमता और निष्ठा से कार्य करने की अपील की। इस मौके पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर और माल्यार्पण कर किया गया।

मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह नींव होती है बचपन में जो भी आदत पड़ जाती है वह पूरे जीवन भर बनी रहती है, इसलिए सभी शिक्षक और अभिभावक बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार और नागरिक गुणों के विकास पर भी जोर देते रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख उमाशंकर वर्मा ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा सरकार की प्राथमिकता है, इसको बेहतर बनाने के लिए बहुत सी योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। शिक्षक और समुदाय दोनों मिलकर शिक्षा के मंदिर को सुंदर और बेहतर बनाने का प्रयास करें। चार दर्जन मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीता रस्तोगी, एआरपी सुरेश कुमार, संकुल शिक्षक अनवर अली, संदीप कुमार, आदित्य कुमार राठौर, रामचन्द्र वर्मा, नूर सबा, अल्पना वर्मा तथा जुबेर वारिस ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं।

### सोनम चिश्ती ने मांगा सुलतानपुर से टिकट

**सुलतानपुर।** लोकसभा चुनाव की सरगर्मी जिले में बढ़ती जा रही है। इसी बीच बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर सोनम चिश्ती ने सुलतानपुर लोकसभा सीट से टिकट मांगकर सबको चौका दिया। यहां भाजपा से ही मेनका संजय गांधी सांसद है। बीजेपी की ओर से जारी प्रत्याशियों की पहली सूची में आसपास के जिले अमेठी, अंबेडकरनगर, जौनपुर, प्रतापगढ़, अयोध्या के प्रत्याशियों के नाम शामिल रहे, लेकिन सुलतानपुर सीट पर कंडीडेट घोषित नहीं किया गया है। जबकि, यह सीट बीते दो चुनाव में भाजपा के ही पास है। बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार में किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सोनम किन्नर ने लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जता दी। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करीबियों में रहने वाली सोनम किन्नर दिल्ली केंद्रीय कार्यालय पहुंचीं हैं। प्रत्याशी बनने के लिए गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में पूर्व में नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के चेयरमैन पद पर निर्दल प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने और 12 हजार वोट पाने की बात भी कही है। किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष सोनम चिश्ती (किन्नर) ने बताया कि उन्होंने लखनऊ और दिल्ली के बीजेपी कार्यालय में अपना आवेदन किया हैं। टिकट देना शीर्ष नेतृत्व का अधिकार है। टिकट मिलता है तो सुलतानपुर सीट जीतकर जनता की सेवा करूंगी।

### प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर काम कर रही हैं महिलाएं

**झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** हरगांव विधान सभा के झरेखापुर मंडल मे विद्यादीप स्कूल में भाजपा ने नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजन किया। साथ ही आयोजन में नारी शक्ति वंदन का मोदी जी का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए जिला उपाध्यक्ष इन्दू सिंह चैहान ने कहा कि भारत की महिला पूरे देश को दिशा दे रही है। देश में प्रथम व्यक्ति के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समस्त महिला शक्ति का गौरव बढ़ा रही हैं। कार्यक्रम मे एनजीओ, स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं, स्वास्थ्य, शिक्षा पर काम करने वाली महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर विधान सभा संयोजक राहुल जायसवाल, मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह तथा समस्त भाजपा मंडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पोषण पुनर्वास केन्द्र का उदघाटन

**सीतापुर, अमृत विचार।** डीएम अनुज सिंह के मार्गदर्शन में अक्षत वर्मा तत्कालीन मुख्य विकास अधिकारी की अनुकम्पा से जिला चिकित्सालय के प्रांगण में 10 बेड के पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) की स्थापना की करायी गयी। जिसका बुधवार को पोषण पुनर्वास केन्द्र के बच्चे शिवा पिता का नाम सुशील व माता का नाम सुनीता देवी निवासी तम्बौर ने उदघाटन किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सीतापुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी सीतापुर, अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण, जेईआरईडी, एईआरईडी तथा मुख्य सेविकाएं बाल विकास परियोजना शहर व बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### फार्मासिस्ट पर भी होता है जिम्मेदारी: डॉ. स्तुति

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च सीतापुर में नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। कॉलेज को प्राचार्या डॉ. स्तुति वर्मा ने अनुसंधान और नवाचार, उद्योग की शिक्षा को व्यापक बनाने को बढ़ावा देने फार्मा अन्वेषण 2024 आयोजित करने के लिए फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) को बधाई दी। उन्होंने इस क्षेत्र में "प्रो. एमएल श्रॉफ" के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि बीमारियों के इलाज और स्वास्थ्य संबंधी अन्य सरोकारों में मरीजों की मदद करने की दिशा में फार्मासिस्ट भी डॉक्टर और नर्स जितना ही महत्वपूर्ण होता है। फार्मासिस्ट औषधि विज्ञान से पूरी तरह अवगत होते हैं। साथ ही कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह, प्राचार्या डॉ. स्तुति वर्मा, उप निदेशक डॉ. आदित्य सिंह, डा. अब्दुल रब खान, एचओडी डॉ. राहुल शर्मा, रजिस्ट्रार रोहित सिंह, अनुपम, राजीव कुमार, शशि प्रभा, रीता, तारिक, रेहान, ज्योति, अबरार, प्रीति यादव, कोमल आदि मौजूद रहे।

### शिक्षा के बिना संभव नहीं है देश का विकास

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** विकास खंड हरगांव के ग्राम पंचायत ढोलईकलां स्थित राजेंद्र सिंह राजेश्वरी महाविद्यालय में तृतीय वर्ष के छात्र और छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर रहे। इस दौरान कुल 115 बच्चों में से 100 बच्चों को स्मार्टफोन दिए गए। स्मार्टफोन कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे भाजपा के जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर के द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए बताया गया कि पीएम मोदी व सीएम योगी के द्वारा इतनी बड़ी योजना को सफल बनाया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा कहा गया कि देश का विकास शिक्षा के बिना संभव नहीं है। मुख्य अतिथि के द्वारा सबसे पहले बीए तृतीय वर्ष की छात्रा फरीदा बानों को स्मार्टफोन दिया गया। हिमांशु शुक्ला, सौम्या अवस्थी, सुधि सिंह, श्रीदेवी, शिवम सिंह, विमलेश, विवेक कुमार, दीप्ति पांडे, जमुना गौतम, मानसी सिंह, अफजल, शगुफ्ता अंजुम, अभिषेक कश्यप, नैंसी कश्यप सहित करीब 100 बच्चों को मुख्य अतिथि विश्राम सागर राठौर व विद्यालय के प्रबंधक हेमेंद्र सिंह हेमू के द्वारा बच्चों को स्मार्टफोन वितरण किए गए।




# प्रधानमंत्री ने महिलाओं को बनाया सशक्त

## सरेनी में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन, पूर्व विधायक बोले-महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में कम नहीं

सरेनी, रायबरेली


नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में बोलते पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह।

**अमृत विचार:** सरेनी में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं का उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार महिला शक्ति को सशक्त बनाने में लगे हुए हैं। गांवों में घरेलू कामकाज तक सिमटी महिलाएं अब स्वास्थ्य केंद्रों, बैंको आदि से जुड़कर समाज को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही हैं।

विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष रामू सिंह ने कहा कि महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। सरकार की ओर से आत्मनिर्भर बनाने के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसका उन्हें लाभ भी मिल रहा है। अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार में महिला सशक्त और आत्मनिर्भर की राह पर हैं। ग्रामीण अंचलों में समूहों के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस मौके पर आशीष मिश्रा, चंद्रकांत, प्राची, शालू, धर्मेंद्र प्रताप सिंह खंड विकास अधिकारी, संतोष, बृजेश, अजिता सिंह, रामलखन, रामकिशोर वर्मा, आलोक कुमार, रश्मि उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित

**सतांव, रायबरेली :** मलिकमऊ चौबारा स्थित सतांव ब्लॉक सभागार में बुधवार को नारी शक्ति वन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के हरचन्दपुर विधानसभा क्षेत्र संयोजक कृष्ण जीवन तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और समूची भारतीय जनता पार्टी में महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है। आज देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर विराजमान महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय जनता पार्टी के महिला सम्मान का प्रतीक है, और देश महिलाओं के लिए इससे ज्यादा सम्मान की बात और क्या हो सकती है। कार्यक्रम में समूचे ब्लॉक क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों व विभिन्न संगठनों की सैकड़ों महिलाओं ने एलईडी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव सम्बोधन सुना। महिलाओं ने उत्साह में मोदी और भाजपा के समर्थन मे जोरदार नारे भी लगाये।भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता श्रीवास्तव ने भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष शिव सागर तिवारी, भाजपा वरिष्ठ नेता जंग बहादुर सिंह, प्रेम पाण्डेय, देवी सहाय त्रिवेदी, अनिल शुक्ला, विनोद तिवारी, विमल देव सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### श्रीमद्भागवत कथा 10 से

**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे के कोतवाली के सामने स्थित डाक बंगला में 10 मार्च से 16 मार्च तक प्रतिदिन श्रीमदभागवत कथा और 18 मार्च को ब्रम्हभोज का आयोजन होगा। आयोजक शांती नगर निवासी शिवप्रकाश मोदनवाल ने बताया की माता संतोष कुमारी व पिता सत्यनारायण मोदनवाल के द्वारा गया, जगन्नाथ और चारों धाम के दर्शन उपरांत भागवत कथा के आयोजन कराने का मौका मिला है। इसमें पीठाधीश्वर कष्टहरी धाम खैरावीरू बाराबंकी से कथा वाचक पंडित कृष्णदास ज़ी महराज आएंगे। 10 मार्च को सुबह 10 बजे से कलश यात्रा प्रारंभ होगी, वहीं कथा शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगा।

### मां और बेटे से टप्पेबाजों ने 13 हजार रुपये छीने

**महाराजगंज, रायबरेली :** बैंक ऑफ़ बड़ौदा के ग्राहक सेवा केंद्र से पैसा निकाल कर घर जा रहे मां बेटे टप्पेबाजी का शिकार हो गए। टप्पेबाजों ने 13000 रुपये छीन लिए। मामले की सूचना पर सीओ व कोतवाली प्रभारी ने सीसी कैमरे की छानबीन शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के दुर्गापुर मजरे कुशमहूरा निवासी अपनी मां शिवदेवी के साथ सतीश कुमार पुत्र भूती कस्बा स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा के नीचे ग्राहक सेवा केंद्र पर रुपये निकालने आया था। रुपये निकालकर जैसे ही दोनों बाहर आए, टप्पेबाजों ने 13000 हजार रुपये छीन लिए। भुक्तभोगी ने बताया कि अपनी मां के साथ महराजगंज ग्रहक सेवा केंद्र पर पैसा निकालने आया था, जहां उसने 3500 और उसकी मां ने 10000 रुपये निकाले। मां ने अपने पैसे बेटे को दे दिया। सीओ यादवेंद्र पाल ने बताया की टप्पेबाजी की सूचना मिली थी। कोतवाली पुलिस द्वारा सीसी कैमरे की छानबीन की जा रही है।

### युवती ने शराब पीकर किया हंगामा

**लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के गांधी चौराहे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवती शराब के नशे में उत्पात मचाने लगी। साथ ही चाट की ठेलिया, सब्जी की दुकानों के दुकानदारों से उलझने लगी। ईट-पत्थर फेंक कर लोगों को मारने और गाली गलौज भी करने लगी। इतना ही नहीं एक ई रिक्शा ड्राइवर को थप्पड़ भी मार दिया। सूचना मिलने पर लालगंज कोतवाली से पहुंचे उपनिरीक्षक निखिलेश कुमार ने महिला सिपाहियों की मदद से उसे पुलिस वाहन में बैठाया और कोतवाली ले गए। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह का कहना है कि युवती शराब के नशे में है।

### कार ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

**सेमरी, रायबरेली :** सरेनी थाना क्षेत्र के मदई खेड़ा गांव के साजन पुत्र सरदार अपने जीजा विनोद के साथ निहस्था गांव शादी समारोह में खाना बनाने जा रहे थे। दोनों भागूखेड़ा गांव स्थित माता मुक्तेश्वरी मंदिर के सामने पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही अज्ञात कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार सड़क किनारे गिर गए। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया की घटना की अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी ।

### बाइक सवार घायल

**महराजगंज, रायबरेली :** बाइक के गड्ढे में चले जाने से सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना पाली स्थित फायर स्टेशन के पास की है, जहां मांझगांव मजरे जमुरावां निवासी कमलेश कुमार पुत्र बाबादीन अपनी मोटर साइकिल से महराजगंज किसी कार्य के लिए आ रहा था। तभी पाली स्थित फायर स्टेशन के पास गड्ढा आ जाने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## सार-संक्षेप

### सचिव व ग्राम प्रधानों की संयुक्त संगोष्ठी का आयोजन'


संगोष्ठी में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

**सतांव, रायबरेली :** मलिकमऊ चौबारा स्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में परिषदीय विद्यालयों के उन्मुखीकरण के लिए विद्यालय प्रबंध समितियों के सचिव व ग्राम प्रधानों की संयुक्त गोष्टी का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों से आए हुए बच्चों ने एकांकी के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुतियां दी। मीना मंच में लड़कियों ने टीएलएम का प्रदर्शन किया। निपुण बच्चों की परीक्षा में उच्च प्रतिभा प्रदर्शित करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। बीईओ ने सरकार की नीतियों के अनुरूप परिषदीय विद्यालयों के उन्मुखीकरण के लिए विद्यालय प्रबन्ध समिति सचिवों और ग्रामप्रधानों से विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की।

### समन देने गए सिपाही के साथ मारपीट, केस दर्ज

**महराजगंज,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत बैंक के बकायेदार के घर समन तामील कराने गए सिपाही से पिता पुत्र ने मारपीट कर दी। साथी सिपाही ने किसी तरह पिता पुत्र को समझा कर मामले को शांत कराया। मामला पूरे फेरु मजरे पहरे मऊ का है। इसी गांव निवासी श्रीपाल स्टेट बैंक का बकायेदार है। जिसको लेकर श्रीपाल के नाम विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समन भेजा गया था। मंगलवार को महराजगंज कोतवाली में तैनात सिपाही संदीप सिंह व राहुल वर्मा समन तामील कराने गए थे। जहां सिपाही व आरोपित श्रीपाल से बहस के बाद हाथापाई हो गई। मामले में सिपाही संदीप सिंह की तहरीर पर आरोपित श्रीपाल के खिलाफ पुलिस ने सरकारी कामकाज में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि केस दर्ज किया गया है कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकारी यादवेन्द्र पाल ने बताया कि सिपाही ने पुत्तन साहू की दुकान पर समन लेने के लिए श्रीपाल को बुलाया था। जब उसने मना किया तो सिपाही उसकी दुकान पर गया, जहां दोनों में हाथापाई हुई है। प्रकरण की जांच कराई जा रही है।

### एसडीएम ने वृद्धा को गुजारा भत्ता का दिया आदेश

**लालगंज, रायबरेली।** वृद्ध माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए तहसील में भरण पोषण अधिकरण संचालित है, जिसमें वृद्ध महिला के आवेदन की सुनवाई करते हुए उसके पुत्र को पांच हजार रुपये मासिक भरण पोषण देने का आदेश एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने पारित किया है। एसडीएम ने बताया कि चंद्रकला पत्नी बिंदादीन निवासी ठकुराइनखेड़ा मजरे यूसूफपुर थाना लालगंज को उसके पुत्र प्रताड़ित करते थे। वृद्ध महिला ने भरण पोषण अधिकरण लालगंज में उत्तर प्रदेश माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के तहत अपने पुत्र परमेश्वर के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट करके घर से भगा देने तथा भरण पोषण न करने का आरोप लगाते हुए आवेदन किया था। साथ ही अवगत कराया कि मेरा पुत्र परमेश्वर मेरा भरण पोषण नहीं करता है। वृद्ध मां ने पुत्र से भरण पोषण के रूप में 10000 रुपये मासिक दिलाने की याचना किया। विपक्षी नोटिस जारी की गई परंतु हाजिर नहीं हुए। आवेदिका का पक्ष सुनकर विपक्षी परमेश्वर को पांच हजार रुपये मासिक गुजारे भत्ते के रूप में अपनी माता को देने का आदेश दिया गया है। पुत्र से मां को गुजारा भत्ता दिलाने में सरकार द्वारा नामित सुलह समझौता अधिकारी अशोक कुमार शुक्ला वरिष्ठ अधिवक्ता का अहम योगदान रहा।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज गोविंदपुर में ताला खोलकर किया हवन पूजन

शिवगढ़, रायबरेली

▸▸ प्रधानाचार्य बोले, जुलाई से संचालित होगी कक्षाएं


पालिटेक्निक कालेज में पूजा करते प्रधानाचार्य।

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ओसाह -तिलेण्डा सम्पर्क मार्ग पर ग्राम पंचायत गोविंदपुर में 26 करोड़ की लागत से नवनिर्मित पॉलिटेक्निक कॉलेज का उद्घाटन 14 सितम्बर 2022 को हुआ था। इसके बाद कॉलेज में शिक्षण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका, जिसके चलते छात्रों का दाखिला पॉलिटेक्निक कॉलेज जगदीशपुर जनपद अमेठी में शिवगढ़ व बछरावां के नाम से हो रहा था। गोविन्दपुर में करोड़ों की लागत से बने पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ाई न होने के कारण अब तक यह भवन सफेद हाथी साबित हो रहा था। मंगलवार को पूजा अर्चना के बाद पॉलिटेक्निक कॉलेज का ताला खोला गया।

प्रधानाचार्य रामरतन ने बताया कि कॉलेज को फर्नीचर व अन्य आवश्यकताओं के लिए 40 लाख रुपये का बजट मिला है। जुलाई माह से कक्षाएं शुरू कर दी जाएगी। प्रधान संघ संरक्षक एवं गोविंदपुर प्रधान राजकुमार सिंह ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि अथक प्रयासों के बाद पॉलिटेक्निक कॉलेज में शिक्षण कार्य प्रारम्भ होने जा रहा है, जो क्षेत्र के लिए सबसे खुशी की बात है। इस मौके पर हेड सिविल डीके श्रीवास्तव, अशोक मौर्य, संदीप सिंह, जेई लवकुश मौर्य आदि मौजूद रहे।

# बधाई पाने के लिए असली और नकली किन्नरों में हाथापाई, कोतवाली में हंगामा

▸▸ असली किन्नर ओर ढोलक मास्टर पर नकली किन्नरों द्वारा पिटाई करने का आरोप

सलोन, रायबरेली


सलोन कोतवाली परिसर में हंगामा करती किन्नर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोतवाली में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब किन्नर हंगामा करने लगे। उनका आरोप है कि लड़के की शादी की बधाई लेने गई किन्नर और ढोलक मास्टर को बंधक बनाकर नकली किन्नरों पिटाई कर दी। किन्नरों को देख पुलिस महकमे में खलबली मच गई। कोतवाल के समझाने के बाद किन्नरों का आक्रोश शांत हुआ।

कोतवाली अंतर्गत जगदम्बा गुरु टीम के दो किन्नर तमन्ना, निशु, निशा और ढोलक मास्टर अक्षय पकसरावा गांव में शादी सम्पन्न होने के उपरांत दूल्हे के परिजनों से बधाई लेने गई थीं। वहीं परिजनों ने किन्नरों से कहा कि ऊंचाहार की रहने वाले किन्नर बधाई लेकर जा चुके हैं। आरोप है की आरोपी युवक अपने दो दर्जन अज्ञात साथियों के साथ पकसरावा गांव पहुंच गया। इसके बाद एक कमरे के अंदर बंधक बनाकर लाठी डंडों से जमकर पीटा गया। वहीं, घटना से गुस्साए किन्नर मुस्कान, चांदनी, रेनू, राजकुमारी, शिल्पी, भोली, रेखा, सीमा सहित लगभग दो दर्जन से अधिक किन्नर कोतवाली पहुंच गए। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों से न्याय ना मिलने से नाराज होकर कोतवाली परिसर के अंदर ही हंगामा करने लगे। मामले की सूचना पर पहुंचे कोतवाल श्याम कुमार पाल ने किन्नरों को समझा बुझाकर उनका गुस्सा शांत कराया। कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया की घटना के संबंध में फोर्स आरोपी युवक की तलाश में भेजी गई है। जांच कराकर विधिक कार्यवाही की जाएगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मनोहरगंज विकास खण्ड-जगतपुर, रायबरेली**

पत्रांक: 02/ग्रा0पं0/2023-24 **टेण्डर नोटिस** दिनांक: 07.03.2024

राज्यवित्त/चौदहवां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत की वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना में स्वीकृत निम्नांकित कार्य सम्पादित कराने हेतु निम्नांकित सामग्री आपूर्ति करने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से सीलबन्द टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं जो दिनांक 13.03.2024 को सांय 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे तथा उसी दिन सांय 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा टेण्डरदाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोले जायेंगे। किसी भी टेण्डर को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधोहस्ताक्षरी को अधिकार होगा। इच्छुक आपूर्तिकर्ता/टेण्डरदाता को टेण्डर डालने हेतु धरोहर धनराशि नकद/चेक के रूप में ग्राम पंचायत में जमा करनी होगी जिसकी रसीद टेण्डर के साथ जमा करनी होगी। टेण्डर फार्म नोटिस निर्गत होने की तिथि से टेण्डर प्राप्त करने की तिथि के एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से 100/-रू0 नकद जमा कर अपरान्ह 2:00 बजे से 4:00 बजे के मध्य प्राप्त किये जा सकेंगे।

| क्र0 सं0 | सामग्री का विवरण | मात्रा | आपूर्ति हेतु अवधि | धरोहर धनराशि | आपूर्ति स्थल/ कार्य का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 80MM जिग जैग ईट | 14000 436 वर्ग मी0 | 07 दिन | – | नन्द लाल के घर से फूलचन्द के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण |
| 2 | M 150 प्रथम श्रेणी | 20000 | 07 दिन | – | उपरोक्त |

प्रतिबंध/निर्देश- 1. सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी अर्थात कोटेशन में कोट की गयी दर एफ0ओ0आर0 होगी अर्थात लदायी उतराई, चट्टा लगवाई एवं भाडा आदि चार्ज उसमें सम्मिलित होंगे। 2. बिल का भुगतान नियमानुसार आयकर की कटौती करके किया जायेगा। 3. सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी को कार्यस्थल पर प्राप्त करानी होगी।

सरला मौर्या- ग्राम प्रधान

अनूप कुमार यादव- ग्राम विकास अधिकारी ग्रा0पं0 मनोहरगंज, जगतपुर, रायबरेली


# कब्जेदारों ने लगाया रंगदारी का आरोप

▸▸ सरकारी जमीन पर प्लाटिंग करके जमीन बेचने का मामला

ऊंचाहार, रायबरेली


तहसील में प्रधान के विरुद्ध प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भूमाफिया द्वारा सरकारी जमीन पर प्लाटिंग करके भूमि बेचने के खिलाफ ग्राम प्रधान द्वारा शिकायत करने के मामले में अब कब्जेदारों ने रंगदारी मांगने का आरोप लगा दिया है। गांव के मतदान केंद्र के रास्ते की प्रधान द्वारा सफाई कराए जाने से नाराज कब्जेदारों ने उनकी बाउंड्री गिराने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा है।

नगर से जुड़े मास्टरगंज की भूमि संख्या 4610 को एक व्यक्ति ने खरीदा था। उसने 4612, 4616, 4618,4608, 4619 जो ग्राम समाज दर्ज है, उस पर भी कब्जा उसकी प्लाटिंग करके दर्जनों लोगों को बेच दिया। इस मामले को लेकर ग्राम प्रधान धनराज यादव ने अधिकारियों से शिकायत की, जिसकी जांच लंबित है। इस बीच लोकसभा चुनाव के लिए पास के स्कूल के मतदान केंद्र के रास्ते की सफाई की थी। उसके बाद बुधवार को जमीन खरीदने वाले करीब एक दर्जन लोग कोतवाली और तहसील पहुंचे। उन लोगों ने ग्राम प्रधान पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और शिकायती पत्र सौंपा है। उनका आरोप है कि प्रधान उनसे दो-दो लाख रुपये मांग रहे हैं। नहीं देने पर उनकी बाउंड्री को जेसीबी से ढहा दिया है।

# लोकसभा चुनाव की चर्चा, जीत का भरा दम

▸▸ ब्लॉक परिसर में बुधवार को भाजपा लोकसभा संचालन समिति की बैठक

**सलोन, रायबरेली।** ब्लॉक परिसर में बुधवार को भाजपा लोकसभा संचालन समिति की बैठक हुई। इसमें लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई। रायबरेली जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जितनी भी योजनाएं और काम हैं, उन्हें जमीन स्तर तक पहुंचाना है। सभी बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, पार्टी के जितने भी पदाधिकारी है, अपने दायित्वों को समझते हुए चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। लोकसभा प्रभारी राजकिशोर रावत ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस चुनाव में 400 के पार जाने और उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर जीत का दावा किया। कहा कि विपक्षी दल परिवारवाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद के आधार पर, जबकि भाजपा विकास के मुद्दे पर सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास के मंत्र पर चुनाव लड़ती है। विधायक अशोक कोरी ने सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव की तैयारियों में जुटने की अपील की है। बैठक में बूथ समिति पुर्नगठन, सदस्यता और मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर राजेंद्र चतुर्वेदी, सीपी श्रीवास्तव,अंजनी साहू, सुधीर सिंह, रामकुमार जायसवाल, सुखवीर सिंह, विशाल सिंह, रीता देवी, चंद्रशेखर सिंह, वीरू सिंह, प्रदीप सिंह,आदि मौजूद रहे।


VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm B. Pharm
DMLT X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)


# नवजात बच्चों का पोर्टल पर टीकाकरण अनिवार्य


नवजात बच्चे का टीकाकरण करके पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करते स्वास्थ्य कर्मी।

**डीह, रायबरेली :** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीह में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओ के सम्पूर्ण एवं नियमित टीकाकरण में पारदर्शिता के लिए भारत सरकार की ओर से ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत की गई है। बुधवार को सीएचसी में जिले की पहली डिलीवरी व नवजात बच्चे का टीकाकरण करके पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया गया। पोर्टल पर रजिस्टर्ड लाभार्थी सम्पूर्ण देश में कहीं भी ऑनलाइन सिस्टम में जुड़ा होने के कारण स्वयं का वैक्सीनेशन करवा सकता है। साथ ही डिजिटल सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकता है। इस अवसर जावेद अहमद प्रोजेक्ट ऑफिसर यूएनडीपी पंजाब, अनिरुद्ध शुक्ला जिला गोल्ड चेन मैनेजर रायबरेली, अधीक्षक डॉ. एसपी सिंह, ब्लॉक नोडल अधिकारी रामबरन रावत, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शारदा प्रसाद, बीपीएम प्रदीप कुमार, स्टाफ नर्स शशि पाण्डेय, किरन देवी आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय प्रबंध समिति व प्रधानों की कार्यशाला संपन्न


कंपोजिट विद्यालय बगहा में उन्मुखीकरण कार्यशाला में मौजूद लोग।

**नसीराबाद, रायबरेली। अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय बगहा में बुधवार को ग्राम प्रधानों, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सचिवों की ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अंजू कुशवाहा और उनके प्रतिनिधि संतोष कुशवाहा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके संगोष्ठी का उद्घाटन किया। कार्यशाला में संतोष कुशवाहा ने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि अभिभावकों से संपर्क करके बच्चों को विद्यालयी शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ें। हमारे शिक्षक साथी घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क कर रहे हैं। स्कूलों में क्या-क्या कार्य कराया जाना है, विशेष कर सड़क आदि जो 100, 200, 500 मीटर मुख्य मार्ग से विद्यालय को जोड़ती हो, उनकी लिस्ट खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुझे उपलब्ध कराई जाए। मैं प्रयास करूंगा कि एक वर्ष में यह कार्य पूर्ण हो जाए। खंड शिक्षा अधिकारी सुधा कुमारी वर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए विकास क्षेत्र में शिक्षा योजना के उन्मुखीकरण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक मोहम्मद इस्माइल खान ने किया। इस अवसर पर आशुतोष एआरपी, गौरव शर्मा, न्यूट्रीशन क्लब के मो. अजमल, मो.आमिर, मो.अरशद, कासिम हुनर, वसीम अहमद, राजेश कुमार मिश्र, सतीश शर्मा, मो. आजम, विनोद कुमार द्विवेदी. अनुराग तिवारी, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**जयंती** | मुंशी चंद्रिका प्रसाद 'गुरु जी' को जयंती पर किया याद

# राष्ट्र को आगे ले जाते है 'गुरु जी' जैसे लोग

बछरावां, रायबरेली


मुंशी चंद्रिका प्रसाद 'गुरु जी' की जयंती पर मौजूद लोग।

**अमृत विचार।** दयानंद पीजी कॉलेज बछरावां के संस्थापक मुंशी चंद्रिका प्रसाद 'गुरु जी' की जयंती महाविद्यालय के चन्द्रिका उद्यान में धूमधाम से मनाई गई। सभी ने 'गुरु जी' की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि बछरावां कोतवाली के प्रभारी बृजेंद्र प्रसाद शर्मा ने कहा कि मुंशी चंद्रिका प्रसाद 'गुरु जी' जैसे महापुरुष ही राष्ट्र और समाज को आगे ले जाते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने आये हुई अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय के संस्थापक मुंशी चंद्रिका प्रसाद 'गुरु जी' शैक्षिक जगत के पुरोधा राष्ट्रभक्त कर्मयोगी तपस्वी और महामानव थे।

उत्कर्ष पब्लिक स्कूल के संस्थापक बीके अवस्थी ने 'गुरु जी' के बछरावां क्षेत्र के योगदान को याद किया। समाजसेवी व्यवसायी सौर्यमंडल शुक्ला ने चंद्रिका प्रसाद 'गुरु जी' के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। बछरावां व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील सागर ने अपने बचपन में 'गुरु जी' के साथ बिताये हुए पलों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सत्येंद्र सिंह राठौर ने किया।

आए हुए अतिथियों का स्वागत डॉ. शिवाकांत शुक्ला, डॉ. जितेन्द्र नारायण मिश्रा, लवपाल सिंह ने किया। इस अवसर पर बीएड और एमएड के सर्वोच्च अंक प्राप्त हर्षित तिवारी एवं प्रसन्नजीत श्रीवास्तव को महाविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। विनीता श्रीवास्तव, कमल सिंह, राजेश यादव, सुब्रत सक्सेना सहित महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष योगदान दिया।

# आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका संगठन की प्रदेश अध्यक्ष गीतांजलि मौर्य निष्कासित


जिला कार्यक्रम अधिकारी को पत्र सौंपती सहायिका एसोसिएशन प्रदेश महामंत्री उषा मौर्य।

**संवाददाता, रायबरेली :** आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष गीतांजलि मौर्य को बिना कारण बताएं पदाधिकारियों पर कार्रवाई किए जाने के चलते अध्यक्ष पद से निष्कासित कर दिया गया है। साथ ही संविधान द्वारा प्रदत्त सभी अधिकार वापस ले लिए गए हैं। यह जानकारी देते हुए संगठन की प्रदेश महामंत्री उषा मौर्य ने बताया कि संगठन की प्रदेश अध्यक्ष गीतांजलि मौर्य पर मनमानी तरीके से निर्णय लिए जाने का आरोप है। इसी के साथ-साथ वह बिना किसी से मंत्रणा किये विभिन्न जिला संगठनों से मनमानी ढंग से वसूली कर बिना हिसाब के व्यय करती हैं और उन्होंने अभी तक संगठन का दो साल में कोई भी खाता नहीं खोला है। इस बात से उनके समस्त प्रदेश पदाधिकारी नाराज हैं और उनकी मनमानी से त्रस्त आकर उनके अतिरिक्त समस्त पदाधिकारियों ने उनके इस निष्कासन पर अपनी सहमति दर्ज की है। इस अवसर पर रायबरेली जिले की कमेटी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद त्रिपाठी को प्रदेश महामंत्री उषा मौर्य का पत्र देकर इस बात से अवगत कराया दिया।


प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# 50 वर्षों में जो नहीं हुआ वो 5 वर्षों में हुआ : स्मृति

## केंद्रीय मंत्री ने सांसद महिला खेल कूद और सांसद महिला मैराथन दौड़ में 26 मार्गों का दिया तोहफा

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को सलोन में आयोजित सांसद महिला खेल कूद और सांसद महिला मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने 26 मार्गों का शिलान्यास और लोकार्पण कर कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा की पचास वर्षों में जो नहीं हुआ उसकी शुरुआत पांच वर्षों में हुई है।

उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की कविता की पंक्तियों को पढ़ते हुए कहा की जिस पार्टी की शुरुआत दिये की एक लौ से हुई थी। अगर एक साधारण परिवार का नागरिक चाहे तो साधारण परिवार के लोगों को सेवा का मौका दे सकता है। अगर वो नागरिक सत्ता में सेवा करने के लिए जाता है तो सांसद, संसद और सरकार में समन्वय होता है। ऐसे में 26 सड़कें भी बनती है। एक लाख तीस हजार महिलाएं दौड़ में भी हिस्सा भी लेती है और इसी रायबरेली बैंक की कोआपरेटिव बैंक में एक वर्ष के अंदर 90 हजार नए सदस्य भी बनाए जाते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा की जो असंभव था उसे प्रधानमंत्री मोदी ने करके दिखाया है। इस मौके पर विधायक अशोक कोरी, पूर्व विधायक गजाधर सिंह, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विशाल सिंह, सुधीर सिंह, कुंवर आजाद सिंह, विनोद कौशल, अंजनी साहू, सुशील सिंह, आकाश सिंह, विधान सभा संयोजक प्रदीप कुमार गुप्ता, वीरू सिंह, प्रदीप सिंह, सुधीर मिश्रा आदि मौजूद रहे।


केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी का माल्यार्पण कर स्वागत करते सलोन विधायक अशोक कुमार, राहुल देव सिंह व अन्य।

### समर्थकों संग भाजपा में गए कांग्रेस नेता राहुल देव सिंह

सलोन। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने भाजपा के कुनबे को बढ़ाते हुए कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राहुल देव सिंह को भाजपा में शामिल कराया। स्मृति के कहने पर राहुल देव सिंह ने लोगों को संबोधित भी किया और भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प दिया। बता दें कि राहुल देव सिंह ने हाल ही में अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस से त्याग पत्र दे दिया था।

### कन्या सुमंगला का खाता खुलवाने पर विधायक की तारीफ

केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अशोक कोरी द्वारा प्रति वर्ष क्षेत्र की 101 कन्याओं के सुकन्या खाते में प्रथम किस्त 250 रुपए नगद जमा करके खाता खुलवाने के कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने 05 कन्याओं को पासबुक वितरित करते हुए सभी को ऐसे कार्य करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम में डाक अधीक्षक राकेश कुमार अवस्थी, सहायक डाक अधीक्षक सोने लाल, निरीक्षक डाकघर संदीप शर्मा, राकेश कुमार, अविरल श्रीवास्तव, सुशील तिवारी, राजेश सिंह मौजूद रहे।

### फ्रिज, वाशिंग मशीन और कूलर पाकर चहकी महिलाएं

केंद्रीय मंत्री ने सांसद महिला मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाली अंजू रावत को फ्रिज, द्वितीय स्थान पाने वाली अंतिमा यादव को वाशिंग मशीन व तृतीय स्थान पाने वाली विमलेश को फ्रिज वितरित किया। छतोह से मधु मौर्य, दीपिका सरोज व सुमन सिंह व डीह से सरस्वती, सपना सिंह व रुपा देवी को फ्रिज, वाशिंग मशीन और कूलर मिला। पुरस्कार पाने वाली विजेता महिलाएं काफी खुश दिखीं।

# स्मृति ने आधी आबादी का किया उत्साहवर्धन

प्रदीप गुप्ता/नीरज श्रीवास्तव

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अपने 10 मिनट के भाषण में जहां राहुल गांधी पर तंज कसने से नहीं चूकी, वहीं, आधी आबादी का जमकर उत्साहवर्धन भी किया। इत्तेफाक से कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राहुल देव सिंह के नाम में भी 'राहुल' आता है। राहुल देव सिंह ने स्मृति के कहने पर लोगों को संबोधित भी किया था। सुबह 10 :35 पर सलोन पहुंची स्मृति ने लोकसभा चुनावों को देखते हुए अपने संबोधन में राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि शायद आज पहली बार हुआ है कि 'राहुल' और स्मृति पहली बार एक मंच पर बोले हैं। उस वाले राहुल का तो पता नहीं। लेकिन इस वाले राहुल को बता दूं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित अटल बिहारी बाजपेई की पंक्तियों को पढ़ते हुए कहा– आहुति बाकी, यज्ञ अधूरा, अपनों के विघ्नों ने घेरा, अंतिम जय का वज्र बनाने, नव दधीचि हड्डियां गलाएं। आओ फिर से दिया जलाएं। केंद्रीय मंत्री ने पंक्तियां पढ़कर फिर राहुल गांधी को निशाने पर लिया। स्मृति ने कहा इसका मतलब शायद उस 'राहुल' को ना समझ में आए लेकिन मंच पर बैठे इस राहुल को जरूर समझ में आ गया होगा। आधी आबादी के दिलों में अपनी पैठ बनाने में जुटी स्मृति ने खेल प्रतियोगिता में एक लाख 30 हजार 255 महिलाओं के प्रतिभाग करने को रिकॉर्ड बताया। उन्होंने महिलाओं का उत्साहवर्धन भी किया, लेकिन आगे की तीन पंक्तियों में पुरुषों को देखकर महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पीछे लड़कियां मुस्करा रहीं हैं। लड़कियों को पता है दौड़ें हम, जीते हम, चेयर पर बैठोगे तुम, इसीलिए प्रधानमंत्री ने देश की संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण का बिल पास किया। उन्होंने कहा कि तुम चेयर नहीं दोगे तो वो कुर्सी प्रधानमंत्री खाली करा देंगे। विधायक के 101 कन्याओं का सुमंगला खाता खुलवाने पर सभी को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे समाज को संदेश जाता है कि एक भी बेटी को पासबुक दिलवा पाए तो ये जीवन का सबसे बड़ा काम होगा।

## एक नजर

### नैतिकता के आधार पर देना चाहिए इस्तीफा : अतुल

**ऊंचाहार, रायबरेली :** कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने कहा कि ऊंचाहार विधायक जो बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं, इनके अंदर अगर थोड़ी भी नैतिकता है तो समाजवादी पार्टी और विधानसभा से इस्तीफा देकर चुनाव लड़ कर दिखाएं। ये समाजवादी पार्टी के नाम पर चुनाव जीते हैं। ऊंचाहार की जनता ने समाजवादी पार्टी के नाम पर इनको वोट देकर अपने आपको ठगा महसूस कर रही है। रायबरेली की जनता सिर्फ और सिर्फ सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ है। 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रियंका गांधी पांच लाख मतों से अधिक से जीत पक्की है। जनता जानती है कि रायबरेली का विकास सिर्फ गांधी परिवार ने किया है।

### सड़क हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे देवी बख्श मजरे खरौली गाँव निवासी भोलाराम यादव बक्से के पट्टी रहस कैथवल गांव के पास चल रहे बाईपास निर्माण में मजदूरी कर रहा था। मंगलवार की शाम काम खत्म करके साईकिल से घर वापस लौट रहा था, तभी खरौली तिराहे के पास ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सड़क पर गिरकर वो गम्भीर रूप से घायल हो गया, राहगीरों की मदद से उसे सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बुधवार की सुबह परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है, अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### संदिग्ध हालत में युवक की गई जान

**डलमऊ, रायबरेली :** संदिग्ध परिस्थिति में खेत में बेहोशी की हालत में मिले युवक को परिजनों द्वारा आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ में लाया गया, जहां पर हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे गुलाब राय मजरे डलमऊ ग्राम निवासी सौरभ कुमार (22) पुत्र रामबाबू यादव मंगलवार को सुबह से घर से अचानक गायब हो गया। काफी तलाश के बाद वह संदिग्ध स्थिति में गांव के पास खेत में बेहोशी की हालत में मिला। परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ लाया गया, जहां पर चिकित्सकों द्वारा युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान सौरभ कुमार की मृत्यु हो गई। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी मौत के कारण का पता चल सकेगा।

### विवाद करने से रोका तो प्रधान पर किया हमला

**सरेनी, रायबरेली।** मंगलवार की शाम को रानीखेड़ा गांव में घर में विवाद कर भाग रहे युवक को लड़ाई करने से रोका तो उसने ग्राम प्रधान व उसके नौकर पर बांके से हमला कर दिया। मामले की प्राथमिकी थाने में दर्ज करा दी गई है। कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में ग्राम प्रधान दयाराम ने बताया कि पड़ोस का नंदन पुत्र शिवबरन अपने घर में विवाद कर भाग रहा था, उन्होंने उसे झगड़ा करने से रोका तो उसने उन्ही पर बांके से हमला कर दिया। साथ में उसके नौकर रामसरन यादव को भी चोट आई है। प्रतिपक्षी ने अपशब्दों का इस्तेमाल किया व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल संजय कुमार का कहना है कि ग्राम प्रधान की तहरीर पर रिपोर्ट लिख ली है। जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

# लिटिल एंजल में मना वार्षिकोत्सव

परशदेपुर, रायबरेली।

**छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध**

**अमृत विचार।** कस्बे के लिटिल एंजल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। उसके बाद मुस्कान पाल ने गीत ऐसा देश है मेरा..., शालिनी पांडेय ने मैया यशोदा..., कंचन मौर्या ने वो कृष्णा है... नंदिनी अंशिखा ने भोले डमरू वाले, आयुषी, श्रेया व सृष्टि ने दिल है छोटा सा... दीपाली, पलक व काव्या ने दिल है हिंदुस्तानी... महक, लक्ष्मी व गौरी ने चंदा ने पूछा तारों से...गीत पर लोगों की खूब तालियां बटोरी।

अरुण गुप्ता, शिवांश पांडेय, विशाल कोरी, आदित्य मोदनवाल, सत्यम सरोज, विशाल, शिवा गौतम, आदित्य यादव, अंश, प्रांजल केसरवानी आदि ने अंगद रावण संवाद का मंचन और माही पांडेय, सौम्या, नंदिनी मिश्रा, अंशिका शर्मा, सोनाली शर्मा, श्रृष्टि शर्मा, अन्नू मौर्या, साक्षी सरोज, सुप्रिया गौतम, अंजली मौर्या, शबनम, पलक साहू कैकेई की करनी नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पहुंचे सलोन विधायक अशोक कुमार ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर प्रबंधक रजनीश पांडेय, देवेश प्रताप सिंह, कृष्णानंद मिश्रा, बाबू लाल मिश्रा, राम आसरे मिश्रा, अनूप पाण्डे, भानु प्रताप सिंह, राम शंकर पाण्डे, नीरज पाण्डेय, अंबुज, दीपक आदि मौजूद रहे। संचालन अब्दुल मजीद ने किया।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय थुलवासा में विदाई समारोह का आयोजन

**संवाददाता, रायबरेली।** बुधवार को अमावां ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा-8 के बच्चों की विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों को उपहार के साथ गुरुजनों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। इंचार्ज प्रधानाध्यापक फरीदा बेगम ने कहा कि विद्यार्थी अपना लक्ष्य का निर्धारण करके आगे एकाग्रता से आगे बढ़ें, तो ऐसी कोई मंजिल नहीं है, जो प्राप्त नहीं हो सकती है। शिक्षिका ऊषा सिंह ने कहा कि विदाई जीवन का वह भावुक क्षण हैं जो दु:खी करता है लेकिन जीवन में आगे बढ़ने के लिए किसी को विदाई देनी हो तो वह सुख का कारण होता है। विद्यालय की छात्रा नेहा, प्रिया, पूजा, रोशनी, काजल, राइबा खान ने विदाई समारोह के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर अध्यापक धर्मेंद्र तिवारी, अंकिता, मनोज, राजेश वर्मा, कृष्ण गोपाल, छात्र शिवम, अनुराग, अमितेश सैनी, विकास, मोहित, काजल, नैंसी आदि मौजूद रहे।

# मातम में बदल गई खुशियां बरात आए अधेड़ की मौत

ऊंचाहार , रायबरेली।

**अमृत विचार।** पूरी रात शादी की शहनाइयां बज रही थी, मंगलगीत गाती महिलाएं खुशी से झूम रही थी, हर तरफ उल्लास था। अचानक ऐसा हुआ कि सारी खुशियां काफूर हो गई। इससे पहले कि कोई कुछ कर पाता बरात आए एक अधेड़ की मौत हो चुकी थी। सब कुछ इतना अचानक हुआ कि कोई कुछ समझ ही नही पाया।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव किरवाहार मजरे सांवापुर नेवादा का है। मंगलवार को गांव के राजकुमार लोधी की पुत्री रानी की शादी थी। जिसके लिए गदागंज थाना क्षेत्र के गांव चबैनीहार से बारात आई हुई थी। इस बरात में डलमऊ से राम जियावन बरात आए थे। रात भर शादी की रस्मों के बीच नाच गाना होता रहा। बराती भी रात भर शादी की खुशियों में झूम रहे थे। पूरी रात रस्में निभाई गई। प्रातःकाल जब शादी संपन्न हो गई और महिलाएं मंगलगीत गा रही थी, तभी अचानक राम जियावन के सीने में दर्द हुआ। उन्होंने अपने साथी बारातियों को अपनी पीड़ा बताई।

तत्काल एक कार से उनको अस्पताल ले जाने की तैयारी हो रही थी कि उन्होंने दम तोड़ दिया। अचानक हुई अधेड़ की मौत से पूरा माहौल बदल गया। कुछ पल पहले जो महिलाएं मंगलगीत गा रही थी, वह रोने बिलखने लगी। पूरा खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। अचानक घटी इस घटना से हर कोई हतप्रद था। शव को भेजने के बाद शादी की शेष बची रस्मों की औपचारिकता पूरी की गई। दोपहर वधू की विदाई की रस्म भी हुई।

## सार-संक्षेप

### सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत


गमगीन मृतक के परिजन।

**शिवगढ, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाईवे पर रानीखेड़ा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता पुत्र के मौत की मौत हो गई। परिजनों की तहरीर पर शिवगढ़ पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की देर रात महेश यादव पुत्र परमेश्वर अपने बेटे अनिल कुमार यादव निवासी कुरीना रामनगर जनपद बाराबंकी के साथ बछरावां स्थित एक मैरिज लान में आयोजित तिलकोत्सव समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। रास्ते में रानीखेड़ा गांव के पास उनकी बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अनिल की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही गम्भीर रुप से घायल महेश को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सीएचसी बछरावां ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है परिजनों की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### जनता के सुझाव पर भाजपा तैयार करेगी संकल्प पत्र



सुझाव पेटी के साथ खडे भाजपा नेता। अमृत विचार

**शिवगढ़,रायबरेली।** आगामी लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करने को लेकर भाजपा ने कमर कस ली है। जिसको लेकर भाजपा अपना संकल्प पत्र तैयार करने के लिए आम जनता से सुझाव आमंत्रित कर रही है, जिसकी जानकारी मंगलवार को प्रेस वार्ता के माध्यम से शिवगढ़ ब्लाक प्रमुख कुंवर हनुमंत प्रताप सिंह द्वारा दी गई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जो वादा करती है उसे पूरा करती, भाजपा की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। उन्होंने बताया कि बछरावां विधानसभा क्षेत्र के चार मण्डलों में कुल 30 जगहों पर सुझाव पेटिका वैन भेजी जाएगी, जिसके माध्यम से लोग अपने सुझावों या मांगों को लिखित रूप से सरकार या पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचा सकेंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री शरद सिंह, विधान सभा संयोजक सरोज गौतम,मंडल अध्यक्ष डा. जी बी सिंह, परवेश वर्मा, शिवेंद्र शुक्ला, पंकज मिश्रा, साहबदीन, श्रवण पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

### आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में रायबरेली अव्वल

**रायबरेली।** पुलिस विभाग की जन सुनवाई पोर्टल जहां लोगों के लिए फायदेमंद है वहीं विभाग का भी मान बढ़ रहा है। एसपी अभिषेक अग्रवाल के नेतृत्व में महकमें ने प्रदेश की रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं वाली समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) से प्राप्त शिकायतों को समयबद्ध और गुणवतापूर्ण तरीके से निस्तारित करने में जिले की पुलिस को फरवरी माह की रैकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त मिला है। जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मुख्यमंत्री कार्यालय से मूल्यांकन करने पर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में रायबरेली की कार्रवाई शत प्रतिशत रही। इस आधार पर जिले को प्रथम स्थान मिला है। एसपी अभिषेक अग्रवाल लगातार जनसुनवाई पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के त्वरित और समयबद्ध निस्तारण के लिए क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों को निर्देशित करते रहे है। उनका कहना था कि पोर्टल पर आने वाली शिकायतों को निश्चित समय के तहत पीड़ितों से बेहतर तालमेल कर उनको सम्पादित करें। एसपी की मेहनत की वजह से जहां जिले को प्रथम स्थान मिला है वही जिले के 16 थाना भी अव्वल रहे है।

### छप्पर में आग लगने से गृहस्थी राख


आग से हुए नुकसान को देखते पीड़ित परिवार के लोग।

**ऊंचाहार, रायबरेली :** अज्ञात कारणों से छप्पर में लगी आग से उसके नीचे रखी हजारों कीमत की गृहस्थी जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंचकर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा नुकसान का आंकलन किया गया है। मामला क्षेत्र के हरबंधनपुर मजरे जब्बारीपुर गांव का है। उक्त गांव निवासी अखिलेश कुमार के घर के बाहर रखे छप्पर में बुधवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई, जब तक आसपास मौजूद लोगों द्वारा आग पर काबू पाया जाता, तब तक उसके नीचे रखे, कपड़े, बिस्तर व अनाज आदि हजारों कीमत की गृहस्थी जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल अजय तिवारी ने नुकसान का आंकलन किया है। पीड़ित के मुताबिक तकरीबन 20 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

### विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

**लालगंज,रायबरेली।** सरेनी विधानसभा के संयोजक सुशील शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र के कई स्थानों पर नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत पश्चिम बंगाल के बारासती में हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिला शक्ति के संबोधन का लाइव प्रसारण सुना गया। लाइव प्रसारण लालगंज में चार , गेगासो, सरेनी, बेनीमाधवगंज और डलमऊ में एक एक स्थान पर सुना गया। नारी शक्ति बंधन अभियान के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 9 जनवरी को भाजपा ने देश में 'नारीशक्ति वंदन अभियान' शुरू किया था, इस दौरान देश भर में लाखों स्वयं सहायता समूहों से संवाद किया गया। पीएम मोदी ने नारी शक्ति की वंदना करते हुए कहा कि मेरे देश की बहनें ही तो मोदी का परिवार हैं। मोदी के शरीर का कण-कण और जीवन का क्षण-क्षण इसी परिवार के लिए समर्पितहै। जब मोदी को कोई कष्ट होता है तो यही माताएं-बहनें-बेटियां कवच बनकर खड़ी हो जाती हैं। केंद्र में एनडीए की सरकार की वापसी देख अब इंडिया गठबंधन के सारे नेता बौखला गये है। नारी शक्ति बंदन कार्यक्रम मे विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी, भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, दिवाकर मिश्रा, जगन्नाथ पांडे ,विकेश द्विवेदी, सिद्धांत पांडे, गोविंदा सविता , राजेंद्र विश्वकर्मा, सुबोध बाजपेई, महेंद्र पटेल, राजेश निर्मल व आशीष कुमार आदि रहे।

# रेलवे फाटक बंद होने पर ग्रामीणों ने दी चेतावनी

जगतपुर, रायबरेली।

**ग्रामीणों ने दिया धरना, लोगों का है यही प्रमुख रास्ता**

**अमृत विचार।** लखनऊ-प्रयागराज रेलवे खंड पर चांदमऊ गांव के पास रेलवे फाटक बनाया गया था। जिसको लेकर रेल विभाग अब उसी फाटक को बंद कर रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने फाटक के पास खड़े होकर प्रदर्शन किया और फाटक बंद होने की स्थिति पर लोकसभा चुनाव में मतदान करने से बहिष्कार करने की चेतावनी दी।

बुधवार को चांदमऊ गांव के पास रेल विभाग द्वारा बने फाटक को बंद करने के लिए कर्मचारी पहुंचे और मनमाने तरीके से फाटक को बंद करने का प्रयास कर रहे थे। इस बात की भनक लगते ही पूर्व प्रधान वीरेंद्र बहादुर सिंह व सैकड़ों ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और प्रदर्शन करने लगे। ग्रामीण जितेंद्र सिंह, रिंकू सिंह, गंगा प्रसाद, शैलेंद्र सिंह, शुभम प्रजापति, हरिनाथ, अनुज, संदीप, सरयू प्रसाद, रमेश आदि लोगों का कहना है कि गांव चार भागों में बंटा है, यही मुख्य मार्ग है। जिससे लोग आते जाते हैं। इतना ही नही लाइन उस पार प्राथमिक विद्यालय है जिसमें गांव के बच्चे पढ़ने भी जाते हैं। रेल विभाग अपनी मनमानी पर उतारू होकर जबरन फाटक को बंद कर रहा है। ग्रामीणों ने चेताया कि अगर रेल विभाग अपनी मनमानी करेगा तो वह लोग भी होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे। प्रदर्शन करते हुए लोगों ने कहा कि अगर यह फाटक बंद कर दिया गया तो 9 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ेगा। इस मार्ग से लगभग दो हजार लोग प्रतिदिन गुजरते हैं। जिससे सभी के लिए बड़ी समस्या बन जाएगी। मौके पर मौजूद आरपीएफ के संजय कुमार सिंह से ग्रामीणों ने बात की और एक सप्ताह तक फाटक न बंद करने की मांग पर अड़े रहे। वहीं, आरपीएफ के दरोगा ने ग्रामीणों की समस्या को दूरभाष से उच्च अधिकारियों से अवगत कराया है।

### पॉक्सो एक्ट में वांछित को दबोचा

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार :** गुरुबक्शगंज पुलिस ने फरार चल रहे पास्को एक्ट में वांछित आरोपी को बुधवार की सुबह डोमापुर मोड़ के समीप गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने बताया कि हिरासत में लिए गए वांछित रामप्रताप निवासी टेंगनाहार मजरे लोहड़ा पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा रहा है।

# पावर एंजल से छात्राएं होंगी सशक्त

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचारः** जूनियर परिषदीय विद्यालय की छात्राओं को अब पावर एंजल के रूप में निखारा जाएगा। प्रत्येक जूनियर व कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में पावर एंजल का गठन किया जा रहा है, जिसको लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय में चल रहे प्रशिक्षण के समापन अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव ने सुगमकर्ताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।

बालिका शिक्षा रिसोर्स पर्सन व प्रभारी मीना मंच एसएस पाण्डेय ने बताया कि विकासखंड महराजगंज के उच्च प्राथमिक व संविलियन विद्यालयों में कार्यरत 32 सुगमकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य बिंदु परिषदीय विद्यालयों में 6, 7, 8 कक्षा से एक -एक छात्रा का पावर एंजल के रूप में चुनाव कर उनके कार्य, दायित्व निर्धारण के लिए प्रगति के पंख नामक पत्रिका से सुगमकर्ताओं द्वारा मार्गदर्शन मिलेगा। मास्टर ट्रेनर प्रीति शुक्ला व श्रद्धा चौबे ने बताया कि जो छात्राएं पावर एंजल बनेंगी, वे सभी भविष्य में अपनी उड़ान को प्राप्त करेंगी। जल्द से जल्द कक्षावार पावर एंजल का गठन कर छात्राओं को सशक्त, मुखर व सक्रिय बनाते हुए हेल्पलाइन नंबर, एनीमिया, बाल विवाह दहेज प्रथा का विरोध सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर यूनिसेफ टीम से गौरव त्रिपाठी, अशोक शुक्ला सहित मीनाक्षी, तारा सिंह, पूजा सिंह, कीर्ति सिंह सहित दर्जनों शिक्षिकाएं मौजूद रही।


पावर एंजल गठन कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं।

### हरी झंडी दिखा वीडियो वैन को किया रवाना

**संवाददाता, रायबरेली :** विकसित भारत संकल्प पत्र यात्रा मोदी की गारंटी वीडियो वैन को भाजपा ज़िला कार्यालय अटल भवन त्रिपुला से ज़िला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र तिवारी, अभियान के संयोजक पुष्पेन्द्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वैन जिले के सभी क्षेत्रों में जाएगी। इसमें एक सुझाव पेटिका रखी है, उसमें आमजन अपने सुझावों को लिखकर डाला जाएगा, जो कि भाजपा अपने संकल्प पत्र में उन सुझावों को जोड़ेगी। ये अभियान 15 मार्च तक चलेगा। प्रत्येक विधान सभाओं से सुझावों को इकट्ठा करने के लिए 30 से 40 कार्यक्रम होंगे। प्रति दिन एक वैन 10 कार्यक्रम करेगी। इस मौके पर ज़िला मीडिया प्रभारी विनय शुक्ला, पूर्व ज़िलाध्यक्ष आरबी सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष निखिल पांडेय, विधान सभा संयोजक विवेक शुक्ला, सह संयोजक मुन्ना पांडेय, रत्नेश मिश्रा, सुधा अवस्थी, विश्व प्रकाश पाठक, दिलीप द्विवेदी, सुमित पांडेय, मुकेश सिंह, नगर संयोजक शिवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


मोदी की गारंटी वीडियो वैन का शुभारंभ करते भाजपा लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र, जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल व अन्य।

**आयोजन** — एनटीपीसी ने दिव्यांगजनों को सहायता उपकरणों का वितरण

# दिव्यांगजन स्वयं में बहुत सक्षम होते है : मनदीप

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** एनटीपीसी के नैगम सामाजिक दायित्व की ओर से ट्राई साइकिल वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें सुरेखा सहित आसपास के कई गांवों के अन्य लोगों को ट्राई साइकिल, हियरिंग डिवाइस, सुगम्या स्मार्ट स्टिक, आर्टिफिशियल लिम्स, व्हील चेयर, ई-ट्राइकिल व अन्य उपकरणों का वितरण किया गया। एनटीपीसी ऊंचाहार परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा व उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ चौधरी ने दिव्यांगजनों का उत्साहवर्धन करते हुए आगे भी मदद करने का भरोसा दिया।

एनटीपीसी परियोजना प्रमुख ने कहा कि दिव्यांगजन स्वयं में बहुत सक्षम होते हैं। उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए केवल एक उम्मीद की ही आवश्यकता होती है। दिव्यांगजनों को इन उपकरणों के वितरण के साथ ये एनटीपीसी ऊंचाहार का प्रयास है कि हम आसपास के ग्रामीणों दिव्यांगजनों के जीवन में उम्मीद जगा सकें कि वो भी आगे बढ़ सकते हैं, अपने सपने पूरे कर सकते हैं और अपना व देश का नाम रौशन कर सकते हैं। उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ चौधरी ने कहा कि एनटीपीसी द्वारा किए जा रहे कार्य प्रशंसनीय हैं। एनटीपीसी नैगम सामाजिक दायित्व के माध्यम से ग्रामीण लोगों के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित किया करती है, जिसका प्रभाव इस क्षेत्र में रहते हुए दैनिक तौर पर देखा जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधन नैगम सामाजिक दायित्व स्नेहा त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस मौके पर मानव संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


ट्राई साइकिल देते एनटीपीसी ऊंचाहार परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा व अन्य।

# साध्वी की स्मृति में 26 वर्षों से होता है श्रद्धालुओं का समागम

सरेनी , रायबरेली।

**आसपास के जिलों से शामिल होते हैं हजारों लोग**

**अमृत विचार।** क्षेत्र के लोगों की आस्था, भक्ति और विश्वास का केंद्र बन चुके आदि शक्ति मां सूर्य कुमारी के पुण्य स्थल पर आज गुरुवार को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा। विगत 26 वर्षों से अनवरत हो रहे इस आयोजन में आसपास के जनपदों से लोग आते हैं। कार्यक्रम का आयोजन आदि शक्ति मां भक्त सुरेश सेवा संस्थान कोरवां बिढुली द्वारा किया जाता है। यह आयोजन आदि शक्ति मां सूर्य कुमारी के इच्छित निर्वाण दिवस 7 मार्च 1998 से शुरू हुआ था। गुरुवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इसमें रायबरेली जनपद के आपका उन्नाव और फतेहपुर जनपद से भी मां के श्रद्धालु पहुंचते हैं। दिन भर चलने वाले भंडारे में करीब पांच हजार लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं। ज्ञात हो कि आदि शक्ति मां भक्त सुरेश सेवा संस्थान द्वारा साल भर विशेष अवसरों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिसमें वृहद स्तर पर स्वास्थ शिविर, रोजगार मेला, प्रतिभावान बच्चों का सम्मान और उन्हे छात्रवृत्ति के साथ साथ गरीब कन्याओं का विवाह में मदद भी की जाती है। सात मार्च गुरुवार को होने वाला यह आयोजन उत्तर वाहिनी मां गंगा तट राल पुर में किया गया है। संस्थान के पदाधिकारी डा. अंजनी कुमार अग्निहोत्री ने बताया कि मां आदि शक्ति की कृपा से क्षेत्र के हजारों लोग हर वर्ष लाभान्वित होते हैं। उन्होंने भंडारे में सभी जनमानस को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

# कल 60 मंदिरों में धूमधाम से होगी महाशिवरात्रि की पूजा-अर्चना

**तैयारी**

▸▸ अलर्ट मोड पर पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था की गई कड़ी

हरदोई कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इस बार महाशिवरात्रि का पर्व आठ मार्च को है। महाशिवरात्रि के अवसर पर जिले के 60 मंदिरों में कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसको लेकर पुलिस प्रशासन ने अभी से ही खाका खींचना शुरू कर दिया है।



तिकुनियां पार्क स्थित शिवभोले मंदिर।

शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व है। इस पर्व पर सुबह से ही मंदिरों में जयघोष के साथ शिव भक्त भगवान भोले नाथ का गंगाजल से अभिषेक शुरू कर देंगे। शिवरात्रि पर्व पर कुछ शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल भी लेकर आ रहे है। इस पर्व पर शिव भक्त व्रत भी रखेंगे। चूंकि शिवालयों पर गुरुवार को सुबह से ही शिव भक्तों का पहुंचना शुरु हो जाएगा तो सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस भी अलर्ट हो गई है। पुलिस अधीक्षक केशवचन्द गोस्वामी ने जनपद पुलिस को शिवालयों पर गुरुवार सुबह से ही पहुंच कर व्यवस्था संभालने के आदेश दिए है। मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रहेंगी। कोई शरारती तत्व इस दौरान कोई हरकत न कर दें। पुलिस को चौकन्ना रह कर शरारती तत्वों पर विशेष निगाहें रखने के आदेश दिए है। पुलिस के अलावा खुफिया तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि गुरुवार को जिले के सभी मंदिरों पर सुरक्षा को लेकर पुलिस की पैनी निगाह रहेंगी। जिले में 60 मंदिर ऐसे है जहां पर शिवरात्रि पर्व पर भक्तों की ज्यादा भीड़ रहती है। सभी शिवालयों के आसपास पुलिस सुबह से ही तैनात रहेगी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन से रिजर्व कर्मचारियों, पीएसी बल को भी तैनात किया जा रहा है। जनपद में सेक्टर व्यवस्था भी लागू की गई है।

### कल होगा महाशिवरात्रि महोत्सव

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** शिव सत्संग मंडल का महाशिवरात्रि महोत्सव 8 मार्च को शाम 8 :30 बजे से ग्राम हुसेनापुर धौकल स्थित आश्रम में होगा। यह जानकारी देते हुए संचालक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। सिद्धनाथ बाबा मंदिर की साफ-सफाई का कार्य पूर्ण हो गया है। श्रद्धालुओं की आस्था के प्रतीक आश्रम के शिवालय में महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों की भीड़ उमड़ती है। गैर जनपदों के शिवभक्त भी महादेव के दर पर मत्था टेकने आते हैं। जिला मुख्यालय से गंगाजल लेकर 22 किमी की दूरी पैदल तय करके शिवभक्त मंदिर व आश्रम में पहुंचते हैं। महाशिवरात्रि महोत्सव में सत्संगी जन सपरिवार पहुंचते हैं। विधि-विधान से महादेव का पूजन करके लोग पूरी रात जागकर भजन का आनंद उठाते हैं। शिवालय को आकर्षक तरीके से सजाया जाता है। यहां श्रद्धालुओं का विश्वास है कि आश्रम के शिवलिंग पर जल चढ़ाने से बड़ी आत्मिक संतुष्टि मिलती है। मान्यता है कि सिद्धनाथ बाबा मंदिर, हुसेनापुर का निर्माण आत्मस्वरूपस्थ संत श्रीपाल ने कराया था।

## सार-संक्षेप

### पीएम मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा



पीएम का संबोधन सुनतीं भाजपा विधायक अलका अर्कवंशी व अन्य।

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार :** नगर में नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम के समापन के अवसर पर भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वेस्ट बंगाल के बरासत से लाइव संबोधन नगर पालिका परिषद में सुना गया। जिसमें मोदी ने कहा कि देश की जनता उनका परिवार है व नारी शक्ति को समाज में आगे बढ़ाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने बहुत से प्रयास किया। इस अवसर पर सण्डीला विधानसभा की जन प्रिय विधायक अलका सिंह अर्कवंशी , विजेता गुप्ता ईओ नगरपालिका परिषद, प्रदीप जायसवाल, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा भाजपा नगर अध्यक्ष नितीश जायसवाल, समाजसेवी अंगूरी शंकर सिन्हा, मण्डल उपाध्यक्ष सौरभ गुप्ता, नरेश अर्कवंशी, रिंकू सक्सेना, शिवम् सिंह दोनों महामंत्री अमित कुमार शर्मा, ऋषभ खन्ना, नगर मंत्री अल्पना अस्थाना, अनुज सिंह, गोविंदा अर्कवंशी, कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक, छाया पाण्डेय महिला मोर्चा अध्यक्ष, बिन्देश्वरी सिंह जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, मिथलेश विश्वकर्मा, डा हरिओम तिवारी शक्ति केंद्र प्रभारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### शिक्षकों ने समस्याओं को लेकर किया विरोध-प्रदर्शन




विरोध-प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार :** ब्लॉक के संसाधन केंद्र पर जूनियर शिक्षक संघ इकाई मल्लावां ने शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी मल्लावां को ज्ञापन सौंपकर लिपिक व खण्ड शिक्षा अधिकारी की लापरवाही के चलते संभावना जताई कि होली पर वेतन न मिलने से होली का रंग शिक्षकों के लिए फीका रहेगा। ज्ञापन में मांग की है कि विगत जुलाई 2023 वह भी 17 शिक्षकों की वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं लगाई गई थी, जिनकी बाद में अगस्त सितंबर 2023 में लगाई गई। माह जनवरी में भी 12 शिक्षकों की वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं लग सकी। दो फरवरी को पोर्टल खुलने के बाद भी वेतन वृद्धि नहीं लगाई गई। ज्ञापन में समस्त समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की गई है।

### बैंककर्मियों की मिलीभगत से खातेदार को लगाया चूना

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** क्षेत्र की एक्सिस बैंक में एक खातेदार ने खाते से अटैच मोबाइल नंबर बदल कर खाते से एटीएम के माध्यम से एक माह में ढाई लाख का गबन करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। शाहाबाद के मोहल्ला गिलजई निवासी रियासत अली पुत्र नासिर अली ने बताया उसका एक्सिस बैंक की कस्बे स्थित शाखा में सेविंग एकाउंट है। वह दिल्ली में काम करता है। उसके खाते में उसका 9718025714 मोबाइल नंबर अटैच था। 28 जून 2023 से 20 जुलाई 2023 तक एक माह में उसके खाते से दो लाख 67 हजार रुपए बैंक कर्मियों की मिलीभगत से गबन कर लिए गए। वह इस पैसे से अपना मकान निर्माण करना चाहता था। जब वह पैसे निकालने बैंक गया तो बैंक कर्मी ने बताया उसके खाते में पैसे नहीं हैं। पूछने पर बैंक वालों ने बताया 8756332136 नंबर पर मैसेज गया है। एटीएम से पैसा निकाला गया है। पीड़ित ने बैंक वालों पर दूसरा नंबर उसके खाते से अटैच करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच शुरू की है।

## एक नजर

### दिव्यांग लापता

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** कस्बे के मोहल्ला महमंद में एक दिव्यांग के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। कस्बे के मोहल्ला महमंद निवासी गुलजार पुत्र रईस वारसी ने बताया कि उसका भाई आमान (16) मंगलवार शाम घर से कहीं चला गया है। वह विकलांग है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है।

### तमंचे के साथ गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** कोतवाली के मोहल्ला अख्तियारपुर के समीप पुलिस ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को तमंचे सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उप निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया मंगलीपुर तिराहे पर राम निवास पुत्र रघुवर (32) निवासी लालपुर को 315 बोर के तमंचे के साथ दबोचा गया।


### लंबी बीमारी से प्रधानाचार्य का निधन, शोक की लहर

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ, हरदोई की माधौगंज इकाई के अध्यक्ष राजेश वर्मा का लंबी बीमारी से आकस्मिक निधन हो गया है। राजेश वर्मा उच्च माध्यमिक विद्यालय पिलखना में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत थे। उनके निधन पर खंड शिक्षा अधिकारी गिरिजेश कटियार, प्रियतम सिंह, नीरज गुप्ता, यतीन्द्र भदौरिया, मनोज प्रताप सिंह, सुभाष चन्द्र, यशपाल सिंह, श्याम किशोर, राजीव सिंह , सुनीता मिश्रा, मिथलेश देवी, प्रियंका श्रीवास्तव ने शोक व्यक्त किया है।

# जच्चा-बच्चा की मौत, शव को बाहर निकाल नर्सिंग होम में डाला ताला

## जिंदपीर चौराहा ओवरब्रिज के पास है नर्सिंग होम, घर वालों से की गई गाली-गलौज

हरदोई कार्यालय



**अमृत विचार:** शहर के एक नर्सिंग होम में गलत इलाज होने से जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। उसके बाद दोनों के शवों को बाहर निकाल कर नर्सिंग होम में अंदर से ताला डाल दिया गया। इतना ही नहीं जब घर वाले मौत का मातम मना रहे थे तो उन्हे गाली-गलौज करते हुए वहां से भगा दिया गया।



नर्सिंग होम के बंद गेट के बाहर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

बताया गया है कि हरियावां थाने के भदेवरा निवासी इलियास ने अपनी 23 वर्षीय पत्नी शिवानी को प्रसव पीड़ा होने पर आशा बहू सरोजनी के कहने पर उसे शहर में जिंदपीर चौराहा ओवर ब्रिज के पास एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। जहां मंगलवार को उसके ऑपरेशन से प्रसव हुआ, उसके कुछ देर बाद बच्चे की मौत हो गई। जैसा कि घर वालों का कहना है कि बेहोशी का इंजेक्शन देने के बाद ऑपरेशन हुआ और ऑपरेशन होने के काफी देर बाद भी शिवानी को होश नहीं आया, जब उसकी और हालत बिगड़ी गई। इस बारे में जब वहां मौजूद घर तो वहां के स्टॉफ को बताया, लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। नतीजतन शिवानी ने भी वहीं पर दम तोड़ दिया। इसके फौरन बाद किसी तरह के बवाल से डर कर दोनों के शवों को बाहर निकाल कर नर्सिंग होम के गेट में अंदर से ताला डाल दिया गया। जच्चा-बच्चा की मौत होने पर घर वाले रोते-बिलखते हुए मातम मना रहे थे।वहां का स्टाफ हमदर्दी दिखाने के बजाय साथ गाली-गलौज करने लगा। घर वालों का कहना है कि फिलहाल उन्होने पुलिस को तहरीर नहीं दी है, उधर पुलिस का कहना है कि तहरीर आते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नर्सिंग होम में दम निकलने के बाद भी रेफर करने का चला गया दांव

नर्सिंग होम में ऑपरेशन के कुछ देर बाद बच्चे और फिर उसके बाद जच्चे की मौत हो गई। शिवानी के पति इलियास का कहना है कि उसकी पत्नी जच्चे की मौत होने के बाद भी वहां के स्टाफ ने उससे मरीज़ को रिफर करते हुए कहीं और ले जाने को कहा, लेकिन जब उनका दांव नहीं चला तो उन्होने शव को बाहर निकाल कर ताला डाल दिया।

### कुछ पल के लिए आई खुशी दे गई ज़िंदगी भर का गम

इलियास की शादी करीब ढ़ाई साल पहले कोतवाली देहात के गरीब पुरवा निवासी मोहम्मद साबिर की बेटी शिवानी से हुई थी। घर वाले नन्हे मेहमान के इंतज़ार में थे, काफी इंतज़ार के बाद वह मौका आया, घर वाले काफी खुश थे, मंगलवार को शिवानी ने नन्ही परी को जन्म दिया तो हर किसी के चेहरे खिल उठे, लेकिन कुछ पल के लिए आई खुशी ज़िंदगी भर के लिए गम दे कर चली गई।

### आशा बहू ने सरकारी अस्पताल में जाने से रोका था

शिवानी के घर वालों की बातों पर यकीन करें तो जब प्रसव का मौका आया तो आशा बहू सरोजनी ने कहा था कि सरकारी अस्पताल में सही से इलाज नहीं होता है, उसी ने नर्सिंग होम में गारंटी से बेहतर इलाज कराने का दम भरा था, घर वालों ने भी उसकी बात पर यकीन कर लिया, लेकिन किसी पता था कि घर से जा रही शिवानी फिर कभी वापस नही आएगी।

## ममेरे भाई की शादी वाले दिन दी जान

**हरदोई, अमृत विचार:** पत्नी के मायके चले जाने से नाराज उसके पति ने ममेरे भाई की शादी वाले दिन ही पत्नी के दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही उसके घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

बताया गया है कि बेनीगंज कोतवाली के बहीपरा गांव निवासी रामचरन के 24 वर्षीय पुत्र देशराज की शादी पिछले साल कोतवाली देहात के जियाहा गांव से ओमप्रकाश की पुत्री ज्योति के साथ हुई थी। देशराज अपने दो भाइयों में बड़ा था, उसकी दोनों बहनों की शादी हो चुकी है, छोटा भाई उदयराज है। 4 फरवरी को देशराज के ममेरे भाई की शादी थी, लेकिन उससे पहले ही पत्नी ज्योति उससे झगड़ कर अपने मायके चली गई, उसके इस तरह जाने से देशराज काफी नाराज़ था। सोमवार (4 फरवरी) को उसकी मां रामदेवी, चाचा प्रकाश और चाची के अलावा सभी घर वाले शादी में शामिल होने नौआखेड़ा गांव गए हुए थे। मंगलवार को जब वापस लौटे तो देखा कि कमरें के अंदर देशराज का शव दुपट्टे से फांसी पर लटक रहा था। इसका पता होते ही वहां कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# मेडिकल स्टोर पर छापे में पकड़ी गई एक्पायरी दवाएं

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार:** मेडिकल स्टोर की आड़ में दम निकालने वाली दवाओं का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। लोगों की जिंदगी के साथ कैसा खिलवाड़ हो रहा है, इसका खुलासा तब हुआ जब औषधि प्रशासन और सीएचसी सुरसा की टीम ने एक मेडिकल स्टोर पर छापामारी की जहां से एक्सपायरी और बैंड हो चुकी दवाएं बेंचते हुए पकड़ी गई। छापामारी होने से वहां अफ़रा-तफरी मच गई।

औषधि प्रशासन को पता चला कि सुरसा थाने के सेमरा चौराहे पर एक मेडिकल स्टोर पर एक्सपायर और बैंड हो चुकी दवाएं बेंची जा रही हैं। इस पर बुधवार को सीएचसी सुरसा के अधीक्षक डॉ. सागर चौधरी के साथ औषधि प्रशासन की टीम ने वहां छापामारी की। इस दौरान वहां बहुत सी एक्सपायर हो चुकी और बैंड हो चुकी दवाएं पकड़ी गई। टीम ने वहां से दवाओं के कई नमूने लिए और संचालक जगमोहन से ज़रूरी पूछताछ की। इस बारे में अधीक्षक डा. चौधरी का कहना है कि छापामारी के दौरान तमाम खामियां सामने आई है। फिलहाल सारे मामले की और गहराई से जांच की जा रही है। लिए गए नमूने की जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने का अब कोई खेल नहीं चल पाएगा।

## पुरानी गल्ला मंडी में खाद्य टीम ने की छापामारी

**शाहाबाद, हरदोई अमृत विचार:** होली पर्व नजदीक आने के साथ-साथ खाद्य विभाग भी सक्रिय हो गया है। खाद्य विभाग ने बुधवार दोपहर तक औचक छापेमारी की लेकिन अधिकांश दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों के शटर गिराकर भाग गए। पुरानी गल्ला मंडी में किराना कारोबारी बंटू गुप्ता के यहां खाद्य विभाग की टीम ने दालचीनी का सैंपल लिया। खाद्य निरीक्षक खुशीराम ने बताया कि सैंपल जांच के लिए भेजा जाएगा, परिणाम आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी से पुरानी गल्ला मंडी, बासित नगर रोड, पुरानी सब्जी मंडी, घंटाघर आदि स्थानों के कारोबारी भाग गए। टीम में अजीत सिंह अनुराधा कुशवाहा सतीश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# शराब ठेके के पीछे मिला युवक का शव

हरदोई कार्यालय

**अमृत विचार:** शराब ठेके के पीछे एक युवक का शव पड़ा होने से समूचे इलाके में सनसनी फ़ैल गई। हालांकि लोगों का कहना है कि हद से ज़्यादा शराब पीने से युवक की मौत हुई, जबकि पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।



मौके पर जांच करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

बताया गया है कि साण्डी कस्बे के मोहल्ला सराय मुल्ला गंज निवासी 35 वर्षीय प्रमोद कुमार पुत्र ब्रज बिलास के दो बड़े और एक छोटा भाई है। करीब छह साल पहले उसकी पत्नी उसे छोड़ कर अपनी तीनों बेटियों को साथ लेकर चली गई थी। बताते हैं कि बुधवार की सुबह कस्बे के शराब ठेके के पीछे फैय्याज़ के कारखाने के आगे पड़ी टीन शेड के नीचे प्रमोद का शव पड़ा हुआ देखा गया। इसका पता होते ही वहां भीड़ लग गई। कहा जा रहा है कि शराब के लती प्रमोद ने हद से ज़्यादा शराब पी ली थी, जिससे उसकी मौत हुई। वहां पहुंचे उसके बड़े भाई मनोज कुमार ने बताया कि वह शराब का आदी हो चुका था, उसकी इसी लत से परेशान हो कर पत्नी भी साथ छोड़ कर चली गई थी। शराब के लिए उसने अपने हिस्से की ज़मीन तक बेंच दी थी। कहने को उसके पास धेला तक नहीं बचा था। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए इस बारे में आस-पास वालों से पूछताछ की। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

### दूसरे के टुकड़ों पर बीत रही थी ज़िंदगी

प्रमोद के बारे में कहा जा रहा है कि शराब की लत ने उसे दाने-दाने का मोहताज बना दिया था। सारा कुछ गंवाने के बाद उसके अपने भी पराए हो गए। हालत ऐसी हो गई कि जीने के लिए उसे दूसरों के टुकड़ों का सहारा लेना पड़ा और उन्ही के टुकड़ों पर उसकी ज़िंदगी कट रही थी।

### कहीं भूख तो नहीं निगल गई ज़िंदगी

लोगों का कहना है कि प्रमोद कई दिनों से बीमार था और शराब ठेके के पास पड़ा था। ठीक हालत में वह चलकर गुजर-बसर का जरिया तलाश लेता थालेकिन कुछ दिनों से वह एक ही जगह कंबल में लिपटा पड़ा था। कहीं पेट की आग ने उसकी ज़िंदगी तो नहीं निगल ली ? और भी तमाम बातें हो रहीं है।

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंकः -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

# बसपा के दांव से चुनाव के समीकरणों में होगा उलट फेर

शाहाबाद, हरदोई



**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव 2024 का ऐलान होने वाला है। ऐसे में सभी राजनैतिक दल फतह हासिल करने के लिए एड़ी से चोटी तक का जोर लगाने में जुटे हुए है। सभी राजनैतिक दल चुनाव मैदान में अपने-अपने जिताऊ प्रत्याशी उतारने में फूंक-फूंककर कदम उठा रहे हैं। हरदोई संसदीय सीट पर समाजवादी पार्टी ने इस सीट पर पहली बार जीत दिलाने वाली महिला प्रत्याशी ऊषा वर्मा को अपना पहले ही प्रत्याशी घोषित कर दिया है। वहीं, सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी ने भी इस सीट पर पहली बार जीत दिलाने वाले अपने प्रत्याशी जयप्रकाश रावत को चुनाव मैदान में उतारा है। जयप्रकाश रावत यहां से भाजपा के सिटिंग सांसद हैं। बहुजन समाज पार्टी ने अभी अपना कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी ने 1991 में पहली बार भाजपा को जीत दिलाकर भाजपा का खाता खोला। उसके बाद 1996 में जयप्रकाश रावत ने बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी को कड़े मुकाबले में परास्त कर जीत का सिलसिला जारी रखते हुए भाजपा को पुनः जीत दिलाई। 1998 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का उदय हुआ।

सपा ने ऊषा वर्मा को प्रत्याशी घोषित किया।ऊषा वर्मा ने कड़े मुकाबले में भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत को हराकर सीट को सपा की झोली में डालते हुए सपा का इस सीट पर पहली बार खाता खोला। उसके बाद 2004 में सपा प्रत्याशी ऊषा वर्मा ने जीत का सिलसिला बरकरार रखते हुए बीएसपी प्रत्याशी शिवप्रसाद वर्मा को भारी अन्तर से हराया।इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की स्थिति काफी कमजोर हो गयी। 2009 के लोकसभा चुनाव में सपा ने फिर ऊषा वर्मा को प्रत्याशी घोषित किया ऊषा वर्मा ने जीत की हैट्रिक लगाते हुए बीसपी प्रत्याशी रामकुमार कुरील को हराकर जीत हासिल की। भाजपा इस चुनाव में भी काफी पिछड़ गयी।2014 लोकसभा चुनाव सपा ने फिर उषा वर्मा को चुनावी मैदान में उतारा वहीं भाजपा ने अंशुल वर्मा को प्रत्याशी घोषित किया। बीएसपी से शिवप्रसाद वर्मा मैदान में उतरे। इस चुनाव में त्रिकोणीय संघर्ष में भाजपा प्रत्याशी ने 37.05 प्रतिशत मत प्राप्त कर सीट पर जीत दर्ज कराने में सफलता हासिल की। इस चुनाव में बीएसपी प्रत्याशी शिवप्रसाद वर्मा को 28.69 प्रतिशत वोट मिले, वहीं सपा प्रत्याशी ऊषा वर्मा को 28.42 प्रतिशत वोट मिले। सपा तीसरे पायदान पर चली गयी। 2019 के चुनाव में सपा बसपा गठबंधन ने ऊषा वर्मा को एक बार फिर प्रत्याशी घोषित किया। भाजपा ने अपने सिटिंग सांसद अंशुल वर्मा का टिकट काटकर सपा छोड़कर घर वापसी करनें वाले जयप्रकाश रावत को चुनावी मैदान में उतारा। जयप्रकाश रावत ने फिर एकबार जीत दर्ज कराते हुए 53.72 प्रतिशत मत प्राप्त किये। वहीं हाथी की पीठ पर सवार साइकिल 41.20 प्रतिशत मत प्राप्त कर सकी। इस चुनाव में बीएसपी वोटरों ने सपा को छोड़ फूल का बटन दबाकर भाजपा को जीतदिला दी। भाजपा ने एक बार फिर जयप्रकाश रावत पर भरोसा जताते हुए प्रत्याशी बनाया है। सपा ने अपने पुरानी महिला प्रत्याशी को चुनावी मैदान में उतारा है।ऐसे मे पिछले चार चुनावों के आंकड़ो पर नजर डाली जाए तो बसपा ने लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया है। अच्छे प्रदर्शन के बाबजूद भी बसपा आज तक इस सीट पर जीत नहीं पायी है, लेकिन हाथी की मस्त चाल से साइकिल की रेस कमजोर होती रही है। भाजपा त्रिकोणीय संघर्ष में लगातार जीत दर्ज कराती रही है। ऐसे 2024 लोकसभा चुनाव में हाथी की चाल चुनावी समीकरण एक बार फिर प्रभावित कर सकता है। भाजपा सांसद को इस बार अकर्मण्यता के साथ कार्यकताओं से दूरी व मतदाताओं से संवादहीनता का दंश भी झेलना पड़ सकता है। इस सीट पर पिछड़ा व सवर्ण वोट निर्णायक भूमिका में रहे हैं। इस समीकरण को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता। के नगरपालिका चुनाव की बानगी स्थिति बयां करने को काफी है। हरदोई संसदीय सीट एक समय में कांग्रेस का गढ़ रहा है लेकिन 90 के दशक से लगातार कांग्रेस का वजूद काफी कमजोर ही रहा है। इसके बाबजूद कांग्रेस दो प्रतिशत वोट लेकर अपनी उपस्थिति लगातार दर्ज कराती चली आ रही है।

# एथलेटिक्स में अब्बास ने किया नाम रोशन



मेडल के साथ सैय्यद अब्बास।

**हरदोई, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश सोशल आउट रीच कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब हैदर के छोटे भाई सैय्यद मोहम्मद अब्बासएथलीट जगत में प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। सैयद मोहम्मद अब्बास ने एथलीट में शुरुआत चेन्नई हॉस्टल में 2016 में पहला मेडल 100 मीटर जोनल स्पर्धा में जीते।

खेल एथलेटिक्स रनिंग 3000 मीटर 1500 मीटर एसजीएफआई में स्टेट लेवल 1500 में गोल्ड मेडल 3000 में सिल्वर मेडल 400 मीटर गोल्ड मेडल अंडर-19 राष्ट्रीय स्तर पर 3000 मीटर पहली हीट 4 नंबर फाइनल में आल इंडिया 10 वां नंबर 83 वां दिल्ली गेमस 1500 मीटर सिल्वर मेडल जीत चुके हैं। इनके कोच विपिन कुमार हैं जो एथेलिक्ट्स अकादमी क्लब दिल्ली में कार्यरत हैं।

## एक नजर

### चोरी की भैंस बरामद, चोर का नहीं लग सका सुराग

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार :** बांगरमऊ के गांव से चोरी की भैंस इसरापुर बाजार में बिक्री के होने पर भैंस मालिक ने कोतवाली में तहरीर दी जिसके बाद व्यापारी सहित भैंस बरामद हुई, लेकिन भैंस चोरी करने वाला का पता न लग सका। मंगलवार की रात तकिया मजरा देवरिया थाना बांगरमऊ निवासी महेश पुत्र रामस्वरूप की घर के बाहर बंधी भैंस आज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। सुबह ज़ब खूंटे पर बंधी भैंस न दिखाई दी तो खोजबीन आस पड़ोस के गाँवों में की लेकिन पता न लग सका। बुधवार को इसरापुर में लगने वाली मवेशियों बाजार में जाकर खोजबीन की तो पता चला रोशनपुर गांव के अख्तर ने तीस हजार रुपये में खरीदी है। पीड़ित महेश ने कोतवाली में घटना की जानकारी दी तो पुलिस भैंस को बरामद कर भैंस खरीदने वाले को कोतवाली में पूँछताछ के लिए लाया गया जहां पुलिस पूरे मामले की जाँच में जुटी है।

### पॉक्सो एक्ट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**पाली, हरदोई, अमृत विचार :** स्थानीय थाने की पुलिस ने पॉक्सो एक्ट मामले के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि दिनेश पुत्र परशुराम को गिरफ्तार किया गया है।वह ग्राम पिपरी थाना कोतवाली देहात जनपद सीतापुर का रहने वाला है। पकड़ा गया आरोपी एक महिला के साथ कुछ दिनों से गलत हरकत कर रहा था। पीड़िता ने अंततः इस घटना की जानकारी अपने परिजन को दी। इसके बाद पीड़िता के परिजनों ने घटना की लिखित शिकायत थाने पर दर्ज करवाई। प्रभारी निरीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# सशक्त नारी से समृद्ध भारत की राह हुई आसान : ईओ

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत हुआ आयोजन

पिहानी, हरदोई



वर्चुअल कार्यक्रम देखते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद के सभागार में नारी शक्ति वंदन वर्चुअल कार्यक्रम के समापन पर सरकार की उपलब्धियों के बारे मे कहा गया कि तीन तलाक से मुक्त करने के लिए बने कानून और महिला उद्यमियों को अपने पैरों पर खड़े होने का मौका दिया गया। कहा गया कि अगर देश को और समृद्ध और सशक्त करना है तो उसके लिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना होगा।

कार्यक्रम में अमित कुमार सिंह के अलावा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता,पूर्व नगर अध्यक्ष आदर्श सिंह, महामंत्री नीरज सिह, उपाध्यक्ष विमलेश तिवारी,शानू सिह ,दिनेश अर्कवंशी ,मनीष शर्मा,डा.अंजर खान, प्रदीप अवस्थी व सभासद चांद मियां आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की सैकड़ो महिलाएं भी मौजूद रही। ईओ श्री सिंह ने महिला सशक्तिकरण के बारे में कहा कि अगर सरकार का पिछले दस सालों का रिपोर्ट कार्ड देखा जाए तो दस में से सात योजनाओं के केंद्र बिंदु में महिलाएं होती हैं। इसके पीछे प्रधानमंत्री की सशक्त नारी के जरिए समृद्ध भारत की राह गढ़ने की सोंच है और इस सोंच को सरकार ने अपनी कार्यशैली में पूरी तरह से उतारा है। महिलाओं के जीवन को सुगम बनाना, उन्हें शिक्षित करना और सुरक्षा के साथ ही उनके सम्मान की रक्षा सुनिश्चित करनी होगी।

**महिलाओं के लिए आरक्षित की गई एक तिहाई सीटेंः** भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने बताया कि राजनीतिक रूप से महिलाओं को सशक्त करने और उनकी एक निश्चित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया,जिसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रविधान है। महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें अधिकार संपन्न करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहलू उन्हें घर का मालिकाना हक मिलना भी है।

### एक-एक कर गिनाईं 10 सालों की उपलब्धियां

भाजपा नगर महामंत्री नीरज सिंह ने सरकार की दस सालों की उपलब्धियों को एक-एक कर गिनाते हुए बताया कि उद्यमिता, सुगम्य जीवन और महिलाओं के लिए सम्मान के माध्यम से उनके सशक्तीकरण को दस सालों में काफी रफ्तार मिली है। सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी उद्यम शीलता को बढ़ावा देने के लिए मुद्रा ऋण योजना शुरू की और महिला उद्यमियों को 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिए गए हैं। 10 साल में उच्चतर शिक्षा में महिलाओं का नामांकन 28 फीसदी बढ़ा है।

### साइंस टेक्नालॉजी में महिलाओं की बढ़ी भागीदारी

भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष आदर्श सिंह ने बताया कि साइंस, टेक्नालॉजी, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट (स्टेम) पाठ्यक्रमों में 43 प्रतिशत नामांकन बालिकाओं और महिलाओं का है जो दुनिया में सबसे अधिक है। इन सभी उपायों का असर कार्यबल (वर्क फोर्स) में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के रूप में दिखाई दे रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक के डर से मुक्त करने के लिए तीन तलाक को गैर कानूनी ठहराने वाला कानून लागू किया गया।

# पेड़ से टकराई कार, मां व दो बेटियों की मौत

टड़ियावां, हरदोई



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त पड़ी कार। अमृत विचार

**अमृत विचारः** स्टेयरिंग के अचानक बहक जाने से बेकाबू हुई आल्टो कार पेड़ से टकरा कर दो टुकड़ों में बंट गई। बुधवार की शाम टड़ियावां थाने के हरिहरपुर पेट्रोल पंप के पास हुए इस दर्दनाक हादसे में मां और उसकी दो बेटियों की मौत हो गई। इसके साथ ही चार लोगों के ज़ख्मी होने की खबर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया गया है कि बुधवार को टड़ियावां थाने के तौकलपुर निवासी 46 वर्षीय यासीन अली पुत्र आशिक अली अपने रिश्तेदार उसी थाने के जयराज पुर निवासी 35 वर्षीय टूनी पुत्र नादिर अली,टूनी की 30 वर्षीय पत्नी रोज़ी और उसकी बेटियों 7 वर्षीय अलीना,5 वर्षीय सेलिना,3 वर्षीय हिना और 2 वर्षीय गुलनाज़ के साथ अपनी आल्टो कार नंबर यूपी-32/एएक्स/3432 से जा रहा था। उसी बीच रास्ते में हरिहरपुर पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही कार का स्टेयरिंग बहक गया और कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा कर दो टुकड़ों में बंट गई। इस हादसे में रोज़ी और उसकी सबसे छोटी बेटी गुलनाज़ की वहीं पर मौत हो गई। जबकि बड़ी बेटी अलीना ने मेडिकल कालेज पहुंचते ही दम तोड़ दिया। हादसे का पता होते ही एसएचओ अशोक कुमार सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ज़ख्मी हुए यासीन अली,टूनी,सेलिना व हिना को मेडिकल कालेज पहुंचवाया।

### कार काटकर निकाले गए शव

हरिहरपुर पेट्रोल पंप के पास हुए हादसे का शिकार हुए लोग उसमे बुरी तरह फंस गए। ज़ख्मी लोगों को तो किसी तरह निकाल लिया गया, लेकिन उसमें फंसे हुए शवों को निकालने के लिए कार को काटना पड़ा।

### पलक झपकते हुए हादसे ने छीन ली सारी खुशियां

बताया गया है कि यासीन और टूनी रिश्तेदार है। दोनों किसी शादी समारोह में शामिल हो कर लौट रहे थे।लेकिन रास्ते मे पलक झपकते हुए हादसे ने सारी की सारी खुशियां छीन कर मौत का मातम बरपा कर दिया।

# अधेड़ ने पेड़ से फंदा लगाकर की दी जान

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पेढ़वा के मजरा जगदीश पुरवा में एक अधेड़ ने आम के पेड़ पर फांसी लगा ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

क्षेत्र के ग्राम पेढ़वा के मजरा जगदीश पुरवा निवासी अविवाहित श्यामाचरन 55 वर्ष पुत्र ननकाई पेट में पथरी की वजह से परेशान रहता था। पथरी का आपरेशन उसने अपने हिस्से की भूमि बेचकर करवाया था, लेकिन पेट में दर्द सही नहीं हुआ। बुधवार को दोपहर 12 बजे के करीब रोशन के खेत में खड़े आम के पेड़ पर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से मृतक के घर में कोहराम मचा है। मृतक चार भाईयों में सबसे बड़ा था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बताया कि बीमारी से परेशान अधेड़ ने आत्महत्या की है। परिजनों ने अन्य कोई कारण नहीं बताया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### मुआवजे की मांग को लेकर आगे आई कांग्रेस



सदर तहसील में एसडीएम को ज्ञापन देते कांग्रेस पदाधिकारी। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार :** कांग्रेसियों ने बुधवार को सदर तहसील पहुंच कर किसानों की समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें ओलावृष्टि,अतिवृष्टि से हुए फसलों के नुकसान का मुआवजा सरकार व बीमा कंपनी से दिलाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा। जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा कि ओलावृष्टि, अतिवृष्टि व आंधी के कारण किसानों की गेहूं, आलू, तिलहन आदि की खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री द्वारा 24 घंटे में नुकसान का मुआवजा दिए जाने के लिए कहा गया था लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं मिला। राजस्वकर्मियों द्वारा भौतिक सत्यापन कागजों पर ही करके सर्वे की खानापूर्ति कर दी गई जबकि हकीकत में किसानों की फसलों को 70-80 प्रतिशत नुकसान पहुंचा है।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष नेतम भारतीय, जिला महासचिव अजीत सिंह चंदेल, जिला कोषाध्यक्ष श्रीप्रकाश मिश्रा, शहर कोषाध्यक्ष महताब अहमद, जिला सचिव राजेश पांडेय, जिला सचिव इस्लाम गाजी, अहिरोरी ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा, सेवादल शहर संगठक ओमप्रताप, ब्लॉक उपाध्यक्ष सालिकराम पाल, हरियावां ब्लॉक उपाध्यक्ष मोरध्वज गौतम आदि मौजूद रहे।

### योग के साथ किया गया मंगल पाठ



हनुमान चालीसा का पाठ करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार :** 42वें मंगल पाठ में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी के कई अन्य मंदिरो में एक साथ हनुमान चालीसा पाठ कर माहौल को हनुमान मय बना दिया। श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री गणेश साईं मंदिर विभूति नगर, श्री शिव मंदिर कांशीराम कॉलोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमऊ तथा श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया। महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में विभूति नगर के श्री गणेश साई मंदिर पर बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति ,बजरंग बाण व आरती के साथ बजरंगबली का पूजन किया। इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक सुधा गुप्ता, संघठन मंत्री अनीता मिश्रा, सह सयोंजक कंचन गुप्ता, नगर संयोजक रानी शुक्ला, प्रभारी अनीता गुप्ता, महामंत्री लक्ष्मी मिश्रा, नगर संयोजक आरती गुप्ता व अनुपमा सिंह आदि ने सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

### संकल्प पत्र में समस्याओं को जोड़ने को मांगे सुझाव



प्रेस वार्ता में बोलते मिश्रिख सांसद अशोक रावत व मौजूद अन्य। अमृत विचार

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार :** कस्बे के एक गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान लोकसभा 32 मिश्रिख क्षेत्र के सांसद अशोक रावत ने चुनाव के पहले मीडिया से मुखातिब होकर भाजपा के संकल्प पत्र में क्षेत्र की समस्याओं को जोड़ने के लिए सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ से जुड़े लोगों से रूबरू होकर आगामी चुनाव की शुरुआत हो रही है। 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती के उत्तरकुंजी व आरक्षण मामले में हो रही देरी को लेकर कहा कि सरकार ने अलग-अलग स्तर से प्रयास कर रही है। विवादित मामले जल्द ही हल होने वाले हैं। रोजगार को लेकर अहम कदम उठाए जा रहे हैं। क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह आशू ने भी भाजपा की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। इस दौरान भाजपा नेता अशोक सिंह, अभय शंकर शुक्ला चुनाव प्रभारी संजय सिंह गुड्डू, रमेश वर्मा, संयोजक नवल माहेश्वरी, उमेश माहेश्वरी, रामनन्दिनी वर्मा, मंगतराम, नीरज गुप्ता, शिवराज सिंह, शैलेन्द्र सिंह गौरी शंकर पाल, शकुन्तला कश्यप आदि सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# युवक को खींचकर पीटा और सिर कुचल कर मार डाला



**हरदोई, अमृत विचारः** सड़क पर बाइक ओवरटेक करने में हुई कहासुनी के चलते बाइक सवार युवकों ने दूसरी बाइक पर सवार युवक को पकड़ कर उसे सड़क पर खींच कर पहले पीटा,फिर उसके बाद ईंट से सिर कुचल कर उसकी हत्या कर दी। एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार का कहना है कि पुलिस ने तीन हमलावरों को हिरासत में लिया है।

बुधवार को साण्डी थाने के कस्बे के मोहल्ला काज़ीटोला निवासी धनीराम का 25 वर्षीय पुत्र कैलाश पास के गांव तालेपुरवा अपना खेत देखने जा रहा था। वह बाइक पर था। रास्ते में एक दूसरी बाइक सवार अभिषेक, ऋषभ और एक अन्य से बाइक ओवरटेक करने पर कैलाश से कहासुनी होने लगी। बात इतनी बिगड़ गई कि अभिषेक और उसके साथियों ने कैलाश को पकड़ कर सड़क पर खींच लिया। पहले उसकी पिटाई की, फिर ईंट से सिर कुचल कर फरार हो गए। उसे सीएचसी ले गई लेकिन मौत हो गई। एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने बताया है कि वारदात की शुरुआत बाइक ओवरटेक करने से हुई। तीन हमलावरों को हिरासत में ले लिया गया है।

# कार्यकर्ताओं के सम्मान से समझौता नहीं: सुनील

हरदोई कार्यालय



स्वागत समारोह में मौजूद राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी व अन्य पदाधिकारी।

**अमृत विचारः** सुभासपा सुप्रीमो ओमप्रकाश राजभर के कैबिनेट मंत्री बनने के बाद प्रथम बार पिहानी में ईदगाह के निकट एक हॉस्पिटल में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में सुभासपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी ने कहा कि प्रदेश में सभी सीटों पर हमारे प्रत्याशी जीतेंगे। शोषित पीड़ित समाज की आवाज को बुलंद करने वाले नेता ओमप्रकाश राजभर आज अपनी पहचान के लिए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान उनके लिए सर्वोपरि है अपने किसी भी कार्यकर्ता के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार योजनाओं का सीधा लाभ आम आदमी को मिल रहा है सरकार सर्व समाज के लिए काम कर रही है पात्रों को प्रधानमंत्री आवास बिना किसी भेदभाव के सरकार ने सभी को देने का किया है। उन्होंने कहा कि आज सुभासपा बड़े दल के रूप में उभरी है हमेशा सर्व समाज के हित की बात करने वाले हमारे नेता ओमप्रकाश राजभर ने आज समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर जारूक कर उनके हक और इंसाफ की बात की है महासचिव अलीम खान डाक्टर शावान खान ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया एवं जिला उपाध्यक्ष उमाकांत सिंह अर्कवंशी विधानसभा महासचिव शिवपाल सिंह अर्कवंशी आदि लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद सुभासपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी ने हरियांवा ब्लाक के पुरवा हफीजुद्दीन पुर में ग्राम प्रधान राम सुचित्र अर्कवंशी के यहां आयोजित स्वागत समारोह में शामिल हुए जहां प्रधान एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। दहेलिया में राजेश अर्कवंशी के यहां तिलक समारोह में शामिल हुए प्रदेश सचिव एडवोकेट संजीव यादव, जिला अध्यक्ष धर्म सिंह अर्कवंशी, मोहित आदि रहे।

**युवा महोत्सव** शहर के सीएसएन महाविद्यालय के 16 प्रतिभाशाली छात्रों को उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति ने पदक देकर किया सम्मानित

# युवा ही करेंगे राष्ट्र निर्माण : कुंवर मानवेंद्र

संवाददाता, हरदोई



कार्यक्रम में बोलते उत्तर विधान परिषद के सभापति मानवेंद्र सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचारः** शहर के सीएसएन महाविद्यालय के प्रांगण में युवा महोत्सव -2024 का भव्य शुभारंभ महाविद्यालय के पुरा छात्र व उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ परिसर में स्थित विभिन्न महापुरुषों व सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सभापति श्री सिंह ने कहा कि युवा ही राष्ट्र निर्माण कर सकता है आज के युवा ही कल का नवीन व सशक्त भारत बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि आज हमारा देश अंतरिक्ष विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, चिकित्सा व सैन्य उत्पादन के क्षेत्र में पूरी दुनिया में नवीन कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। युवाओं के लिए आवश्यक है कि वह जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करते हुए समाज की प्रगति व उत्थान हेतु प्रयास करें, तभी उनका जीवन सार्थक होगा। योग्यता के साथ-साथ समाज व देश की उन्नति के लिए योगदान करना भी आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को नसीहत दी की सफलता से हमारे अंदर अहंकार व दंभ नहीं आना चाहिए, अपितु विनम्रता पूर्वक हमें निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहना है। उन्होंने वर्तमान दौर में राजनीति, प्रशासन व विभिन्न क्षेत्रों में आ रही गिरावट पर भी चिंता व्यक्त की। इसके पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केके सिंह ने सभापति व महाविद्यालय के पूर्व छात्र भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन को सम्मानित किया। संचालक डॉ. दीपक राय ने किया। साथ ही महाविद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने वाले 16 प्रतिभाशाली छात्रों को पदक देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात वर्मा, पूर्व प्राचार्य बीडी शुक्ला, नरेश चंद्र शुक्ला, अखिलेश बाजपेई, एसके सिंह, राजा बक्श सिंह, अभय शंकर गौड़, कर्मवीर चौहान, डीएस चौहान आदि मौजूद रहे।

### 24 रन से सीएसएन कॉलेज की टीम रही विजेता



क्रिकेट मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

सीएसएन महाविद्यालय में युवा महोत्सव -2024 के अवसर पर मुख्य अतिथि ने बाबू मोहनलाल स्मृति 10 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का गुब्बारा उड़ाकर शुरुआत की। सीएसएन ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 116 रन का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में महाकाल वारियर्स की टीम 92 रन पर सिमट गई । इस प्रकार बुधवार को उद्घाटन मैच में सीएसएन कॉलेज की टीम 24 रन से विजेता रही । जिसमें सीएसएन की तरफ से हरफनमौला प्रदर्शन करने वाले कप्तान आनंद कुमार को 45 रन और तीन विकेट की पारी के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

अर्थम् महान्तमासाद्य विद्यामैश्वर्यमेव वा।
विचरत्यसमुन्नद्धो य: स पंडित उच्यते ॥

जो व्यक्ति विपुल धन-संपत्ति, ज्ञान, ऐश्वर्य, श्री इत्यादि को पाकर भी अहंकार नहीं करता, वह ज्ञानी कहलाता है ।

## संपादकीय

# बीमा योजना के तहत

प्रकृति पर निर्भरता के कारण खेती में जोखिम और अनिश्चितताएं आम हैं। सूखा, बाढ़, बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि आदि सीधे खेती को प्रभावित करते हैं। ऐसी परिस्थितियों में फसलों का बीमा करना प्रमुख रणनीति मानी जाती है। फसल बीमा किसानों को फसल के नुकसान की स्थिति में भुगतान के माध्यम से जोखिम से निपटने में मदद करता है और कृषि क्षेत्र में आपदा भुगतान पर बोझ को कम करके सरकार की मदद करता है। किसानों की समस्याओं पर ध्यान देते हुए सरकार ने वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) शुरू की थी। जिसका उद्देश्य कम पैदावार या पैदावार के नष्ट हो जाने की स्थिति में किसानों को मदद मुहैया कराना था। सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के कारण, योजना के तहत कवरेज साल-दर-साल बढ़ रही है। गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पीएमएफबीवाई के कार्यान्वयन के पिछले 8 वर्षों में 56.80 करोड़ किसानों के आवेदन पंजीकृत किए गए हैं और 23.22 करोड़ से अधिक किसान आवेदकों को दावे प्राप्त हुए हैं। इस दौरान किसानों ने प्रीमियम के अपने हिस्से के रूप में लगभग 31,139 करोड़ रुपये चुकता किए, जिसके आधार पर उन्हें 1,55,977 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान दावे के रूप में किया गया। यह योजना खासकर उन किसानों का बोझ कम करने में मदद कर रही है, जो खेती के लिए ऋण लेते थे और खराब मौसम में फसल बर्बादी के कारण उसी ऋण को चुका पाने में असमर्थ रहते थे। इसके बावजूद देश में फसल बीमा को किसानों के बीच ज्यादा लोकप्रियता नहीं मिली है। इसका कारण यह है कि अधिकांश राज्यों द्वारा उनके प्रीमियम सब्सिडी शेयर का समय पर भुगतान नहीं कराया जाता है।

गौरतलब है कि भारतीय फसल बीमा 'क्षेत्र दृष्टिकोण' पर काम करता है। क्षेत्रीय दृष्टिकोण तभी अच्छा काम करता है जब किसानों की उपज और फसल काटने के प्रयोगों में उपज के बीच सहसंबंध अधिक हों। इस शर्त को शायद ही कभी पूरा किया जाता है जिसके परिणामस्वरूप 'बुनियादी जोखिम' होता है, यानी, किसान को फसल का नुकसान होता है लेकिन मुआवजा नहीं मिलता है। इसके अलावा, उन लोगों के लिए जिन्हें अंततः मुआवजा मिलता है, अधिकांश मामलों में भुगतान में काफी देरी होती है। कई बदलावों के बाद पीएमएफबीवाई शुरू की गई, जो पहले की समान योजनाओं का एक उन्नत संस्करण है। हालांकि कई मुद्दे और चुनौतियां हैं, अतः इस योजना के उद्देश्य की पूर्ति हेतु सरकार को योजना के समक्ष आने वाली उपरोक्त सभी चुनौतियों के संबंध में जल्द-से-जल्द समाधान का रास्ता तलाशना चाहिए।

# कैंसर से जंग की नई उम्मीदें



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्राय: विषों और ड्रगों से बनती है। अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी। लेकिन डीएस रिसर्च सेन्टर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सम्मिलित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं ।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने और नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है।

पिछले 20 सालों में दुनिया भर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। हर साल देश और दुनिया में कैंसर से लाखों मौत होती है। भारत में कैंसर के मामलों पर किए गए और बीएमसी कैंसर जर्नल में प्रकाशित आइसीएमआर (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद) के 2022 के एक अध्ययन में अनुमान जाहिर किया कि 2025 तक भारत में कैंसर के 2.98 करोड़ मामले हो सकते हैं। ये नीति आयोग के अनुमान के हिसाब से इस साल भारत की 1.4 अरब आबादी की दो फीसदी होगी। आईसीएमआर का अध्ययन इनमें से 40 फीसदी मामलों की वजह इन सात में से एक कैंसर को बचाता है-फेफड़े, स्तन, भोजन नलिका, मुख, पेट, लीवर और गर्भाशय ग्रीवा।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने और नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है। इम्यूनोथेरेपी से कई अलग-अलग प्रकार के कैंसर का इलाज अब होने लगा है। उधर कैंसर के इलाज में भारतीय मसाले बेहद कारगर हैं। आईआईटी मद्रास के अनुसंधानकर्ताओं ने कैंसर के इलाज के लिए इनका पेटेंट करवाया है। 2028 तक बाजार में उपलब्ध होने की उम्मीद है। मुंबई स्थित देश के सबसे बड़े टाटा मेमोरियल कैंसर हास्पिटल और रिसर्च सेंटर की तरफ से अब इस जानलेवा बीमारी को लेकर एक उम्मीद जगाने वाली खबर सामने आई है। मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर के एक शोध में यह दावा किया गया है कि उन्होंने कैंसर की एक बेहद किफायती संभावित दवा (टेबलेट) ढूंढ ली है, जो कैंसर सेल्स को फिर से बढ़ने से रोक सकती है और कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में सहायक है।

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टैबलैट विकसित की है। टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानि कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा। यह टैबलेट कीमोथेरेपी जैसे ट्रीटमेंट के बुरे प्रभावों को 50 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। टाटा के डाक्टर्स इस टैबलेट पर करीब 12 साल से काम कर रहे हैं। चूहों पर प्रयोग कर इस दवा का सकारात्मक असर दिखा। इस दवा को जून-जुलाई में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथारिटी ऑफ इण्डिया (एफएसएसएआई) से मंजूरी मिलने की संभावना है। कैंसर ट्रीटमेंट के दुष्परिणामों (कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी) पर असर का परीक्षण चूहों और इंसानों दोनों पर किया गया। लेकिन इसकी रोकथाम का परीक्षण अभी सिर्फ चूहों पर किया गया है। इसके लिए मानव परीक्षण यानि ह्यूमन ट्रायल पूरा करने में लगभग पांच साल का समय लगेगा।

वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में कई दशकों से काम करने वाली संस्था डीएस रिसर्च सेंटर ने पोषक ऊर्जा से कैंसर की औषधि तैयार करके यही काम किया है। वैज्ञानिक परीक्षणों में भी इस औषधि के नतीजे बेहतर पाए गए हैं। जाधवपुर विश्वविद्यालय के नैदानिक अनुसंधान केन्द्र (सीआरसी) के निदेशक डा.टी.के. चटर्जी के अनुसार- 'डीएस रिसर्च सेंटर की पोषक ऊर्जा से तैयार की गई औषधि सर्वपिष्टी के पशुओं पर किए गए परीक्षण के परिणाम उत्साहजनक पाए गए है। यदि पशुओं के शरीर पर सर्वपिष्टी का प्रयोग किए जाने के बाद सीआरसी ने उत्साहजनक परिणाम प्राप्त किए हैं तो ऐसे ही परिणाम इसे मानव शरीर पर प्रयोग करने से भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो कैंसर उपचार के इतिहास में युगान्तरकारी घटना होगी। सीआरसी विभिन्न रोगों के लिए दवाईयों का नैदानिक परीक्षण करता है। इसी सिलसिले में उन्होंने सर्वपिष्टी का भी नैदानिक परीक्षण किया था।

किसी दवाई की प्रभावकारिता का स्तर सुनिश्चित करने के लिए समान्यतः दो प्रकार का परीक्षण किया जाता है-पहला, औषधीय (फार्माकोलॉजिकल) परीक्षण और दूसरा, विष विद्या संबंधी (टोक्सीकोलॉजिकल) परीक्षण ये परीक्षण आयातित सफेद चूहों पर किए गए। पशु शरीर में कैंसर कोशिकाओं का प्रविष्ट कराया गया और जब ट्यूमर निर्मित हो गया तब हमने दवा देना शुरू किया। पोषक ऊर्जा के परीक्षण की स्थिति में 14 दिनों बाद जो प्रतिक्रियाएं देखी गईं उनमें कोशिकाओं की संख्या स्पष्ट रूप से कम होना शुरू हो गई थी। पशु शरीर में कोई अल्सर पैदा नहीं हुआ। ट्यूमर विकास दर 46 प्रतिशत तक कम हो गई थी ओर दवाई की विषाक्तता लगभग शून्य थी। ऐसे सकारात्मक परिणाम हाल के समय में नहीं देखे गए थे।

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है। अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी। लेकिन डीएस रिसर्च सेन्टर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सम्मिलित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं इसलिए वे औषधियां मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वथा अनुकूल थी। यहां तक कि औषधि के सेवन का माध्यम भी दुग्ध शर्करा को बनाया गया था जो एक मानवीय भोज्य है और स्वास्थ्य पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। डीएस रिसर्च सेंटर के संस्थापक वैज्ञानिक डॉक्टर उमाशंकर तिवारी के अनुसार सर्वपिष्टी कोई औषधीय सूत्र नहीं है बल्कि पोषक ऊर्जा वर्ग की औषधीय का प्रतिनिधित्व करती है जो कल 1621 मानवीय भोज्यों के विस्तार से काट छांट कर विकसित पोषक ऊर्जा है।

सन् 1982 में सेंटर ने कैंसर की औषधि तैयार की। इस औषधि के परीक्षण के लिए प्रारंभ से ही नीति बनी कि केवल ऐसे रोगियों की तलाश की जाए। जिन्हें अस्पताली चिकित्सा के धर्मकांटे ने चिकित्सा के लिए अयोग्य मानकर अंतिम रूप से छोड़ दिया हो। खोजबीन करके इस तरह के रोगियों तक पोषक ऊर्जा की खुराकें पहुंचाई जाने लगी। उन्हें यह भी कह दिया गया कि अपने कष्टों के लिए और स्वास्थ्य के विकास के लिए जो भी औषधियां वे लेते रहे हैं उन्हें लेते रहें। परीक्षण अभियान शुरू हुआ। अन्ततः औषधि की सफलता और उसके प्रभाव परिणाम की सकारात्मकता रोगियों के अपने अनुभवों तक सीमित नहीं रही, वह जांच रिपोर्टों से भी प्रमाणित हुई और पारंपरिक चिकित्सा के वर्तमान सूत्रधारों को अक्सर विस्मित भी करती रही। पर यह औषधि बाजार में उपलब्ध नहीं है।

हमारे भोजन में प्रयोग होने वाले मसालों से तैयार नैनोमेडिसिन ने फेफड़े, स्तन सर्विकल, मुख, बृहदान्त्र व थॉयराइड सेल लाइन के खिलाफ कैंसर रोधी गतिविधि दिखाई है, लेकिन ये सामान्य कोशिकाओं के लिए सुरक्षित है। पशुओं पर यह अध्ययन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है, अब क्लिनिकल ट्रायल की तैयारी चालू है। प्रोफेसर नागराज का नैनो-इमल्शन की स्थिरता महत्वपूर्ण विचार था। हालांकि कैंसर कोशिकाओं के साथ सक्रिय अवयवों व उनके सम्पर्क के तरीकों की पहचान करने के लिए और अधिक अध्ययन प्रयोगशालाओं में जारी रखेंगे। वास्तव में पारंपरिक कैंसर उपचार में थेरेपी की तुलना में नैनो-ऑन्कोलाजी के ढेरों फायदे तो हैं ही, इसके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। अपने भोजन में इन मसालों का महत्व हमेशा से है। हमारी रसोई में हल्दी, जीरा, मेथी, इलायची, काली मिर्च, अजवाइन, तेजपत्ता व गरम मसालों की मौजूदगी बताती है। हम पुरातन वक्त से इनके महत्व को समझ रहे हैं। कैंसर जैसा खतरनाक रोग भारतीयों के लिए भीषण संकट खड़ा कर रहा है। कैंसर की दवाओं की सुरक्षा व लागत को लेकर निरंतर प्रयोग जारी हैं। इस तरह से तैयार की जाने वाली दवाएं सुरक्षित साबित हो सकती हैं। साथ ही इन मसालों के शुद्ध रूप को रोजाना के भोजन में शामिल कर हम इन रोगों से खुद को सुरक्षित रखने के प्रयास भी कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में छलांग

भारत का सेमीकंडक्टर मिशन बड़ी सफलताओं के साथ बहुत ही कम समय में अमरीका, ताइवान और दक्षिण कोरिया की तरह प्रमुख चिप हब बन रहा है। वह दिन अब ज्यादा दूर नहीं, जब देश में सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित हो जाएगा। इतना ही नहीं, देश में जल्द ही विश्वस्तरीय भारत सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर की स्थापना होने जा रही है। यह सेंटर रिसर्च की दिशा में मील का पत्थर बनेगा। अभी हाल में केन्द्र सरकार ने तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां लगाने को मंजूरी दी है। अगले 100 दिन के भीतर तीनों इकाइयों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। ये इकाइयां 20 हजार उन्नत प्रौद्योगिकी कार्यों में प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग 60 हजार अप्रत्यक्ष रोजगारों का सृजन करेंगी।



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश सरकार ने भी राज्य को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अग्रणी रखने के लिए कौशल प्रशिक्षण/अनुसंधान और विकास में कंपनियों को समर्थन देने प्रतिबद्धता पर जोर दिया है। प्रदेश सरकार ने यूपी सेमीकंडक्टर नीति-2024 के तहत राज्य में सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित करने पर निवेशकों के लिए सब्सिडी और छूट देने की घोषणा की है। यह सभी छूट केंद्र द्वारा दी जाने वाली छूट के अलावा होगी। निवेश प्रोत्साहन और ब्याज सब्सिडी के अलावा भूमि लेनदेन पर स्टांप शुल्क और पंजीकरण शुल्क पूरी तरह से माफ कर दिया जाएगा। सरकार मुख्यमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत पांच वर्षों तक हर वर्ष 500 छात्रों को 20,000 की वार्षिक वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगी। इसका फोकस बीटेक और एमटेक ग्रेजुएट्स पर होगा।

भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग का परिदृश्य सार्थक रूप से नए आयाम और मायने की ओर बढ़ रहा है। इन आयामों से जहां डिजिटल प्रौद्योगिकियों और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं आईटी क्षेत्र में लाखों नई नौकरियां भी बढ़ेंगी। साधारण शब्दों में, सेमीकंडक्टर को आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स का 'मस्तिष्क' कहा जाता है। कोई शक नहीं कि भविष्य की हमारी दुनिया जिस मजबूत आधार पर टिकी हुई होगी, वह है सेमीकंडक्टर।

देश को सेमीकंडक्टक्टर उत्पादन का वैश्विक हब बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता किसी से छिपी नहीं है। भारत ने रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सरकार ने यह तथ्य अच्छी तरह समझा है कि युवाओं की क्षमता का इस्तेमाल देश में ही किया जाए। सरकार ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में स्टार्ट-अप और एसएमई (छोटे और मध्यम उद्यमों) का समर्थन करने के लिए एक पैनल भी बनाया है। प्रौद्योगिकी से जुड़े विशेषज्ञ सेमीकंडक्टर को आज के युग का 'न्यू ऑयल' कहते हैं। लगभग हर प्रमुख सेमीकंडक्टर कंपनी की भारत में मौजूदगी है। भारत के युवा दुनिया के कुछ सबसे उन्नत चिप्स डिजाइन करते हैं, प्रोडक्ट की पैकेजिंग और टेस्टिंग भी करते हैं लेकिन उन्हें बनाने के लिए अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया या ताइवान भेजा जाता है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के लिए ये एक बड़ा बोझ है जिसे आने वाले समय में निश्चित कम किया जा सकेगा।

भारत में 300 से ज्यादा ऐसे बड़े कॉलेजों की पहचान की गई है, जहां सेमीकंडक्टर पर कोर्स उपलब्ध होंगे। आजीविका संवर्धन के लिए स्किल्स एक्वीजीशन एंड नॉलेज अवेयरनेस फॉर लिविलीहुड प्रमोशन (संकल्प) कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य ईएसडीएम/सेमीकंडक्टर उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 10 मिलियन लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करना है। सरकार ने हाल में, नेशनल क्वांटम मिशन को मंजूरी दी है। 2023-24 से 2030-31 तक के लिए 6003.65 करोड़ रुपये का बजट घोषित किया गया है।

आंकड़ों की बात की जाए तो 2014 में भारत का इलेक्ट्रानिक्स उत्पाद 30 बिलियन डॉलर से भी कम था। 2014 से पहले भारत में सिर्फ 2 मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स थीं। आज इनकी संख्या बढ़कर 200 से ज्यादा हो चुकी है। अगर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की बात करें तो 2014 में भारत में 6 करोड़ यूजर्स थे। आज उनकी संख्या भी लगभग बढ़कर 80 करोड़ यूजर्स से ज्यादा हो चुकी है। मौजूदा दशक में ही भारत का सेमीकंडक्टर बाजार 110 अमेरिकी डॉलर तक जा सकता है जो वैश्वक व्यवसाय का 11 फीसद है। वैश्विक कंसल्टिंग कंपनी मैकेंजी के अनुसार 2030 तक सेमीकंडक्टर उद्योग का राजस्व एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन के अनुसार सेमीकंडक्टर का भारतीय बाजार 2028 तक 80.3 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

# एआई: सावधान मनुष्य यदि विज्ञान है तलवार



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के ज़रिए ज़बरदस्त बदलाव के दावे किए जा रहे हैं। जैसे कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता असिस्टेंट' की मदद से विद्यार्थी बिना शिक्षक संपर्क के भी शैक्षिक संसाधनों का पता करके उनको उपयोग में ला सकते हैं।

विज्ञान जहां दिन-प्रतिदिन हमारे जीवन को सुगम बनाता रहा, वहीं इसके दुष्प्रभाव मानवता के समक्ष संकट भी उत्पन्न करते रहे। यही कारण रहा कि समय-समय पर चिंतकों-विचारकों ने इसके प्रति 'सावधान मनुष्य यदि विज्ञान है तलवार' जैसे तमाम संकेत देकर विज्ञान के संयमित और संतुलित प्रयोग के प्रति सचेत भी किया।

शिक्षा में विज्ञान का क्रमिक प्रवेश होने से शिक्षा गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। चाहे वह शिक्षण विधियों को ज्यादा विद्यार्थी अनुकूल बनाने में सूचना संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग हो अथवा विद्यार्थियों को स्व-निर्देशात्मक सामग्री की उपलब्धता। विज्ञान ने गूढ़ व जटिल संरचनाओं को लाइव मोड में विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया तो उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी एक क्लिक में प्रस्तुत किया। वर्तमान समय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' या 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (एआई) का है। इस दिशा में निरंतर हो रहे शोध एवं नवाचारों ने इसे मानव के समक्ष एक ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है कि पुनः इस बात पर ज़ोर-शोर से चर्चा होने लगी है कि इसके उपयोग की सीमाएं क्या हों। कहीं ऐसा तो नहीं कि यह 'कृत्रिम मेधा' वास्तविक मेधा के समक्ष सच में संकट खड़ा कर दे।

यहां हम 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' क्या है और शिक्षा में इसका क्या भविष्य है, इस बिंदु पर विचार करेंगे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित विज्ञान का ऐसा सॉफ़्टवेयर, रोबोट अथवा अन्य कोई टूल है जो मनुष्य की तरह सोचने का तरीक़ा प्रस्तुत करता है। यहां विशेष बात यह है कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' मानव द्वारा निर्मित उपकरण अथवा मशीन की मेधा है इसलिए इसकी तुलना प्राकृतिक बुद्धिमत्ता से करना बेमानी है। हां, इतना ज़रूर है कि इसके दुरुपयोग की संभावनाएं भी इसके उपयोग जितना ही प्रबल हैं।

शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के ज़रिए ज़बरदस्त बदलाव के दावे किए जा रहे हैं। जैसे कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता असिस्टेंट' की मदद से विद्यार्थी बिना शिक्षक संपर्क के भी शैक्षिक संसाधनों का पता करके उनको उपयोग में ला सकते हैं। इसकी मदद से विद्यार्थियों की रुचियों-रुझानों का पता लगाना आसान होगा तथा उनके अनुरूप आवश्यक संसाधन-संदर्भों की सहज उपलब्धता होगी। इससे संबंधित उपकरणों की मदद से बच्चों का सतत आकलन करते हुए त्वरित फीडबैक, सहयोग व पुनर्बलन सुगम होगा।

निस्संदेह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने से शिक्षा में सीखने-सिखाने की नवीन संभावनाओं के द्वार खुलेंगे पर इससे जुड़ा दूसरा पक्ष भी है। वह है इसके अनियोजित व दुराग्रही प्रयोग के दुष्परिणाम। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी टूल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' केवल उतनी ही जानकारी भर है जितनी जानकारी पर इसे सेट किया गया है। इसमें भावनात्मक स्तर पर सोचने-समझने और तदनुरूप प्रतिक्रिया का अभाव होता है। इससे विभिन्न स्तरों पर पक्षपात अथवा पूर्वाग्रह पूर्ण व्यवहार की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। अधिकांशतः 'डेटा आधारित' होने के कारण इसके द्वारा प्रदत्त जानकारियां भ्रामक, त्रुटिपूर्ण या अपूर्ण हों, इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता। अतः यहां से प्राप्त जानकारियों की पर्याप्त एवं वैध पुष्टि आवश्यक होगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोगी पहलुओं में यह भी गिना जाता है कि यह विद्यार्थी की शिक्षक पर निर्भरता कम करते हुए उसके वैयक्तिक स्तर पर सीखने के अनुभवों में वृद्धि करेगी। पर यहां विचारणीय यह भी है कि शिक्षण अधिगम के दौरान शिक्षक की भूमिका एक सतत एवं सहयोगी निगरानी कर्ता की भी होती है। नितांत वैयक्तिकता विद्यार्थियों को सहभागिता और सामाजीकरण से दूर कर देगी। सीखना- सिखाना एक अनुकूल परिवेश में सृजित किया जाने वाला अनुभव है जो इस कृत्रिम परिस्थिति में भटकाव का कारण बन सकता है। मशीनों पर अधिक निर्भरता न केवल रोज़गार के अवसरों को कम करेगी बल्कि नैतिक मानदंडों, मान्यताओं, मानवीय मूल्यों, और सामाजिक जीवन के लिए अनिवार्य और अपरिहार्य तत्वों को भी कमज़ोर करेगी इसकी भी संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सार्थक उपयोग हेतु इसकी संभावित कमियों को ध्यान में रखते हुए बेहद सजग व संतुलित क्रियान्वयन योजना तैयार करनी आवश्यक होगी। इसको शिक्षकों का विकल्प मानने या बनाए जाने के बजाय यह ज्यादा ज़रूरी होगा कि इन दोनों के मध्य सहक्रियात्मक संबंध स्थापित किए जाएं जिनमें मशीन और भावना का समन्वित सम्मिलन हो।

## सोशल फोरम

# सर्वहारा की सामाजिकता

ऐसे ही एक दिन शाम को टहलने निकले। लगा सड़क पर भीड़ बहुत बढ़ गई है। सामने से आती हुई गाड़ियां ऐसे लग रही थीं मानों उड़ती चली आ रहीं हैं। जरा दाएं-बाएं होने में देर की नहीं कि रौंद कर निकल जाएंगी। दुनिया बहुत हड़बड़ी में है।

टहलते हुए कालपी रोड पर आ गए। चार-पांच किलोमीटर की टहलाई काफी दिन बाद हुई थी। नहर के पास सड़क थोड़ा ऊंची है। सड़क किनारे बनी पुलिया के पास खड़ा एक आदम, अपनी साइकिल पकड़े, नहर के बहते पानी को देख रहा था। चुप खड़ा। पास पहुंचकर बातचीत शुरू हुई। बात करते हुए साइकिल सवार साइकिल पकड़े हुए मेरे साथ पैदल चलने लगा। बताया कि काम के सिलसिले में भौंती जाता है। करीब 28 किलोमीटर की दूरी। मतलब करीब 56 किलोमीटर की दूरी रोज साइकिल से रोजी-रोटी के सिलसिले में तय होती है।



अनूप शुक्ल
कानपुर

हमने कहा- 'यह तो बहुत दूर पड़ जाता है।' 'का करें? पेट के कारण सब करना पड़ता है।'- उसने निर्लिप्त भाव से जवाब दिया।

घर, परिवार और बाल-बच्चों के बारे में बात करते हुए वह साथ चलता रहा। जिस सड़क पर हम चल रहे थे वह ऊंचाई पर थी। ढलान से नीचे उतरते हुए वह हमारे साथ पैदल चल रहा था। हमने कहा- 'अब तुम चलो। ढलान भी है। इसी के सहारे दूर तक चले जाओगे। आराम रहेगा।' इस पर वह बोला- 'हां लेकिन साथ चलते हुए थोड़ा बोल-बतिया ले रहे हैं तो रास्ता अच्छा कट गया।' फिर थोड़ी देर और साथ चलने के बाद साइकिल पर सवार होकर चला गया। साथ चलते हुए बोलते-बतियाते हुए रास्ता आसानी से कटने की बात सुनकर लगा कि दुनिया में अकेलेपन से मुक्ति की चाहना कितनी है लोगों में। लोग अकेलापन महसूस करते हैं। उससे मुक्त होना चाहते हैं। लेकिन तमाम कारणों से मौके नहीं मिलते। सोशल मीडिया पर लोगों की भयंकर भागीदारी इस अकेलेपन से मुक्ति की चाहना का ही परिणाम है। अपने को अभिव्यक्त करके सामाजिक हो जाने का एहसास लोगों को इससे जोड़ता है। अलग बात है कि लोगों की सामाजिकता की चाहना को सोशल मीडिया अपनी कमाई के लिए उपयोग करता है।

-फेसबुक वॉल से

# सीता की प्रतिष्ठा में वृद्धि की जाए



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

नगरी के उत्थान पतन के इतिहास में एक अध्याय और जुड़ा है। अब एक बार फिर इसके दिन बहुरे हैं। इसे स्थायित्व देने हेतु कुछ बातें मैं जरूरी समझता हूं।

मनु के द्वारा बसाई गई विश्व प्रसिद्ध अयोध्या नगरी का इतिहास आरोहों अवरोहों से परिपूर्ण रहा है। वह कई बार बसी और उजड़ी। कहीं लिखत पढ़त में तो नहीं, किंतु एक लोक श्रुति के अनुसार इस नगरी को सीता जी का शाप है। परिस्थितियां और कारण कुछ भी रहे हों, पर उन जगज्जननी को यहां वह सम्मान और न्याय तो नहीं ही मिल सका, जिसके वे योग्य थीं। वे त्रिलोकपति श्रीराम से वैसी ही अभिन्न हैं जैसे वाणी और उसका अर्थ तथा जल और उसकी लहर। गोस्वामी तुलसीदास ने सही ही कहा है,"गिरा अरथ जल बीचि सम,कहियत भिन्न न भिन्न। बन्दौं सीता राम पद जिन्हइ परम प्रिय खिन्न"।। गोस्वामी जी ने गुणग्राम भी दोनों के साथ साथ गाए जाने के इशारे किए हैं।" सीतारामगुणग्राम पुण्यारण्य विहारिणौ। वन्दे विशुद्ध विज्ञानौ कवीश्वर कपीश्वरौ"। युद्धोपरांत लंकापुरी से वापस लाए जाने पर,राम ने उनसे कटु वचन भी कहे,जैसा कि वाल्मीकि रामायण में उल्लेख है। पश्चात् उनकी चारित्रिक शुचिता की 'अग्नि परीक्षा'ली गई थी, जिसमें वे पूर्णतया उत्तीर्ण हुईं थी। यही नहीं आदि कवि ने लिखा है कि रावण पहले उन्हें अपने महल में ही ले गया था। लंकापुरी का समस्त वैभव,अपनी पत्नियां और स्वयं को भी उनके अधीन करने का आश्वासन देता हुआ अपनी भार्या बनाने का प्रलोभन देता रहा।

यह सीता जी का ही आत्मबल था कि वे झुकीं नहीं और प्रलोभनों को तिरस्कृत करती हुईं, उसे फटकार लगाई। तब विफल खल नायक ने उन्हें अशोक वाटिका में आवासित करवा दिया। अयोध्या आकर, राजपाट सम्हालने के बाद, श्रीराम ने उनका परित्याग 'लोकापवाद'को शमित करने हेतु किया था,न कि उनके अशुचि होने के कारण। हालांकि अन्याय तो हो ही गया। ऐसे में यदि यह नगरी अभिशप्त हुई,तो बात समझ में आती है। कालिदास के 'रघुवंश'में एक वृत्तांत आया है। राम पुत्र कुश(महाराज कुशध्वज) रात अपने महल में लेटे थे।अर्द्ध रात्रि को जब वे तंद्राग्रस्त थे, तो एक विवर्ण मुख नारी सामने आ कर खड़ी हुई। महाराज चकित रह गए कि चारों ओर से सुरक्षित उनके शयन कक्ष में यह कौन नारी प्रवेश कर सकी। नारी बोली,'राजन्! मैं अयोध्या नगरी हूं। जबसे तुम्हारे पिता जी संपूर्ण नगर निवासियों सहित संतानिक लोक प्रस्थान कर गए, तब से मैं सूनी पड़ी हूं। महाराज कुश तत्काल तैयार हुए और दल बल सहित अयोध्या पहुंचकर उसे फिर से बसाया।

नगरी के उत्थान पतन के इतिहास में एक अध्याय और जुड़ा है। अब एक बार फिर इसके दिन बहुरे हैं। इसे स्थायित्व देने हेतु कुछ बातें मैं जरूरी समझता हूं। सीता जी के सम्मान में वृद्धि की जाय। निर्मित हो रहे मंदिर परिसर में किसी उचित स्थान पर सीताराम युग्म की प्रतिमा स्थापित हो, तथा उन माता के भूमि से उद्भव से लेकर पृथ्वी के गर्भ में समाने तक के चित्र या विग्रह प्रतिष्ठित किये जाएं। अयोध्या में कन्याओं को ग्रेजुएशन तक की निःशुल्क शिक्षा देने वाला महाविद्यालय सरकार खोले। सनातन धर्मावलंबी अब कभी भी अपने इस धाम का अवरोह नहीं देखना चाहेंगे।

# पुलिस हिरासत में भी असुरक्षित

जब विश्व श्रमिक संगठनों के वजूद और हड़ताल के विचार से दुनिया अनजान थी। तब 8 मार्च 1857 को न्यूयार्क में बेकरी की गंदी अंधेरी कोठरियों में बेहद कम मजदूरी पर 12 से 14 घंटे काम करने वाली महिलाओं ने त्रस्त हो कर काम ठप किया और सड़क पर आ गई। 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की नींव मैडम क्लारा जेटकिन के प्रयासों से दूसरी अंतराष्ट्रीय महिला कांग्रेस में पड़ी। अभी तक महिला दिवस मार्च के किसी भी दिन मानने की प्रथा थी। किंतु प्रथम विश्व युद्ध के समय 8 मार्च को तमाम कामकाजी महिलाओं ने अपनी फैक्ट्री और उद्योगों से निकल कर एक नारा दिया हमें रोटी चाहिए। युद्ध नहीं हजारों महिला और पुरुष एक रैली के रूप में बाहर निकले। इस आंदोलन से रूसी क्रांति की नींव पड़ी। इसके बाद इसे कामकाजी महिला दिवस के रूप में मनाया और जाना गया।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

देश में महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाएं लगातर बढ़ रही हैं। यह बहुत ही दुखद है कि जब हम इस बार का महिला दिवस आयोजित कर रहे है नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट बहुत ही चौकाने वाली आई है। इसके अनुसार पुलिस हिरासत में भी महिलाएं असुरक्षित हैं। 2017 से 2022, के मध्य 5 वर्षों में ऐसी 270 घटनाएं हुई है, जिनमे पुलिस, जेल अधिकारियों आदि ने हिंसा की घटनाओं को अंजाम दिया। पुलिस हिरासत में रेप के मामले यूपी और एमपी में सर्वाधिक हैं। जहां क्रमशः 92, और 42, मामले दर्ज हुए एनसीआरबी के अकड़े बताते हैं कि महिलाओं पर हिंसा ब्लैक मेलिंग, दहेज उत्पीड़न बच्चियों पर रेप की घटनाएं लगातार बढ़ी है। निसंदेह भारतीय श्रमिक वर्ग को इन अपराधों को रोकने को आगे आना होगा, जिसमें महिलाओं की बड़ी भूमिका होगी।

# मानपुर में 4 मौतों की वजह पति से झगड़ा

## तीन दिन पूर्व लुधियाना से आया था परिवार, मां ने बच्चों को भी दिया था जहर

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** मानपुर थाना इलाके में एक मां ने अपने तीन बच्चों के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली। महिला ने पति से झगड़े के बाद बुधवार सुबह खेतों में जाकर खौफनाक कदम उठाया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मां और तीनों बच्चों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने चारों शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वारदात के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है।

क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर निवासिनी महिला राजकुमारी (35) वर्ष पत्नी सजीवन ने बुधवार सुबह खेतों में जाकर अपने तीन बच्चों संध्या (8) वर्ष, नेहा (5) वर्ष और बेटे सुमित (3) वर्ष के साथ खेतों में जाकर विषाक्त पदार्थ खा लिया। स्थानीय ग्रामीणों ने खेतों में एक साथ चारों को बेहोश देखकर मामले की जानकारी पुलिस और महिला के पति को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान मां सहित तीनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। महिला के पति का कहना है कि मंगलवार की रात घर में पति-पत्नी के बीच लुधियाना जाने के लिए झगड़ा हुआ था, लेकिन सब कुछ रात में ही शांत हो गया। सुबह पत्नी बच्चों के साथ खेतों में जहर खा लेगी यह हमने नही सोचा था। पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी पति को हिरासत में ले लिया हैं। प्रभारी निरीक्षक दिलीप चैबे का कहना है कि आपसी विवाद के चलते महिला ने यह कदम उठाया है। पति को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाई की जा रही है। चार लोगों की मौत के बाद अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रवीण रंजन ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना कर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।


मृतक मां राजकुमारी अपने तीनों बच्चों के साथ (फाइल फोटो)।


घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस।

### पिछले 6 वर्षों से लुधियाना में रहता था परिवार

एक ही परिवार में चार लोगों की मौत से हर कोई स्तब्ध था। मृतका की देवरानी ने बताया कि सजीवन की शादी करीब 16 वर्ष ग्राम तेदुवा निवासिनी राजकुमारी के साथ हुआ था। पिछले 6 सालों से उसका जेठ सजीवन अपनी पत्नी और बच्चों के साथ लुधियाना में रहकर मेहनत मजदूरी करता था। बताया जाता है कि मां सुखरानी अधिक बीमार होने के चलते जिला अस्पताल में उपचार चल रहा था। सजीवन लुधियाना से तीन दिन पहले ही अपनी मां को देखने के लिए परिवार संग आया था।

### अवैध संबंध की ग्रामीणों में रही चर्चा

महिला और बच्चों की मौत की सूचना जिसने भी सुनी वह घर की तरफ दौड़ पड़ा। देखते ही देखते घटनास्थल खेत से लेकर घर तक ग्रामीणों की भीड़ जमा थी। खाकी के अफसर ग्रामीणों और परिवार वालों ने पूछताछ कर घटना की वजह तलाशने में जुटे हुए थे। इस बीच कुछ ग्रामीण मृतका के गांव के ही एक व्यक्ति से अवैध सम्बन्ध होने की चर्चा करते हुए नजर आये। ग्रामीणों ने बताया कि महिला के इस चाल-चलन के चलते ही पति बच्चों और पत्नी को लेकर लुधियाना में रहता था।


घटना के बाद मौके पर उमड़ी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

### लुधियाना वापस चलने पर हुआ विवाद

तीन बच्चों के साथ मां के उठाये गये दुस्साहसिक कदम के बाद गांव की गलियों में सन्नाटा पसरा हुआ था। परिजनों ने बताया कि मंगलवार की देर रात मृतका वापस लुधियाना चलने की जिद कर रही थी। इस पर पति सजीवन ने परिवार में होने वाली 8 मार्च की शादी में शामिल होकर वापस चलने की बात कही। बताया जाता है कि इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा होने लगा लेकिन कुछ देर बाद सब कुछ शांत हो गया। परिजनों ने बताया कि गांव में आकर दोनों का झगड़ा होने आम बात हो चुकी थी।

## एक नजर

### पत्नी की हत्या के दोष में पति को 10 वर्ष कारावास

**सीतापुर, अमृत विचार।** बिसवां कोतवाली इलाके में वर्ष 2019 में हुई एक विवाहिता की मौत मामले में कोर्ट ने आरोपी पति को दोषी करार देते हुए फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) ने सुनवाई के बाद मंगलवार को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पत्नी की हत्या करने के दोष में डीपी एक्ट के तहत पति विवेक पुत्र गंगाचरन पाण्डेय निवासी पक्का कटरा को 10 वर्ष के कठोर कारावास सहित 2 हजार रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। कोर्ट के आदेश के बाद उपरान्त पुलिस ने दोषी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है।

### ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा, डीएम से शिकायत

**खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना खैरीबाद की ग्राम सभा हुसैनपुर के कैमहरा में रामलखन, शिवलखन, रामानुज पुत्र राधेश्याम व प्रेम पुत्र बैजनाथ, देवेंद्र पुत्र प्रेम, रामशरण व रामहेत पुत्र राम लखन ने अवैध कब्जा करके पिलर देकर पक्का निर्माण कर लिया है। जिसे ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोक मंडल की जमीन ग्राम सभा की है कई बार आइजीआर एस के माध्यम से दिनांक 25-4-2023 को प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को दिया था, अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में दूसरी बार 14-7-2023 को पुन: जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद 8-12-2023 को एक प्रार्थना पत्र मंडलायुक्त जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराया गया। ग्रामीणों ने कब्जा हटवाने की मांग की है।

### डॉ. तनवीर को मिला जोश मलिहाबादी अवार्ड

**तम्बौर, सीतापुर, अमृत विचार।** डॉ. तनवीर इकबाल बिस्वानी को उप्र राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा एक लाख रूपये के जोश मलीहाबादी एवार्ड से सम्मानित किए जाने पर नगर के साहित्यकारों, पत्रकारों एवं समाजसेवियों ने खुशी जताई है। गौरतलब है कि पुलिस विभाग में उर्दू अनुवादक के रूप में कार्यरत डॉ. बिस्वानी ने 'अवधपंच की अदबी खिदमात' विषय पर पीएचडी की है। जोश मलीहाबादी अवार्ड उन्हें इसी शोधपत्र पर दिया गया है। डॉ. बिस्वानी को अवार्ड मिलने पर समाजसेवी डॉ. शाहिद इकबाल, मुफ्ती मोहम्मद खबीर नदवी, मौलाना जावेद इकबाल नदवी, अनुराग आग्नेय, भगवती प्रसाद अग्निहोत्री, डाक्टर रिजवान अंसारी, हरिनारायण सिंह, अनूप कुमार, मो जियाउल हक, पंकज कुमार, एडवोकेट सुखलेश कुमार राजवंशी, साहित्यकार देवेन्द्र कश्यप 'निडर', दिग्विजय शुक्ल मुन्नन, चन्द्रशेखर प्रजापति व रामनाथ रावत ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### निर्माण के चलते रास्ता बंद करने का हो रहा विरोध

**सिधौली।** सिधौली नगर के मोहल्ला बाजार, विवेकनगर, सिद्धेश्वरनगर एवं प्रेमनगर के निवासियों ने जीटी रोड से रामलीला मैदान तक आने वाले एक रास्ते को रामलीला कमेटी द्वारा दुकानें बनाकर अवरूद्ध कर दिए जाने का विरोध करते हुए उच्चाधिकारियों से निर्माण रूकवाने की मांग की है। बाजार मोहल्ले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-24 (जीटी रोड) से पुरानी श्री माहेश्वरी ऑयल मिल होते हुए रामलीला मैदान तक एक सत्तर साल पुराना रास्ता है। नगर पंचायत द्वारा उक्त रास्ते पर इन्टर लॉकिंग भी लगवाई जा चुकी है। रामलीला मैदान में उक्त रास्ते पर पहले एक विशाल गेट लगा था। नगर के कई मोहल्लों के लोग उक्त रास्ते का प्रयोग पिछले सत्तर साल से करते चले आ रहे हैं। अब श्रीरामलीला कमेटी रामलीला मैदान में दुकानें बनवाकर उक्त रास्ते को बंद कर रही है।

# वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रुढा भवनाथपुर के निकट लहरपुर बिस्वां मार्ग पर अज्ञात साइकिल सवार को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वाहन फरार हो गया।

लहरपुर-बिसवां मार्ग पर साइकिल से जा रहे 50 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति को किसी वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि काफी प्रयास के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल कर शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। घटना मंगलवार देर रात की है लहरपुर-बिस्वां मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है और शव को पीएम के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि 72 घंटे तक शव को सुरक्षित रखकर शिनाख्त का प्रयास किया जाएगा। मृतक की तलाशी के दौरान कोई भी चीज उसकी शिनाख्त हेतु नहीं मिल सकी है, केवल जेब में 40 रूपये मिले हैं। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।




# आशा बहुओं ने की कलमबंद हड़ताल

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आशा एवं आशा संगिनी ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर दूसरे दिन भी कलमबंद हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया। बुधवार को भी स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशा एवं आशा संगिनी ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन पर अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर कलम बंद हड़ताल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण पर नारेबाजी की।

ज्ञातव्य है कि विगत सोमवार से आगामी 13 मार्च तक आशा व आशा संगिनी कलम बंद हड़ताल कर धरना प्रदर्शन करेगी, उनकी मांगे हैं कि आशा बहु को 18000 रुपए व संगिनी को 24000 रुपए मानदेय दिया जाए, मृतक आश्रित आशा व आशा संगिनी के परिवार को योग्यता के आधार पर चयन किया जाए, 24 घंटे की सेवा होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से बीमा किया जाए एवं राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। संगठन की अध्यक्ष मीना तिवारी ने जानकारी बताया कि जब तक हम सब की मांगे पूरी नहीं होती हैं तब तक कलम बंद हड़ताल जारी रहेगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से रूपरानी, पुष्पा, रेशमा बानो, सुशीला देवी, रेनू, आशा रानी, उमा देवी, मोहिनी, निगार, दीपा देवी, लीलावती, रेशमा बानो सहित भारी संख्या में आशा एवं आशा संगिनी मौजूद थी।


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हड़ताल करती आशा बहुएं। अमृत विचार

**पांच सूत्री मांगों को लेकर कर रही हैं प्रदर्शन**

## अधिकारों को प्राप्त करने के लिए पत्रकारों को होना होगा संगठित

**सांडा।** विकास खण्ड सकरन ब्लॉक सभागार में प्रेस क्लब सांडा की बैठक में उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार हमेशा समाज की लड़ाई लड़ने का काम करते हैं। न तो कोई सुरक्षा है। बैठक में पत्रकारों के वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा के उपरांत प्रेस क्लब सांडा का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव (प्रवीण), महामंत्री ज्ञानेंद्र मिश्र, उपाध्यक्ष प्रताप भार्गव, कोषाध्यक्ष विनय अवस्थी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। सन्तोष मिश्र, शिवकुमार गुप्त, प्रेम दीक्षित, संकेत मिश्र, अनिल यादव, सुधीर सिंह, राजकुमार राजपूत, राकेश राजपूत व अन्य मौजूद रहे।

# तीन वर्षों तक लटकाया जाता है भुगतान

**सीतापुर, अमृत विचार।** सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारी संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उप्र के बैनर तले मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन कार्यालय जिला अधिकारी के माध्यम से पांच सूत्रीय मांग पत्र ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में 30 जून तथा 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एक एक्रीमेन्ट से वंचित किया जाता है, जबकि उनकी एक वर्षीय सेवाएं पूर्ण हो जाती हैं और जुलाई के वेतन में एक्रीमेन्ट दिया जाता है, लेकिन परन्तु जुलाई में वेतन के स्थान पर पेन्शन मिलने के कारण सेवा निवृत्त कर्मचारियों को वंचित कर दिया जाता है।

इस ज्ञापन में प्रमुख मांग को पूरा करने के लिए सभी संवर्ग के कर्मचारी संगठनों द्वारा एक स्वर में एक बैनर तले मांग की गई की सुप्रीम कोर्ट के आदेश होने के वावजूद अभी तक नहीं दिया गया है। जिसे पूरा किया जाये। सेवानिवृत्त पश्चात 90 प्रतिशत प्रतिशत जीपीएफ भुगतान तीन तीन वर्षों तक लटकाया जाता है। इन्हीं मुद्दों को लेकर आज लगभग 250 की संख्या में आयें हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपना मांग पत्र सौंपा। आज प्रमुख वी एन दीक्षित संयोजक राम सिंह यादव मंत्री चन्द्र भान सक्सेना नवल किशोर मिश्रा केके तिवारी मधुर मंगल मिश्रा पान्डे आदि लोग उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देने डीएम कार्यालय आये पेंशनर। अमृत विचार

## इनामी बदमाश सहित दो गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार।** पुलिस की गिरफ्त में आये बदमाशों की पहचान बचऊ पुत्र रामप्रसाद निवासी लोनियनपुरवा मजरा बेदौरा थाना रेउसा और नितिन पुत्र रामलखन निवासी ग्राम सेवता थाना रेउसा जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि चोरी का समान जेवर, सोना, चांदी व पैसे आदि मिलते थे। जिसे अपने साथियों के साथ आपस में बांट लेते थे, और चोरी का सारा सामान जेवर अभियुक्त नितिन को बेच देते थे। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त बुचऊ थाना रेउसा पर एक मुकदमे में पिछले करीब 09 माह से वांछित चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी ने अभियुक्त पर 10,000 का इनाम का पुरस्कार घोषित किया गया था। अभियुक्त बुचऊ के विरुद्ध पूर्व में भी जनपद सीतापुर सहित रायबरेली व बाराबंकी में विभिन्न आपराधिक कृत्यो में करीब एक दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

## सार-संक्षेप

### कार्यकर्ताओं की मेहनत से पार्टी हासिल करेगी सफलताः दिनेश


कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते लोकसभा प्रभारी व मौजूद अन्य। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर चुनाव संचालन समिति की बैठक लोकसभा प्रभारी दिनेश तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन हुई। बैठक के दौरान चुनाव संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता विधानसभा प्रभारी राम नरेश मिश्रा, उपस्थित रहे। बैठक का संचालन विधानसभा संयोजक शैलेश महेन्द्र ने किया। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि दिनेश तिवारी ने कहा कि सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम से पार्टी चुनाव में सफलता हासिल करती आ रही है। इसी तरह लोक सभा चुनाव में भी सभी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए भारी मतों से जीत हासिल करनी है। वही विधानसभा प्रभारी राम नरेश मिश्रा ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री मोदी जी के संकल्प के साथ विकसित भारत बनाने के लिए कार्य कर रही है। इस दौरान चुनाव संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता ने संचालन समिति के गठन, चुनाव पर रणनीतिक चर्चा, प्रचार-प्रसार, घर-घर संपर्क व अन्य विभागों के प्रमुखों को जिम्मेदारियां सौंपी। अंशुमान वर्मा को विधानसभा विस्तारक, अवनेंन्द्र विक्रम सिंह व राजीव मेहरोत्रा को बूथ प्रबंधन कार्य प्रमुख, विजय अवस्थी व विक्रम सिंह विधान सभा लीगल टीम, आकाश राय व मुकेश मिश्रा को मीडिया प्रबंधन प्रमुख, अभिषेक पाण्डेय व अजय शुक्ला को प्रचार समग्री प्रमुख, सहज गुप्ता व संतोष शुक्ला को प्रचार अभियान प्रमुख, सतीश जायसवाल व ओम प्रकाश शर्मा को प्रचार समग्री एवम साहित्य वितरण प्रमुख, श्रेयांश सिंह व राहुल अवस्थी को शोशल मीडिया व अमन विक्रम सिंह को मतगणना प्रमुख का दायित्व दिया गया। बैठक के दौरान जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, जिला मंत्री जया सिंह, जिला उपाध्यक्ष नैमिषरत्न तिवारी, इंदू सिंह चैहान, जीतू मेहरोत्रा, नगर अध्यक्ष श्री प्रकाश सिंह, आकाश अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, डी सी डी एफ चेयरमैन रोहित सिंह, विस्तारक राजीव सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

### लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी को जिताना हैः सुरेश

**तालगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** परसेंडी ब्लॉक परिसर में नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि रमेश भार्गव दीपू रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी का सजीव प्रसारण कार्यक्रम भी महिलाओं को दिखाया गया। मुख्य अतिथि रमेश भार्गव दीपू ने सरकारी योजनाओं का बखान किया। अनूप श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष ने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान मोदीजी ने किया है। सुरेश कुमार गुप्ता व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोगों का हार्दिक स्वागत अभिनंदन है। मोदी जी को 2024 के चुनाव में भारी जीत दिलाना है। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार त्रिवेदी ने किया। उन्होंने कहा कि 2014 से अनेक योजनाओं के माध्यम से मातृशक्ति को लाभ मिला है। आने वाले लोकसभा चुनाव में मोदीजी को भारी जीत दिलाने का संकल्प भी सभी ने लिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजेंद्र राजवंशी ब्लॉक प्रमुख धनंजय सिंह खंड विकास अधिकारी सुरेश गुप्ता जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ बीजेपी मनोज कुमार त्रिवेदी जिला सहसंयोजक मीडिया भाजपा, हंसराज सहायक विकास अधिकारी पंचायत रिचा सिंह अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा मंडल संगम शुक्ला संजय वर्मा ओम प्रकाश शुक्ल प्रधान मनजीत सिंह सहित सभी लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### महिलाओं को परिवार की मुखिया बनाकर दिया सम्मान

**सांडा, सीतापुर, अमृत विचार।** सकरन ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने पीएम नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण देखा। मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष रामजीवन जायसवाल ने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में महिलाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं। वह निडर होकर कहीं भी आ जा सकती हैं। मोदी सरकार ने उन्हें परिवार की मुखिया बना कर सम्मान दिया है। राशन कार्ड, पीएम आवास और उज्जवला गैस का लाभ उनके नाम पर दिया गया है। मुस्लिम बेटियों को तीन तलाक जैसी कुप्रथा से बचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जब समाज पर आपदा आई है हमारी बहन बेटियों ने दुर्गा काली बनकर समाज की रक्षा की है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह,प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार वर्मा,प्रधान संघ अध्यक्ष सुंदरलाल तिवारी,महिला मंडल अध्यक्ष सविता सिंह,खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र कुमार और विकासखंड के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### गोबर की खाद से भर रहे अपनी जेब


गौशाला से ट्रॉली में भरी जा रही खाद। अमृत विचार

**तंबौर।** विकास खण्ड रेउसा की ग्राम पंचायत सिसैया दरियाना में संचालित गौशाला में अव्यवस्थाएं फैली हैं। बताते चलें कि इस गौशाला में लगभग 252 गोवंश दर्ज हैं और इसकी देखरेख सम्बंधित कर्मचारियों व ग्राम प्रधान द्वारा की जा रही है। लगभग पांच-छः माह से संचालित गौशाला में गोबर की खाद प्रतिमाह पांच ट्राली के करीब तैयार हो जाती है। जिसकी कीमत लगभग 10 से 15 हजार के करीब होती है और इस रकम को ग्राम निधि के खाते में जमा कराना सुनिश्चित होता है। जिससे कि उक्त राशि गोवंशों के संरक्षण में खर्च की जा सके, लेकिन आरोप है कि प्रधान पति रामनरेश द्वारा इस गोबर की खाद की कालाबजारी कर अपनी जेब भरने का कार्य किया जा रहा है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने फोन से जिम्मेदारों को दी, लेकिन जिम्मेदारों ने फोन भी उठाना मुनासिब नहीं समझा। वहीं इस मामले में खंड विकास अधिकारी से उनके निजी तथा सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो नंबर बन्द मिले। प्रकरण को लेकर नवीन दायित्व प्राप्त एडीओ पंचायत मुकेश नाथ त्रिपाठी से बात की गई तो बताया कि शिकायती प्रार्थना पत्र मिला है दिखवाता हूं।

## समीक्षा

### जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पात्रों को मिले : जिलाधिकारी

# खराब प्रगति वाले बैंकर्स को सीडी रेशियो में सुधार के निर्देश

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को बैंकर्स की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बैंकों के माध्यम से संचालित शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पात्रों को मिले, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि लम्बित आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा तैयार ''संभाव्यतायुक्त ऋण योजना 2024-25'' का विमोचन भी किया, जिसके अनुसार वर्ष 2024-25 में प्राथमिकता क्षेत्र में लगभग 6692 करोड़ रूपये की ऋण संभाव्यता का प्रक्षेपण किया गया है।


सभागार में बैंक अधिकारियों को निर्देश देते डीएम अनुज सिंह। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत बनाये गये स्वयं सहायता समूहों का प्राथमिकता के आधार पर सीसीएल कराया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि यह शासन की अत्यन्त प्राथमिकता की योजना है। इसलिये इसके लिये व्यापक स्तर पर अभियान चलाते हुये नियमित रूप से समीक्षा भी की जाये। स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्री के विक्रय हेतु भी योजना बनाकर लाभान्वित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा विभिन्न इण्डस्ट्रीज हेतु उपयोगी पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षण हेतु विशेष प्रबन्ध किये जाये, जिससे अधिक से अधिक लाभार्थी रोजगार प्राप्त कर सकें।

जिलाधिकारी ने खराब प्रगति वाले बैंकर्स को सीडी रेशियो में सुधार हेतु निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड एवं मत्स्य पालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड लक्ष्य के अनुसार जारी कराये जायें। मत्स्य विभाग से वरिष्ठ अधिकारी की बैठक में उपस्थित न होने पर एवं उपस्थित अधिकारी द्वारा समुचित विवरण प्रस्तुत न कर पाने तथा विभागीय योजनाओं की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि फसल बीमा योजना के विषय में सभी किसानों को जानकारी प्रदान की जाये और अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जाये। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में स्वीकृत के उपरान्त वितरण हेतु शेष ऋणों का नियमानुसार शीघ्र वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिये।

जिलाधिकारी ने एक जनपद एक उत्पाद, मुद्रा योजना, स्टैण्ड अप योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि योजनाओं की समीक्षा भी की। बैठक के दौरान सीडीओ निधि बंसल, डीडीएम नाबार्ड विशाल कंसल, लीड बैंक मैनेजर अनल कुमार, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

# प्राचीन शिव मंदिर में होगी प्राण प्रतिष्ठा

**रामपुर मथुरा, अमृत विचार।** कस्बा रामपुर मथुरा स्थित रानी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में श्री गुमानेश्वर महादेव मंदिर में मूर्तियों के जलाधिवास कार्यक्रम के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है, इसमें प्राचीन शिव मंदिर में कार्तिकेय भगवान, सूर्य भगवान ,नंदी महाराज व शनि देव महाराज की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा किया जाना है जिसमें पांच मार्च से आठ मार्च तक प्रवचन कार्यक्रम भी किया जाएगा कार्यक्रम में जलाधिवास अन्नाधिवास, फलाधिवास के साथ-साथ 7 मार्च को क्षेत्र के प्रसिद्ध संत शिरोमणि 1008 त्यागी महाराज के नेतृत्व में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद शिव मंदिर में इन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम किया जाएगा। 8 मार्च महाशिवरात्रि को रुद्राभिषेक के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। ये जानकारी रानी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक सत्येंद्र प्रताप सिंह ने दी।


राज माता सरस्वती प्रताप सिंह


गुमानेश्वर प्राचीन शिव मंदिर। अमृत विचार

## एक नजर

### ओला स्कूटर की मरम्मत के नाम पर युवक को ठगा

**अमेठी।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के जरौटा निवासी युवक के साथ ओला स्कूटर के मरम्मत के नाम पर साइबर ठग ने दो किस्तों में 8600 रुपये ठग लिया। वहीं पीड़ित ने टोल फ्री नंबर 1930 पर शिकायत कर धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। जरौटा निवासी युवक विकास मिश्रा की ओला स्कूटर मार्ग दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई। उसे ठीक कराने के लिए युवक द्वारा एक्स (ट्विटर) पर कम्पनी से गुजारिश की। जिसके बाद 29 फरवरी को साईबर ठग द्वारा किसी माध्यम से युवक के मोबाइल नंबर पर फोन करके खुद को ओला कम्पनी का कर्मचारी बताते हुए रिपेयर कराने के नाम पर दो किस्तों में 8600 रुपये ले लिया। जब युवक को पता चला कि उसका पैसा कम्पनी नहीं पहुंचा तो उसी नम्बर पर फोन किया तो ठगी का पूरा मामला सामने आया। पीड़ित ने इंटरनेशनल साइबर टोल फ्री नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। शीघ्र ही स्थिति साफ हो जाएगी।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमेठी।** थाना जामो पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म के मामले में वांछित मोहम्मद रजा पुत्र मोहम्मद हसन रजा निवासी ग्राम भवानीगढ़ थाना जामो को उसके घर से गिरफ्तार किया है। थाना जामों के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया है।

# 206 करोड़ लागत की 281 परियोजनाएं जनता को सौंपी

## केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने नारी शक्ति का बढ़ाया सम्मान

जगदीशपुर, अमेठी



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते चंद्रमौलि सिंह।

**अमृत विचार।** भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से तीसरी बार लोकसभा प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद बुधवार को अमेठी दौरे पर पहुंची केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आधी आबादी और नारीशक्ति का सम्मान बढ़ाया। स्मृति ने संसदीय क्षेत्र की सभी विधानसभाओं में सांसद महिला मैराथन प्रतियोगिता की विजेता महिलाओं को पुरस्कार प्रदान किए और अगले वर्ष सांसद महिला खेल कूद प्रतियोगिता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का संदेश दिया।

डा. अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 206 करोड रुपये लागत की 281 परियोजनाएं जनता को समर्पित किया। इन परियोजनाओं में 620 किमी. लम्बाई की सड़कें भी शामिल हैं। स्मृति ने कहा कि सांसद महिला खेल प्रतियोगिता में कुल 130255 महिलाएं शामिल हुई है। देश की किसी भी लोकसभा में इतनी बड़ी प्रतियोगिता नहीं हुई है। पिछले पांच सालों में अमेठी ने विकास और खेल के क्षेत्र में जो इतिहास गढ़ा है, वैसा स्वतंत्र भारत में अमेठी में कभी नहीं हुआ। स्मृति ने कहा कि पिछले वर्ष सांसद खेल प्रतियोगिता में एक लाख ग्यारह हजार युवाओं और बालिकाओं ने प्रतिभाग किया था और अमेठी की युवा और नारी शक्ति ने खेल की दुनिया में अपना जौहर बढ़ाने का संदेश दिया था। स्मृति ने शानदार खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं और प्रतिभाशाली नारी शक्ति व स्नेही महिलाओं का अभिनंदन किया। कहा सांसद निधि, जिला पंचायत और उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं से अमेठी में पांच साल में लगभग 270 करोड के विकास के काम हुए हैं। कहा खेलेंगी मेरी बहनें तभी तो खिलेंगी मेरी बहनें के स्लोगन के साथ महिलाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने को प्रेरित किया। भाजपा के जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, उपाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख अमरेन्द्र सिंह पिंटू, घनश्याम चौरसिया, काशी क्षेत्र के अध्यक्ष काशी प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष देवनारायण त्रिपाठी, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय कुमार कोरी, फूलचंद कसौधन आदि मौजूद रहे। संचालन सुधांशु शुक्ला ने किया।

### हजरत बाबा शहामत का दो दिवसीय सालाना उर्स आज से

**नई दिल्ली।** सर्व धर्म एकता की मिसाल हज़रत बाबा शहामत शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स बड़ी ही शानो शौकत के साथ आज से मनाया जाएगा। बाबा के गुस्ले पाक कुरआन ख्वानी व चादर पोशी में तमाम जायरीन शामिल होकर नजराने अकीदत पेश करेंगे। शुकुल बाजार विकास खण्ड स्थित गोड़वा जहां हज़रत बाबा शहामत शाह रहमतुल्लाह अलैह का दो दिवसीय सालाना उर्स मुबारक बड़े ही शानो शौकत के साथ आज और कल मनाया जाएगा। जहां बाद नमाजे जोहर कुरआन ख्वानी तथा ईद मिलादुन्नवी व रात्रि में कव्वाली का प्रोग्राम किया गया है। उर्स मुबारक में शामिल होने वाले जायरीनों की खातिर का प्रबंध होता है।

### ओमप्रकाश अध्यक्ष श्यामू बने महामंत्री

**अमेठी।** तिलोई में एसोसिएशन कार्यकारणी गठन का चुनाव एल्डर कमेटी के अध्यक्ष मोहन सिंह, अनीश अहमद तथा रामकृष्ण भारतीय की देख रेख में चुनाव सम्पन्न हुआ।

इस मतदान में कुल 116 अधिवक्ताओ को अपने मत का प्रयोग करना था। जिसके सापेक्ष 112 अधिवक्ताओ ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें ओमप्रकाश सिंह अध्यक्ष पद के लिए 16 मतो से विजय हुए। मंहामत्री पद के लिए श्यामू तिवारी 6 मतो तथा कोषाध्यक्ष पद के रणविजय सिंह 4 मतो से विजय हुए। मतदान सुबह 11 बजे से 3 बजे तक चला, उसके बाद गिनती सम्पन्न हुई।

# चार परियोजनाओं का मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया लोकार्पण

संवाददाता, अमेठी



वर्चुअल लोकार्पण व संबोधन को सुनते सीएमओ व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आयुष विभाग के अन्तर्गत जनपद अमेठी में नवनिर्मित चार परियोजनाओं का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन लखनऊ में लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में किया गया। जिसका अवलोकन अध्यक्ष नगरपालिका गौरीगंज प्रतिनिधि दीपक सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सक डॉ. अनुपम श्रीवास्तव, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गरिमा, यूनानी चिकित्सक डॉ. मधुबन, आयुष चिकित्सक डॉ. राखी, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। जनपद में आयुष विभाग के अन्तर्गत राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय गोरियाबाद व मेघमऊ, राजकीय यूनानी चिकित्सालय 15 बेड मुसाफिरखाना, राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय राजाफत्तेपुर तिलोई का लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा किया गया।

# बैठक में करोड़ों के विकास कार्यों पर चर्चा




सभागर में मौजूद मुख्य अतिथि मृगांकेश्वर सिंह व ब्लॉक प्रमुख अर्चना सिंह।

**संवाददाता, अमेठी।** तिलोई मुख्यालय पर स्थित राजा मोहन सिंह सभागार में बुधवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री के बेटे और ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों पर चर्चा हुई। क्षेत्र पंचायत की बैठक में स्वास्थ्य विद्युत समेत अन्य चार विभागों के खिलाफ सदन के सदस्यों द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। खण्ड विकास अधिकारी ने क्षेत्र पंचायत की बैठक में अनुपस्थित रहने वाले विभागों के खिलाफ पत्र लिखकर जिलाधिकारी को भेज दिया है। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री के बेटे कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह ने कहा क्षेत्र पंचायत की बैठक में कई विभागों के जिम्मेदार नहीं आये। खण्ड विकास अधिकारी आकांक्षा सिंह ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों की मांग के अनुरूप निंदा प्रस्ताव पारित कर जिलाधिकारी के पास पत्र लिखकर भेजा है। पूर्व प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि जिन गांवों में किसी महत्वपूर्ण स्थान पर सामुदायिक शौचालय की अवश्यकता हो प्रस्ताव दें। ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह ने कहा कि जिन गांवों में कोई अति महत्वपूर्ण इंटरलाकिंग कार्य हो तो दें। एडीओ पंचायत हरिशंकर सिंह ने सदन को बताया कि छोटे गांव में छह और बड़े गांवों में 15 नये शौचालय छूटे हुये लाभार्थियों को मिलेंगे, पात्रता देखकर सभी लोग आनलाइन कराएं। खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशुन कश्यप ने बताया कि कायाकल्प योजना में तिलोई ब्लाक ने जनपद में द्वितीय स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि 13 विद्यालयों में चहर दीवारी और 16 विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय का निर्माण नहीं हो सका है। एक अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र प्रारम्भ होना है। जिसमें जन प्रतिनिधियों के सहयोग की आवश्यकता है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों से 2023-24 की कार्य योजना के लिये प्रस्ताव मांगे गए। ग्राम प्रधानों की तरफ से देवी शरण बाजपेई ने सदन के सम्मुख अपनी बात रखते हुए कहा हर घर जल योजना के अंतर्गत कई घरों में कनेक्शन नहीं दिए गए।

# त्रिपूला पुल पर अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता-पुत्र की गई जान

तिलोई, अमेठी



रामराज रावत। (फाइल फोटो)



नरेंद्र रावत। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार।** अज्ञात डंफर की टक्कर से पिता और पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। अमेठी के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के मूल निवासी बाराबंकी के हैदरगढ़ कोतवाली से महज डेढ़ किलोमीटर त्रिपूला पुल हैदरगढ़-रायबरेली रोड पर पहुंचे ही थे कि उनकी मोटसाइकिल में अज्ञात डम्फर ने टक्कर मार दी।

डम्फर की टक्कर से पिता पुत्र दोनो की मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार की सुबह तकरीबन 10 बजे टिकरी पोस्ट कुसुंभी थाना शिवरतनगंज अमेठी निवासी रामराज रावत (54) अपने पुत्र नरेंद्र कुमार रावत (18) के साथ अपनी होंडा बाइक यूपी 36 एफ 0377 से हैदरगढ़ जा रहे थे. हैदरगढ़ की तरफ से आ रहे अज्ञात डंफर की चपेट में आने से पिता-पुत्र दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक डम्फर लेकर भागने में कामयाब रहा। हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बाराबंकी भेज दिया। मौत की खबर सुनने के बाद परिवारीजनों का रो - रो कर बुरा हाल है।




विजेता महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करतीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी। अमृत विचार

### सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में महिलाओं का सम्मान

**अमेठी।** अमेठी सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने विधान सभा स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को तिलोई ब्लाक के रमई गांव में खेल के मैदान में आयोजित किया गया था। जिसमें तीन ब्लाक की प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय की महिलाओं को अपने हाथों इनामों का वितरण किया गया। इसके बाद कार्य कताओं द्वारा वितरण किया गया। इसके अलावा हर न्याय पंचायत 18-18 खेलकूद में शामिल महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। सांसद द्वारा प्रत्येक न्याय पंचायत से चयनित 47 महिलाओं को भी पुरुस्कार उपलब्ध कराकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राकेश त्रिपाठी, भवानी दत्त दीक्षित, रामकृष्ण भारतीय, भागीरथी मौर्य, पंकज अवस्थी, गौरव श्रीवास्तव, चंद्रपाल यादव सहित दर्जनों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सामूहिक विवाह में एक-दूजे के हुए 165 जोड़े, दिया आशीर्वाद



एक-दूजे के साथ फेरे लेते नवयुगल जोड़े। अमृत विचार

**संवाददाता, अमेठी।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बुधवार को तिलोई के बीएमएस कालेज में शहनाई गूंज उठी। 165 जोड़ों ने एक दूसरे का जीवनभर साथ निभाने की कसम खाई। केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी समेत अधिकारियों ने वर-वधु को आशीर्वाद दिया। वधू को दैनिक उपयोग का सामान देकर विदा किया। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि भाजपा सरकार बेटियों के लिए फिक्रमंद है। सरकार के लिए कोई बड़ा-छोटा नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार माता भिलनी ने निःस्वार्थ भाव से श्रीराम की सेवा की थी, इसी प्रकार सरकार जनता की सेवा कार्य में लगी है। उन्होंने बेटियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि अपने ससुर, सास और पति की सेवा करना। सरकार की ओर से दिया जा रहा अनुदान जीवन में मददगार साबित होगा। वहीं दूल्हों से कहा कि पत्नी की बात का सम्मान रखना। सिंहपुर से 72, तिलोई से 54, बहादुरपुर से 35, अमेठी से एक, मुसाफिरखाना से दो व गौरीगंज से एक जोड़े शादी के बंधन में बंधे। 165 जोड़ो में 9 मुस्लिम समुदाय से थे, जिन्हें निकाह पढ़ाया गया।

## सार-संक्षेप

### ताबड़तोड़ काटे जा रहे पेड़, जिम्मेदार मौन

**अमेठी।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के धनापुर मजरे सहजीपुर में वनविभाग की मिली भगत से हरे विशालकाय वृक्षों को लकडकट्टों द्वारा जमीदोंज किया जा रहा है। इसके पहले महुए के बाग के अवैध कटान पर वन विभाग से शिकायत होने पर दो पेड़ो का जुर्माना वसूल कर अवैध कटान पर रोक लगा दिया गया था। करीब एक महीने बीत जाने के बाद वन विभाग द्वारा बाग में लगे बचे हुए महुए के हरे वृक्षों के काटने का परमिशन दे दिया गया। सूत्रों के अनुसार हल्का वन विभाग कर्मचारी द्वारा नियमों के विपरीत जाकर हरे पेड़ों के कटान का परमिशन दिया गया है। हल्के में तैनात वन विभाग का कर्मचारी उसी थाना क्षेत्र का निवासी हैं। ऐसे में लोकल लकडकट्टो से जान-पहचान व घनिष्ठता है, जिसके चलते संग्रामपुर क्षेत्र में अवैध कटान रुकने का नाम नही ले रहा है। शिकायत होने पर जुर्माना और कटान जारी रखने के लिए लकडकट्टो को परमिशन दिया जा रहा है। वहीं वन क्षेत्राधिकारी मोहम्मद इब्राहिम ने बताया कि पेड़ों को जर्जर बताकर परमिशन मांगा गया था।

### स्मैक के साथ युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अमेठी।** थाना मुंशीगंज पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत 12 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत उप निरीक्षक विधानचन्द यादव मय हमराही द्वारा मुखबिर की सूचना पर प्रदीप सिंह पुत्र स्वर्गीय अमर बहादुर सिंह (27) निवासी ग्राम टिकरी थाना अमेठी को भुसियावां तिराहे के पास से समय करीब पौने सात बजे गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने गिरफ्तार युवक के कब्जे से 12 ग्राम स्मैक बरामद किया है।

### मादक पदार्थ के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** थाना मोहनगंज पुलिस ने नसरतपुर मोड के पास से नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत 15 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशामुक्त अमेठी अभियान के तहत बुधवार को उप निरीक्षक सुरेश कुमार दीक्षित मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान शुभम सिंह पुत्र दानबहादुर सिंह निवासी फतेहपुर मवइया थाना जायस को नसरतपुर मोड के पास से 15 ग्राम स्मैक के साथ तिलोई के पास से गिरफ्तार किया है।

### चार थानेदार किए गए इधर से उधर, पांच को नई जिम्मेदारी

**अमेठी।** हाल ही में अमेठी का चार्ज संभालते ही एसपी ने ताबड़तोड़ थानों का औचक निरीक्षण करना शुरू कर दिया था। एसपी ने निरीक्षण के दौरान थानेदारों की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखे थे। मंगलवार की देर रात चली तबादला एक्सप्रेस में चार थानेदार इधर से उधर किये गए, पांच निरीक्षक-उप निरीक्षकों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं पांच थानेदारों से चार्ज छीन लिया गया है। मंगलवार की रात चली तबादला एक्सप्रेस में पांच थानेदारों से एसपी अनूप कुमार सिंह ने चार्ज छीन लिया है, उनकी जगहों पर निरीक्षक-उप निरीक्षकों को कमान सौंपी गई है। बल्कि चार थानेदारों को इधर से उधर किया गया है। प्रभारी निरीक्षक गौरीगंज अमर सिंह को इन्हौना का चार्ज दिया गया है। थानाध्यक्ष शिवरतनगंज प्रभारी तनुज पाल को थानाध्यक्ष पीपरपुर बनाया गया है। थानाध्यक्ष जायस देवेंद्र प्रताप सिंह को थानाध्यक्ष रामगंज, प्रभारी निरीक्षक रामगंज पंकज कुमार द्विवेदी को थाना भाले सुल्तान का प्रभारी बनाया गया है।

# 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का लगाया पोस्टर




लिंक रोड से गांव को जाने वाले कच्चे मार्ग पर रोड पर लगा पोस्टर। अमृत विचार

**संवाददाता, अमेठी।** संग्रामपुर विकास खण्ड के करनाईपुर ग्राम पंचायत के लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि तीन हजार की आबादी का संपर्क मार्ग आजादी के बाद अब तक नहीं बन पाया। कच्ची सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के दौरान वोट मांगने आने वाले नेता सड़क निर्माण का वादा करते हैं, लेकिन जीतने के बाद वे हमें भूल जाते हैं।

संग्रामपुर के ग्राम पंचायत करनाई के शिवपुर व प्रतापनगर गांव में आजादी के सात दशक बाद भी सड़क का निर्माण नही हो पाया। सड़क बनवाने के लिए ग्रामीणों ने कई बार प्रदर्शन भी किया। जिसके बाद ग्रामीणों को अश्वशन तो मिला लेकिन आज तक गांव में सड़क का निर्माण नही हो पाया है। थक हार कर बीते एक वर्ष पहले कुछ दूरी पर ग्रामीणों द्वारा चन्दा लगाकर दस ट्राली ईटो को मंगाकर श्रमदान के जरिये कच्ची सड़क पर ईटो को बिछाकर सड़क पर चलने लायक बनाया था। शिवपुर व प्रतापनगर गांव में सड़क न होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि इस गांव की दूरी ब्लॉक मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर दूर है। दोनों गांव के लोग बड़ी संख्या में खेती करते है। अपनी सब्जियो को मंडी पहुचाने में भी किसानों को परेशानियो का सामना करना पड़ता है। नेताओं की उदासीनता को देखते हुए दोनो गाव के लोगों ने गांव में जगह-जगह 'सड़क नहीं तो वोट नहीं' का बैनर-पोस्टर लगा दिया है। उनका कहना है कि यदि हमारे लिए एक रोड नहीं बन सकता है तो फिर वोट देने का क्या फायदा? ग्रामीणों ने कहा कि गांव में अगर रोड नहीं बनती है तो हम किसी को वोट नहीं करेंगे। हम इस चुनाव का पूरी तरीके से बहिष्कार करेंगे।

### तीन संस्थाओं ने 35 अभ्यर्थियों को दिया रोजगार

**अमेठी।** कौशल विकास मिशन के प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में डीडीयूजीकेवाई योजना के तहत जनपद के भादर ब्लॉक में कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त आयोजित ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में लाल विजयानन्द महाविद्यालय के विद्यालय प्रबन्धक विभोर द्विवेदी के द्वारा किया गया एवं रोजगार मेले में 3 प्लेसमेंट कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में जिला समन्वयक आर.के. अग्निहोत्री, प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह, जिला कौशल प्रबन्धक संदीप कुमार सिंह, मृत्युन्जय तिवारी एवं सेन्टर इंचार्ज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का हुआ आयोजन

**भादर, अमेठी।** कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम परिसर में ब्लाक संसाधन केंद्र द्वारा हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति और निपुण भारत मिशन के परिप्रेक्ष्य में प्राथमिक स्तर के अध्यापकों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का क्षमता संवर्द्धन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव ने किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के समग्र विकास में अभिभावक, समाज तथा शिक्षक सभी की महती भूमिका होती है। पूर्व प्राथमिक शिक्षा और प्राथमिक शिक्षा का समन्वय करते हुए ज्ञान आधारित समाज की स्थापना को बच्चों को आनंदमयी शिक्षा का वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों को एक साथ प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

### सम्मानित किए गए बच्चे और उनके अभिभावक

कार्यक्रम के अंतिम चरण में विकास खंड भादर के अन्तर्गत निपुण विद्यालयों के निपुण बच्चों और उनके माता-पिता को सम्मानित भी गया। सीडीपीओ कार्यालय से आई मुख्य सेविका सीमा सिंह ने कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के क्रम में आधारभूत तत्व हैं। कार्यक्रम का संचालन नोडल संकुल शिक्षक देवांशु सिंह और रवि शंकर दूबे ने किया। प्रधान प्रतिनिधि शुभम् सिंह, कम्पोजिट विद्यालय के .प्र.अ. संजीव कुमार, लेखाकार अंकित सिंह, दिनेश यादव, बच्चा राम वर्मा, सतीश शर्मा, आशुतोष पाण्डेय, फूलचंद, अनिल सोनी, प्रहलाद गौतम, राघवेन्द्र सिंह, सूर्यभान गौतम, लालती देवी, विजय प्रताप, शिवकरन गुप्ता, आशा यादव, कलावती, मिथिलेश पाल, आशा देवी आदि मौजूद रहे।

### 12 करोड़ से संवरेगी निहालगढ़ रेलवे स्टेशन की सूरत

**जगदीशपुर, अमेठी।** अमृत भारत स्टेशन के अंतर्गत अमेठी निहालगढ़ रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण किया जाएगा। करीब 12.50 करोड़ रुपये से इस स्टेशन का कायाकल्प किया जाएगा। यात्रियों को बड़े स्टेशनों जैसी सुविधाएं उपलब्ध होगी। निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर रोज दो हजार यात्री पहुंचते हैं। जिसको लेकर रेलवे के डीआरएम एसएम शर्मा ने बुधवार को पहुंच कर स्थलीय निरीक्षण किया। डीआरएम ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म, पार्किंग एरिया, स्टेशन परिसर सहित कॉनकोर्स एरिया का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि 12.50 करोड़ के प्रोजेक्ट में निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुविधाओं में विस्तार किया जाएगा। जिसमें यात्रियों के लिए शेड बनाए जाएंगे। परिसर में प्रवेश और निकास द्वार की बेहतर व्यवस्था की जायेगी। तीन मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज बनाया जायेगा। जिससे यात्री इधर से उधर जा सकेंगे।

# एक अप्रैल से निजी नलकूपों का नहीं देना होगा बिजली का बिल

**संवाददाता, अमेठी।** किसानों को अब निजी नलकूपों का बिल एक अप्रैल 2023 के बाद का नहीं देना पड़ेगा। इसका लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा जिन्होंने 31 मार्च 2023 से पहले ओटीएस का लाभ लेते हुए बकाया बिल जमा कर दिया था। यह फैसला सीएम योगी आदित्यनाथ के आवास पर हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया।

बकाया बिजली के बिलों पर बीते वर्ष ब्याज माफी योजना चल थी। इसमें निजी नलकूप बकाएदार एक मुश्त जमा कर ब्याज पर पूरी छूट पा लिए थे। लेकिन पिछले वर्ष सरकार ने निजी नलकूपों पर खर्च होने वाली बिजली का बिल माफ करने की घोषणा इस शर्त पर की थी कि मार्च 2023 से पहले जो किसान अपना बिजली का बिल का भुगतान कर देगा, उन्हीं किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

योजना का लाभ लेने के लिए उस दौरान किसान लालायित हुए थे। सरकार ने भी तीन चरणों में बिजली का बिल बकाया जमा करने का विकल्प दिया था। उस दौरान किसान हर जतन कर नलकूपों का बकाया बिल जमा कर दिया था। इधर किसान नलकूप का संपूर्ण बिल माफी की उम्मीद लगाए थे। हालांकि अपनी हठधर्मिता के चलते बिजली विभाग लगातार निजी नलकूप का बिल अभी भी थमा रहे थे। जबकि ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने 13 नवंबर को ही जन प्रतिनिधियों को पत्र जारी कर 1 अप्रैल 2023 के बाद से किसानों का बिजली बिल माफ होने की बात कही थी। जिक्र किया था कि 31 मार्च तक या उसके पहले के बाकी बिल पर ब्याज माफी योजना का लाभ मिलेगा। अब तक किसान ऊहापोह में थे। जिसकी खबर अमृत विचार ने बीते माह 13 फरवरी को निजी नलकूप वाले किसानों से उनकी राय जानने के बाद "निजी नलकूपः सरकार की तरफ से माफ, बिजली विभाग थमा रहा बिल" शीर्षक नामक प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी।



### कार्यालय ग्राम पंचायत मंझवारा वि.ख.गौरीगंज, जनपद अमेठी

पत्रांक मेमो/स्वच्छ भारत मिशन/SLWM/2023-24 दिनांक- 06/03/2024

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मंझवारा वि0 खं0 गौरीगंज जनपद अमेठी में SLWM योजना से कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मो से मुहरबंद निविदाये दिनांक 11/03/2024 तक अपरहान 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है एवं उसी दिन दिनांक 11/03/2024 को ग्राम पंचायत के कार्यालय में निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओ के समक्ष खोली जाएगी कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक नाडेप ,आरसीसी सेंटर सोकपिट फिल्टर,चेम्बर ई-रिक्शा आदि करायें जाने हैं। | 929390 लाख रू. एसबीएम फंड से |

मेहंदी हसन
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मंझवारा
वि. खं. गौरीगंज,अमेठी

सुमन यादव
सचिव
ग्राम पंचायत मंझवारा
वि. खं. गौरीगंज, अमेठी

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, गुरुवार, 7 मार्च 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# 6.8% की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी

## अगले वर्ष के लिए रेटिंग एजेंसी ने जताया अनुमान, 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला बनेगा देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**




रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अगले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाते हुए बुधवार को कहा कि यह 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला देश बन जाएगा और अर्थव्यवस्था भी दोगुनी होकर सात लाख करोड़ डॉलर हो जाएगी। क्रिसिल रेटिंग्स ने इंडिया आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को घरेलू संरचनात्मक सुधारों और चक्रीय स्थितियों से समर्थन मिलेगा और यह वर्ष 2031 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अपनी वृद्धि संभावनाओं को बरकरार रखने के साथ उसमें सुधार भी कर सकती है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में उम्मीद से बेहतर 7.6 प्रतिशत वृद्धि रहने के बाद भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में थोड़ा मध्यम होकर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है कि अगले सात वित्त वर्षों (2024-25 से 2030-31) में भारतीय अर्थव्यवस्था पांच लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर सात लाख करोड़ डॉलर के करीब पहुंच जाएगी। क्रिसिल ने कहा-इस अवधि में 6.7 प्रतिशत की अनुमानित औसत वृद्धि भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना देगी और 2030-31 तक इसकी प्रति व्यक्ति आय भी उच्च-मध्यम आय समूह तक पहुंच जाएगी। भारत फिलहाल 3.6 लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके आगे अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। क्रिसिल को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2030-31 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 6.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। उस समय तक देश की प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और भारत उच्च-मध्यम आय वाले देशों के समूह में शामिल हो जाएगा।

### घरेलू हवाई यात्रियों के आंकड़ों में होगी बढ़ोत्तरी

**मुंबई।** क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को कहा कि घरेलू हवाई यात्री यातायात के चालू वित्त वर्ष में आठ-13 प्रतिशत बढ़कर कोविड-पूर्व स्तर से आगे 15-15.5 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। महामारी से पहले घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 14.12 करोड़ थी। रेटिंग एजेंसी ने अगले दो वित्त वर्षों में विमानन उद्योग के शुद्ध घाटे में खासी गिरावट का अनुमान जताने के साथ ही कहा है कि आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियां और इंजन से जुड़े मसले निकट अवधि में प्रतिकूल साबित हो सकते हैं। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात में निरंतर सुधार और अपेक्षाकृत स्थिर लागत वातावरण के बीच इक्रा ने घरेलू विमानन उद्योग को लेकर 'स्थिर' दृष्टिकोण कायम रखा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारतीय एयरलाइंस के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात वित्त वर्ष 2022-23 में कोविड-पूर्व स्तर को पार कर गया था लेकिन यह वर्ष 2018-19 में दर्ज 2.59 करोड़ के उच्चतम स्तर से पीछे था। चालू वित्त वर्ष में अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 2.5-2.7 करोड़ रहने की उम्मीद है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना: शाह

**मुंबई, एजेंसी**

- सहकारिता मंत्री ने मुंबई में एक सम्मेलन को संबोधित किया



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पांच 'नाजुक अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। शाह ने यहां 'इंडिया ग्लोबल फोरम' के वार्षिक निवेश शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत नाजुक थी, मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर थी और राजकोषीय घाटा भी नियंत्रण से बाहर था। उन्होंने कहा कि आज भारत एक नीति-संचालित देश के रूप में उभरा है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इस साल के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार चार लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। शाह ने कहा-हमने 2025 तक अंतरिक्ष में स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी और 2040 तक एक व्यक्ति को चंद्रमा पर भेजने की योजना भी है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में कहा-हम अपनी सरकार के पिछले 10 वर्षों के प्रदर्शन और अगले 25 साल की रूपरेखा के साथ चुनाव में उतर रहे हैं। शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'दूरदर्शी प्रधानमंत्री' बताते हुए कहा कि वर्ष 2047 में आजादी के सौ साल पूरा होने तक भारत पूरी तरह से विकसित व आत्मनिर्भर होगा।

### भारत आत्मविश्वास से भरा और आत्मनिर्भर देश

गृह मंत्री ने कहा कि भारत आत्मविश्वास से भरा और आत्मनिर्भर देश है। इसने खुद को एक निष्क्रिय सरकार से एक गतिशील सरकार में, प्रतिगामी से प्रगतिशील विकास में और एक नाजुक अर्थव्यवस्था से शीर्ष अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हुई प्रगति की तुलना संप्रग सरकार के शासनकाल से की जानी चाहिए।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 74,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,150-49,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,600 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,750 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## फसल बीमा योजना में 23 करोड़ किसानों के दावों का हुआ भुगतान

**नई दिल्ली।** पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 56 करोड 80 लाख किसानों के आवेदन पंजीकृत किए गए और 23 करोड़ 22 लाख से अधिक किसानों को उनके दावों का भुगतान किया गया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान किसानों ने प्रीमियम के अपने हिस्से के रूप में लगभग 31 हजार 139 करोड़ रुपये चुकता किए, जिसके आधार पर उन्हें 1,55,977 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया। इस प्रकार, किसानों द्वारा भुगतान किए गए प्रत्येक 100 रुपये के प्रीमियम के लिए उन्हें लगभग 500 रुपये दावे के रूप में दिए गए।

## सोना 150 रुपये चढ़कर 65,150 रुपये के नए रिकॉर्ड पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- चांदी की कीमत में 400 रुपये की आई गिरावट

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 150 रुपये की बढ़त के साथ 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

लगातार दूसरे दिन बढ़त हासिल करते हुए सोना 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबार में सोने की कीमत 65,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी की कीमत 400 रुपये की गिरावट के साथ 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। बीते कारोबारी सत्र में यह 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''दिल्ली के बाजार में सोना (24 कैरेट) 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के हाजिर भाव पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 150 रुपये की तेजी को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स (जिंस बाजार) में सोना हाजिर मजबूती के साथ 2,122 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## बैंक कार्ड जारी करते समय ग्राहक को नेटवर्क चुनने का विकल्प दें

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे पात्र ग्राहकों को क्रेडिट या डेबिट कार्ड जारी करते समय कई कार्ड नेटवर्क में से एक को चुनने का विकल्प मुहैया कराएं। केंद्रीय बैंक ने क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं से यह भी कहा है कि वे कार्ड नेटवर्क के साथ कोई भी ऐसा समझौता या व्यवस्था न करें जो ग्राहकों को दूसरे नेटवर्क की सेवाएं लेने से रोकता हो। आरबीआई ने कहा, समीक्षा करने पर यह पाया गया कि कार्ड नेटवर्क और कार्ड जारीकर्ताओं के बीच मौजूद कुछ व्यवस्थाएं ग्राहकों के लिए विकल्प उपलब्ध कराने के लिहाज से अनुकूल नहीं हैं।

## पेटीएम वॉलेट उपयोग करने वाले लोगों को नहीं होगी कोई समस्या: दास

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि पेटीएम वॉलेट का उपयोग करने वाले 80-85 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं को नियामकीय कार्रवाई के कारण किसी भी बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

वहीं शेष उपयोगकर्ताओं को अपने ऐप को अन्य बैंकों से जोड़ने की सलाह दी गई है। रिजर्व बैंक ने 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार करने से रोक दिया। दास ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े वॉलेट को अन्य बैंकों के साथ जोड़ने की समयसीमा 15 मार्च तय की गई है। उन्होंने समयसीमा आगे बढ़ाये जाने की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि 15 मार्च तक का दिया गया समय पर्याप्त है और इसे आगे बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है।



# लालू और उनका परिवार सबसे बड़ा गुनहगार

## प्रधानमंत्री ने बिहार में राजद-कांग्रेस गठबंधन पर जंगल राज कायम करने का लगाया आरोप

**बेतिया (बिहार), एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनका परिवार बिहार का सबसे बड़ा गुनहगार है और उन पर एक दशक से अधिक के कार्यकाल के दौरान राज्य में जंगल राज कायम करने का आरोप लगाया।

पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि राजद-कांग्रेस गठबंधन के कुशासन के परिणामस्वरूप बिहार के युवा बड़ी संख्या में पलायन करने के लिए मजबूर हुए और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सत्ता संभालने के बाद ही राज्य में चीजें बेहतर दिखने लगीं। उन्होंने कहा-जंगल राज के लिए जिम्मेदार परिवार...वे बिहार के सबसे बड़े गुनहगार हैं। उनके कुशासन ने एक पूरी पीढ़ी के भविष्य को खतरे में डाल दिया। युवाओं को देश के अन्य हिस्सों में पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जबकि केवल एक परिवार समृद्ध हुआ।

मोदी ने प्रसाद के उनका ''कोई परिवार नहीं होने'' के कटाक्ष पर पलटवार करते हुए कहा-जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया, बाबासाहेब आंबेडकर और कर्पूरी ठाकुर जैसे लोग जीवित होते तो ये लोग अपने स्वयं के परिवारों को बढ़ावा न देने के लिए उन पर भी हमला करते। उन्होंने कहा-मुझसे उनकी शिकायत यह है कि मेरा कोई परिवार नहीं है। मेरे लिए पूरा देश मेरा परिवार है और आज पूरा देश कह रहा है कि वह खुद को मोदी के परिवार के रूप में देखता है। राजद प्रमुख की टिप्पणी पर भाजपा नेताओं और समर्थकों ने प्रधानमंत्री के प्रति एकजुटता प्रकट करने के लिए अपने सोशल मीडिया खाते के नाम के साथ ''मोदी का परिवार'' भी जोड़ दिया।

### अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे श्रीनगर का दौरा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म किये जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को अपनी पहली कश्मीर यात्रा के दौरान श्रीनगर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू कश्मीर' कार्यक्रम में शामिल होंगे और केंद्र शासित प्रदेश में कृषि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लगभग 5,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। लोकसभा चुनाव नजदीक आने और विपक्षी दलों द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा की मांग के मद्देनजर सबकी नजरें इस बात पर टिकी होंगी कि प्रधानमंत्री इन मुद्दों पर क्या कहते हैं।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना की कांग्रेस में वापसी

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। यह जेना की पार्टी में वापसी है। उन्हें 2019 में पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया था। कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी अजय कुमार ने पार्टी मुख्यालय में 73 वर्षीय जेना का पार्टी में स्वागत किया। जेना ने कहा-मैं शुरू से ही कांग्रेसी हूं। कुछ गलतफहमियां थीं, वो दूर हो गईं। मैंने कांग्रेस नेतृत्व के साथ बातचीत की और अब वापसी कर रहा हूं। उन्होंने बीजू जनता दल और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा-ओडिशा में एक चुनौती है। बीजू जनता दल (बीजद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब खुलकर साथ आ गए हैं। मुझे भरोसा है कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन बीजद-भाजपा का सामना करेगा तथा उन्हें पराजित करेगा।

## भाजपा मुख्यालय में देर रात तक जारी रहा चुनावी मंथन

**नई दिल्ली, ब्यूरो**

- उत्तर प्रदेश की कानपुर सुल्तानपुर व गोंडा सहित 29 सीटों पर चर्चा

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में बुधवार को बिहार एवं उत्तर प्रदेश के टिकट दावेदारों की सर्वाधिक चहलकदमी रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अलग-अलग कई बैठकों में दावेदारों के साथ चुनावी मंथन किया। बैठकों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

सर्वाधिक चर्चा बिहार, उत्तर प्रदेश की शेष 29 सीटों को लेकर हुई। बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर बीजेपी नेताओं के साथ जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति, राष्ट्रीय लोक मोर्चा एवं हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा के नेताओं में गतिरोध जारी है। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में बिहार के टिकट दावेदारों का जमावड़ा लगा रहा। बीजेपी ने अपने कोटे की 17 सीटों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक बिहार से लौटने के बाद देर रात तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन नाम का अवलोकन करेंगे और गुरुवार को बिहार से भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है। लोक जनशक्ति पार्टी को लेकर बीजेपी में चर्चा हुई है जिसमें चिराग पासवान और उनके चाचा के बीच तनाव की बात सामने आई है। बीजेपी ने दोनों गुटों को 6 सीटें देना तय किया है। केंद्रीय मंत्री पशुपतिनाथ एवं चिराग पासवान के बीच 6 सीटों में बंटवारा होना है। जनता दल यूनाइटेड ने 17 सीटों पर दावा किया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा एवं हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा के जीतन राम मांझी ने भी एक-एक सीट पर दावा किया है। बिहार में इस समय बीजेपी के 17, जनता दल यूनाइटेड के 16 एवं लोक जनशक्ति पार्टी के 6 सांसद हैं।

उत्तर प्रदेश की भी कुछ सीटों के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से कई नेताओं की मुलाकात हुई है। अभी कानपुर, सुल्तानपुर व गोंडा की सीटों पर फैसला नहीं हुआ है। वहीं अकबरपुर संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद देवेंद्र सिंह भोले का टिकट फाइनल होने के बाद कानपुर संसदीय क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना की दावेदारी कमजोर हो गई है। भाजपा हाई कमान कानपुर से किसी ब्राह्मण उम्मीदवार की खोज में है। कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी अपनी बेटी के लिए टिकट मांग रहे हैं। गोंडा से सांसद बृजभूषण शरण सिंह का भी टिकट विवादों में है। सुल्तानपुर से मेनका गांधी की जगह किसी नए चेहरे पर विचार किया जा रहा है जिसमें प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व संयुक्त निदेशक एवं लखनऊ के विधायक राजेश्वर सिंह के नाम पर भी चर्चा हुई है। उत्तर प्रदेश में 29 उम्मीदवारों की सूची जारी होना है।

## एक नजर

### दिल्ली विधानसभा से सात भाजपा विधायकों का निलंबन रद

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने विधानसभा में बजट सत्र के प्रारंभ में उपराज्यपाल वी के सक्सेना के अभिभाषण में व्यवधान डालने को लेकर सदन से निलंबित कर दिए भाजपा के सात विधायकों के निलंबन को रद कर दिया। सात भाजपा विधायकों- मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओ पी शर्मा, अभय वर्मा, अनिल बाजपेयी, जितेंद्र महाजन और विजेंद्र गुप्ता ने अपने निलंबन को चुनौती देते हुए पिछले महीने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

### दक्षिणी दिल्ली में व्यक्ति ने खुद को मारी गोली

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के नेब सराय इलाके में 38 वर्षीय व्यक्ति ने अपने दोस्त के घर कथित तौर पर खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले की हत्या समेत सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान भरत सचदेवा के रूप में हुई है जो पेशे से एक ऑटो-रिक्शा चालक था। हाल ही में उसकी नौकरी छूट गई थी। भरत के पिता ने हालांकि आरोप लगाया है कि उनके बेटे की हत्या की गई है।

## स्पेनिश महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार अन्य पांच आरोपी गिरफ्तार

**दुमका।** झारखंड में दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र में बीते दिन स्पेन की रहने वाली महिला की लज्जा भंग करने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को पांच अन्य फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खैरवार ने मंगलवार देर शाम को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शर्मसार कर देने वाली इस घटना पर त्वरित कार्रवाई कर पुलिस ने संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीररता को देखते हुए गहन छानबीन कर रही है।

## शरद पवार ने सीबीआई जांच संबंधी याचिका को दी चुनौती

**मुंबई, एजेंसी**

- निर्माण करने की अवैध अनुमति देने का मामला

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने पुणे के लवासा में एक निजी हिल स्टेशन का निर्माण करने की कथित अवैध अनुमति देने के लिए उनके, उनकी बेटी सुप्रिया सुले और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग वाली जनहित याचिका को बंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

राकांपा (शरदचंद्र पवार) अध्यक्ष ने अधिवक्ता जोएल कार्लोस के माध्यम से दायर आवेदन में एक वकील की जनहित याचिका में प्रतिवादी बनाये जाने की मांग की है ताकि वह याचिका के खिलाफ अपनी दलील पेश कर सकें। अधिवक्ता नानासाहेब जाधव ने पिछले साल पीआईएल दायर कर अनुरोध किया था कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को कथित अनियमितताओं के मामले में तीनों के खिलाफ और राज्य सरकार के कुछ अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया जाए।

## मुख्य संदिग्ध के बारे में जानकारी देने पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एनआईए ने कैफे विस्फोट के मामले में की घोषणा




राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट के मामले में संदिग्ध बम हमलावर की जानकारी देने पर 10 लाख रुपये के नकद इनाम की बुधवार को घोषणा की। एनआईए ने 'एक्स' पर संदिग्ध बम हमलावर की तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह टोपी, मास्क और चश्मा लगाकर कैफे के अंदर दाखिल होते हुए दिख रहा है।

एनआईए ने फोन नंबर और ईमेल आईडी साझा करते हुए कहा है कि इनके माध्यम से लोग इस अज्ञात व्यक्ति के बारे में सूचना भेज सकते हैं। यह अज्ञात व्यक्ति को हमले को अंजाम देने वाला माना जा रहा है। एनआईए ने आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। कैफे में विस्फोट की जांच इस सप्ताह के प्रारंभ में एनआईए को सौंपी गयी थी। एक मार्च को पूर्वी बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे के अंदर विस्फोट होने से कम से कम दस लोग घायल हो गये थे। संदेह है कि आईईडी के माध्यम से यह विस्फोट किया गया। धमाके के शीघ्र बाद कर्नाटक पुलिस ने कठोर गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।

**गृह मंत्री परमेश्वर बोले-पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले :** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि एक मार्च को रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और वह गुत्थी सुलझाने के करीब पहुंच रही है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि पुलिस को पिछले दो दिन में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। परमेश्वर ने कहा कि हमारे अधिकारी (मामले को सुलझाने के लिए) करीब पहुंच रहे हैं। कल और परसों कुछ महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जिसे हमने बहुत गंभीरता से लिया है।

# निर्वाचन आयोग ने राहुल को दी सतर्क रहने की सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ टिप्पणी का मामला
- जारी हालिया परामर्श का सही तरीके से पालन करने का निर्देश

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 'पनौती' और 'जेबकतरा' संबंधी बयानों के मद्देनजर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपने सार्वजनिक बयानों में अधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने को कहा है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पिछले साल दिसंबर में दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आयोग ने गांधी से कहा कि वह स्टार प्रचारकों और राजनीतिक नेताओं के लिए जारी हालिया परामर्श का सही तरीके से पालन करें। एक मार्च को जारी परामर्श में आयोग ने चेतावनी दी थी कि दलों, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों को आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन के लिए सिर्फ 'नैतिक निंदा' के बजाय कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इसमें यह भी कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पूर्व में नोटिस मिल चुके हैं, उन्हें बार-बार आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस नेता की ओर से प्रधानमंत्री के लिए 'पनौती' और 'जेबकतरा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किए जाने पर आयोग ने पिछले साल गांधी को नोटिस जारी किया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 21 दिसंबर को आयोग से इन टिप्पणियों के लिए गांधी को जारी किए गए नोटिस पर फैसला करने के लिए भी कहा था, जिसमें कहा गया था कि नवंबर 2023 में दिए गए एक भाषण के दौरान कांग्रेस नेता द्वारा दिया गया बयान 'अरुचिकर' (नॉट इन गुड टेस्ट) था।

### आदिवासियों को वनवासी कहना उनका सबसे बड़ा अपमान



**बदनावर (धार)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज आदिवासियों के बीच बिना किसी का नाम लिए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने आदिवासियों को वनवासी कहना शुरु कर दिया है और ये आदिवासियों का सबसे बड़ा अपमान है। श्री गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत मध्यप्रदेश के धार जिले के बदनावर में आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी उपस्थित रहे। सभा में बड़ी संख्या में मौजूद आदिवासियों को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने अपने संबोधन की शुरुआत राज्य के सीधी कांड का संदर्भ देते हुए की। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा ऐसी ही है। भाजपा सिर्फ आदिवासियों के साथ नहीं, दलितों और गरीब पिछड़ों के साथ भी ऐसा ही व्यवहार करती है। भाजपा के लोग सभी जगह कमजोरों का अपमान करते हैं।

## स्टालिन, शेखर बाबू और ए राजा के खिलाफ याचिकाएं खारिज

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के मंत्रियों- उदयनिधि स्टालिन और पी के शेखर बाबू एवं सांसद ए राजा के खिलाफ एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों की ओर दायर की गईं याचिकाओं पर 'अधिकार पृच्छा' रिट जारी करने से इनकार कर दिया। एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों ने इन नेताओं द्वारा सनातन धर्म के विरुद्ध कथित रूप से टिप्पणी करने के बाद पद पर बने रहने पर सवाल उठाए थे। याचिकाओं में सवाल किया गया था कि किस अधिकार से वे सरकारी पदों पर बने हुए हैं। न्यायमूर्ति अनीता सुमंत ने हिंदू मुन्नानी के दो पदाधिकारियों तथा एक अन्य व्यक्ति की ओर से दायर याचिकाओं का निस्तारण कर दिया।

# फिट और उपलब्ध होने पर घरेलू क्रिकेट खेलना अहम: रोहित

## बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी पर इशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से किया गया था बाहर



धर्मशाला, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चाहते हैं कि राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बनाने वाले खिलाड़ी खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध रखें, बशर्ते 'बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें 'अनफिट' घोषित न किया हो।

बीसीसीआई ने अनुबंधित क्रिकेटरों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने की सलाह दी थी और रणजी खेलने के बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी पर इशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंधित पूल से बाहर कर दिया था। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट से पूर्व रोहित ने स्पष्ट किया कि यह कदम सभी पर लागू होता है। रोहित ने कहा कि खिलाड़ियों को खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध कराना होगा जब तक कि उन्हें चिकित्सा समूह से प्रमाण पत्र नहीं मिल जाए उन्हें आराम की जरूरत है। अगर आप उपलब्ध हैं, आप फिट हैं, अगर आप ठीक हैं, तो यह अहम है कि हम जाएं और खेलें। रोहित धर्मशाला टेस्ट की तैयारी में व्यस्त हैं लेकिन फिर भी उन्हें रणजी के सेमीफाइनल को देखने का समय मिला, जिसमें उनकी अपनी घरेलू टीम मुंबई ने भाग लिया था। उन्होंने कहा कि आपने इस सप्ताह खेली गई रणजी देखी। मैंने मुंबई और तमिलनाडु का मुकाबला देखा। मुझे लगता है कि विदर्भ ने जीत हासिल की। कप्तान ने कहा कि जब इस तरह के मुकाबले होते हैं तो आप देखते हैं कि गुणवत्ता और हर चीज सबके सामने आ जाती है।

### अश्विन की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम

**धर्मशाला।** कप्तान रोहित शर्मा ने 100वां टेस्ट मैच खेलने की तैयारी में लगे रविचंद्रन अश्विन को दुर्लभ प्रतिभा का खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि इस ऑफ स्पिनर की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम होगी। भारत 5 मैच की श्रृंखला में पहले ही 3-1 से अजेय बढ़त हासिल कर चुका है तथा इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले टेस्ट मैच के परिणाम का श्रृंखला के नतीजे पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन यह मैच अश्विन और इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का 100वां टेस्ट होगा। रोहित ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए 100 टेस्ट खेलना बड़ी उपलब्धि होती है। वह हमारे लिए मैच विजेता खिलाड़ी रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 5-7 वर्षों में उसके प्रदर्शन को देखिए। प्रत्येक श्रृंखला में उसने योगदान दिया है। उस जैसे खिलाड़ी दुर्लभ होते हैं। अश्विन के नाम पर टेस्ट में 507 विकेट दर्ज हैं। भारतीय कप्तान ने रजत पाटीदार का भी समर्थन किया। रोहित ने कहा कि पाटीदार योग्य खिलाड़ी है। मैं उसे पसंद करता हूं। मैं उसे एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में देखता हूं। हमें उसे कुछ और समय देना होगा। रोहित ने कहा कि टीम की मुश्किल परिस्थितियों में वापसी करने की क्षमता असाधारण है।

# मूनी और लॉरा के अर्धशतक, गुजरात ने आरसीबी को 19 रनों से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

सलामी बल्लेबाजों कप्तान बेथ मूनी और लॉरा वोलवार्ट के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से गुजरात जाइंट्स ने महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 19 रन से हराकर पहली जीत दर्ज की। मूनी (51 गेंद में 12 चौके, 1 छक्के से नाबाद 85 रन) और लॉरा वोलवार्ट (45 गेंद में 76 रन, 13 चौके) की पहले विकेट की 140 रन की साझेदारी से गुजरात ने 5 विकेट पर 199 रन बनाए। जवाब में आरसीबी 8 विकेट पर 180 रन ही बना सकी। आरसीबी की जॉर्जिया वेयरहैम ने 22 गेंद में 6 चौके और 2 छक्के से 48 रन बनाए। रिचा घोष (30), स्मृति मंधाना (24), एलिस पैरी (24) और सोफी डिवाइन (23) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाईं। गुजरात की एशलेग गार्डनर ने 2 विकेट लिए। कप्तान स्मृति मंधाना ने बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर को दो छक्के और 1 चौका मारा लेकिन ऐशलेग ने उन्हें पगबाधा कर दिया। टीम ने पावर प्ले में 1 विकेट पर 39 रन बनाए। एस मेघना (13 गेंद में 4 रन) रन आउट हुईं। डिवाइन ने मन्नत कश्यप की गेंद पर टीम का अर्धशतक पूरा किया और फिर मेघना सिंह की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया।



## खेल डायरी

### विदर्भ रणजी फाइनल में, अब मुकाबला मुंबई से

**नागपुर, एजेंसी।** तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे और यश ठाकुर की गेंदबाजी से विदर्भ ने बुधवार को मध्य प्रदेश को 62 रन से हराकर रणजी के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना 41 बार के चैंपियन मुंबई से होगा। मध्य प्रदेश ने मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 228 रन से आगे बढ़ाई। तब वह लक्ष्य से 93 रन पीछे था लेकिन ठाकरे और ठाकुर (दोनों दो-दो विकेट) की तेज गेंदबाजी के सामने उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए और टीम 258 रन पर आउट हो गई। यह तीसरा अवसर है जबकि विदर्भ ने रणजी फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले दोनों अवसरों पर वह चैंपियन बना था। उसने 2017-18 में दिल्ली और 2018-19 में सौराष्ट्र को हराया था। मध्य प्रदेश 2021-22 का रणजी चैंपियन है। उसके सामने 321 रन का लक्ष्य था तथा 6 विकेट गंवाने के बावजूद उसके पास जीतने का मौका था लेकिन उसके निचले क्रम के बल्लेबाज नहीं चल सके। ठाकरे ने कल के अविजित बल्लेबाज कुमार कार्तिकेय को बोल्ड करके उन्हें खाता भी नहीं खोलना दिया। ठाकरे ने अनुभव अग्रवाल (0) को भी बोल्ड करके मध्य प्रदेश का स्कोर 8 विकेट पर 234 रन कर दिया। सारांश जैन (25) ने कुछ देर तक संघर्ष किया। ठाकुर ने उनको बोल्ड करके विदर्भ की जीत तय की।

**इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट**

### अंतिम क्वालीफाइंग राउंड में हारे नागल

**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट के अंतिम क्वालीफाइंग दौर में द. कोरिया के सियोंग चान होंग से हार गए। मंगलवार को खेले गए इस मैच में नागल को 6-2, 2-6, 6-7 (4-7) से हार का सामना करना पड़ा। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले अमेरिका के खिलाड़ी स्टीफन डोस्टानिक को सीधे सेटों में हराया था। क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में हारने के बावजूद नागल को 10 रैंकिंग अंक और 14400 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। नागल इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे।

### एमबापे के दो गोल की मदद से पीएसजी क्वार्टर फाइनल में

**सैन सेबेस्टियन (स्पेन), एजेंसी।** किलियन एमबापे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने रीयाल सोसिडाड को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पीएसजी की जीत में दोनों गोल एमबापे ने किए जिससे उनकी टीम 4-1 के अंतर से जीत गई। पीएसजी ने पहले दौर का मैच 2-0 से जीता था और उसमें भी एमबापे ने एक गोल किया था। एमबापे पहले ही कह चुके हैं कि पीएसजी के साथ यह उनका अंतिम सत्र होगा। पीएसजी ने अभी तक चैंपियंस लीग का खिताब नहीं जीता है। वह 2020 में उपविजेता रहा था जबकि 2021 में उसने सेमीफाइनल ने जगह बनाई थी। इस बीच म्यूनिख में खेले मैच में बायर्न म्यूनिख ने हैरी केन के दो गोल से लाजियो को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### खेलो इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ी होंगे सरकारी नौकरी के पात्र: अनुराग ठाकुर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी मिलेगी। ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया पैरा गेम्स और खेलो इंडिया विंटर गेम्स के सभी खेलों के खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में मौका मिलेगा। खेल मंत्री ने एक्स पर लिखा, हमारे प्रधानमंत्री के अनुरूप एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र के दृष्टिकोण को जमीनी स्तर पर प्रतिभा का पोषण करना और खेल को आकर्षक और व्यवहार्य करियर विकल्प में बदलना। खेलो इंडिया एथलीट अब सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, इंडिया स्पोर्ट्स के परामर्श से यह अभूतपूर्व कदम अब खेलो इंडिया गेम्स- यूथ, यूनिव से पदक विजेताओं की सरकारी नौकरियों के लिए पात्रता बढ़ाता है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न खेलों में समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए खेलों और आयोजनों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। ये संशोधित नियम भारत को एक खेल महाशक्ति बनाने में हमारे एथलीटों का समर्थन करने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक हैं।

# मैच को यादगार बनाने उतरेगा भारत जीत संग स्वदेश जाना चाहेगा इंग्लैंड

## भारतीय ऑफ स्पिनर अश्विन और इंग्लैंड के बेयरस्टो खेलेंगे अपना 100वां टेस्ट मैच

धर्मशाला, एजेंसी



तीन मैच में जीत से श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को अपने स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए यादगार बनाने की कोशिश करेगी जिनका यह 100वां मैच होगा। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का भी यह 100वां मैच होगा और उनकी टीम भी जीत के साथ अभियान का समापन करने को प्रतिबद्ध है।

भारत ने रांची में चौथा टेस्ट जीत कर घरेलू धरती पर शानदार रिकार्ड बरकरार रखा। अब भारत की निगाह श्रृंखला 4-1 से जीत कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में शीर्ष पर पहुंचने की है। वहीं, यहां की पिच और मौसम को देखकर इंग्लैंड को घरेलू धरती पर होने का अहसास हो रहा है। मैच के पहले दो दिन तापमान 10 डिग्री तक रहने की संभावना है। मैच की पूर्व संध्या पर पिच सपाट नजर आ रही है लेकिन नमी से शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, लेकिन स्पिनरों की भूमिका को कम नहीं आंका जा सकता है।

हाल में यहां खेले गए रणजी मैचों में टीमों ने कई बार 300 रन से अधिक का स्कोर बनाया। बड़ौदा ने एक मैच में 482 रन बनाए जो वर्तमान सत्र में इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर है। हालांकि भारत के दो तेज गेंदबाजों और तीन स्पिनरों के साथ उतरने की संभावना है। जसप्रीत बुमराह की वापसी से भारतीय आक्रमण मजबूत हुआ है। मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी और अश्विन, जडेजा और कुलदीप के कंधों पर स्पिन की जिम्मेदारी होगी। कुलदीप ने 2017 में इसी मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। केएल राहुल ने अभी तक पूर्ण फिटनेस हासिल नहीं की है और ऐसे में रजत पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है। टीम में जगह बनाए रखने के लिए यह उनके पास आखिरी मौका हो सकता है।

भारतीय टीम प्रबंधन के पास मध्यक्रम में देवदत्त पडिक्कल के रूप में एक अन्य विकल्प है। सरफराज खान ने राजकोट में पहले मैच में शानदार बल्लेबाजी की थी लेकिन रांची में उनका बल्ला नहीं चला था और वह उसकी भरपाई यहां करना चाहेंगे। यशस्वी जायसवाल एक और बड़ी पारी खेल कर किसी एक श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बनने की कोशिश करेंगे। केवल सुनील गावस्कर के नाम यह उपलब्धि हैं।

**मैच : सुबह 9.30 बजे से**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, केएस भरत, देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

**इंग्लैंड :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फॉक्स, टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन, शोएब बशीर।

# धर्मशाला की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूलः स्टोक्स

धर्मशाला, एजेंसी



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने धर्मशाला की पिच को पूरी तरह से बल्लेबाजी के अनुकूल बताया और यही मुख्य कारण है कि उन्होंने भारत के खिलाफ शुरू होने वाले टेस्ट के लिए एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को टीम में नहीं चुना।

धर्मशाला में सामान्य से अधिक ठंड होने से गेंदबाजों की दिलचस्पी बनी रहती है लेकिन पिच पर कोई घास नहीं छोड़े जाने से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। इंग्लैंड ने अंतिम एकादश में ओली रोबिन्सन की जगह मार्क वुड को लिया है। स्टोक्स ने कहा कि यहां पहुंचने से पहले हम सोच रहे थे कि आक्रमण में 3 तेज गेंदबाज और 1 स्पिनर शामिल होगा लेकिन फिर जब हमने विकेट देखा और आज इसे फिर से देखा तो मुझे लगता है कि दो तेज गेंदबाजों और दो स्पिनरों के साथ जाना शायद सही होगा।

उन्होंने कहा कि हमें लगा कि हम जहां हैं, उसके कारण शायद विकेट पर थोड़ी घास होगी लेकिन विकेट बल्लेबाजी के अनुकूल दिखता है इसलिए दो तेज गेंदबाजों को खेलना और फिर भी बैश (शोएब बशीर) तथा टॉम (हार्टले) के होने से हमें एक अच्छा मिश्रण मिलता है। मैं इस बारे में थोड़ा अनिश्चित हूं कि जैसे-जैसे टेस्ट आगे बढ़ेगा तो क्या होगा। इंग्लैंड ने स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में शुरू हुए 'बैजबॉल' युग में पहली बार टेस्ट श्रृंखला गंवाई है।

### इंग्लैंड ने तेज गेंदबाजों और स्पिनरों पर लगाया दांव

**धर्मशाला।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए तेज गेंदबाजी के साथ स्पिनरों को टीम में तरजीह दी है। इंग्लैंड की टीम और प्रबंधन ने बुधवार को पिच का निरीक्षण किया गया। जिसके बाद उन्होंने टीम में एक बदलाव करते हुए तेज गेंदबाजों को कल होने वाले मैच में खिलाने के लिए ओली रॉबिन्सन की जगह मार्क वुड प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। इंग्लैंड ने कल के टेस्ट के लिए स्पिनर टॉम हार्टले और शोएब बशीर को टीम में बरकरार रखने का फैसला किया। हालांकि चौथे टेस्ट में 70 ओवर के दौरान बशीर की उंगली में चोटिल हो गई थी।

# केवल 'वास्तविक' पहलवानों को ही ट्रायल्स में भाग लेने देगा महासंघ

नई दिल्ली, एजेंसी

कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने स्पष्ट किया है कि वह 10 मार्च से शुरू होने वाले दो दिवसीय चयन ट्रायल्स में केवल उन्हीं पहलवानों को भाग लेने की अनुमति देगा जो अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। डब्ल्यूएफआई ने पहलवानों को एक से अधिक वजन वर्गों में प्रतिस्पर्धा की अनुमति का भी फैसला किया है। डब्ल्यूएफआई ने लिखा कि जयपुर में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहलवान अपने राज्य की वास्तविकता की पुष्टि करने के लिए डब्ल्यूएफआई की लाइसेंस बुक, जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड लेकर आएंगे। हरियाणा के कई पहलवानों ने जयपुर में तदर्थ समिति द्वारा कराई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अरुणाचल और सिक्किम का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने कहा कि सिक्किम और अरुणाचल मान्यता प्राप्त इकाइयां नहीं है। हम किसी को प्रतिस्पर्धा से नहीं रोक सकते हैं लेकिन पहलवान को अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करना होगा। अगर अरुणाचल का कोई पहलवान ट्रायल्स में आता है तो हम उसे भाग लेने की अनुमति देंगे।

# शबनीम ने महिला क्रिकेट में सबसे तेज गेंद फेंकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- 130 किमी से अधिक की रफ्तार से द. अफ्रीका की तेज गेंदबाज ने डाली गेंद




द. अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने महिला क्रिकेट में अब तक की सबसे तेज गेंद फेंककर नया इतिहास रचा। गेंद की रफ्तार नापने वाली मशीन 'स्पीड गन' आने के बाद यह पहला अवसर है जबकि महिला क्रिकेट में किसी गेंदबाज ने 130 किमी से अधिक की रफ्तार से गेंद की।

डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस से खेलते हुए इस्माइल ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान 132.1 किमी (80.08 मील) प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करके नया रिकॉर्ड बनाया। महिला क्रिकेट की यह सबसे तेज गेंद ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग के पैड से टकराई। यह तीसरे ओवर की दूसरी गेंद थी। मुंबई के खिलाड़ियों ने पगबाधा की अपील की लेकिन अंपायर ने ठुकरा दिया। द. अफ्रीका से महिला टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाली इस्माइल ने पिछले साल घरेलू धरती पर खेली गई इस प्रतियोगिता के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की थी। इस्माइल ने 2022 में महिला विश्व कप के दौरान दो बार 127 किमी की रफ्तार से गेंद की थी। इस्माइल ने कहा कि जब मैं गेंदबाजी करती हूं तो वास्तव में बड़ी स्क्रीन की तरफ नहीं देखती हूं। इस्माइल हालांकि इस मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई तथा उन्होंने 4 ओवर में 46 रन देकर 1 विकेट लिया।

# बॉलीवुड हलचल

## अजय देवगन की फिल्म मैदान का पोस्टर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर मैदान का पोस्टर शेयर किया, जिसमें उन्हें युवाओं को गले लगाते हुए देखा जा सकता है। पोस्टर में टैगलाइन है 'एक आदमी, एक विश्वास, एक भावना और एक राष्ट्र'। अजय देवगन ने पोस्टर के कैप्शन में लिखा, एक व्यक्ति, एक टीम, एक राष्ट्र और उस अटूट विश्वास का गवाह बनें, जिसने फुटबॉल के इतिहास पर एक अविश्वसनीय छाप छोड़ी। फिल्म में प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद पर रिलीज होने वाली है।

### योद्धा के लिए सिद्धार्थ ने की कड़ी मेहनत



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने फिल्म योद्धा के लिए कड़ी मेहनत की है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। योद्धा में सिद्धार्थ आर्मी जवान हैं। फिल्म में कई एक्शन दृश्य हैं। कोरियोग्राफर क्रेग मैक्रै ने चाकू की तकनीक और हाथ से हाथ का मुकाबला डिजाइन किया है। सिद्धार्थ की छह महीने की तैयारी में फिटनेस आहार भी शामिल था। पुष्कर ओझा ने कहा कि हमने बेहतरीन विवरण के साथ स्टोरीबोर्ड किया। फिर, फाइट कोरियोग्राफर हमारे साथ बैठा और इसमें जोड़ा। जब सिद्धार्थ ने दृश्य में प्रवेश किया, तो उन्होंने सबसे पहले मॉक सेट पर एक्शन किया। निर्देशक सागर आम्ब्रे का कहना है कि उन्होंने सिद्धार्थ के किरदार अरुण को पारिवारिक व्यक्ति के रूप में गढ़ा है। अरुण सच्चे सैनिक हैं।

## देवरा-भाग 1 में जाह्नवी कपूर का नया लुक



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म 'देवरा' से उनका लुक रिलीज कर दिया गया है। 'देवरा: भाग 1' में मैन ऑफ मास एनटीआर जूनियर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार जाह्नवी कपूर आज अपना जन्मदिन मना रही हैं और उन्हें विश्व स्तर पर शुभचिंतकों और नेटिज़न्स से प्यार मिल रहा है। आज विशेष अवसर को चिह्नित करते हुए, 'देवरा: पार्ट 1' के निर्माताओं ने जाह्नवी कपूर को शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और एक नए पोस्टर का अनावरण किया, जिसमें जाह्नवी 'थंगम' के किरदार में नजर आ रही हैं। निर्माताओं ने लिखा, हमारी प्यारी थंगम, जाह्नवी कपूर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं! जाह्नवी ने इसे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया और लिखा, सेट पर वापस आने का इंतजार नहीं कर सकती, कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है, जिसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। देवरा का पहला भाग 10 अक्टूबर 2024 को देश भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगा।

### रामचरण संग आरसी 16 में होंगी जाह्नवी


**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों के स्टार रामचरण के साथ फिल्म आरसी 16 में नजर आएगी। जाह्नवी कपूर का आज जन्मदिन है। इस खास दिन पर जाह्नवी कपूर की एक फिल्म की अनाउंसमेंट भी हुई है, जिसमें वह राम चरण के साथ नजर आएंगी। वृद्धि सिनेमा प्रोडक्शन कंपनी और मैत्री मूवी मेकर्स ने जाह्नवी की एंट्री आरसी 16 में कन्फर्म की है। यह फिल्म पैन इंडिया लेवल पर रिलीज होगी। इस फिल्म को सुकुमार ने लिखा है और एआर रहमान ने संगीत तैयार किया है।

## जीनत बोलीं- मेरे बिना मेरी बायोपिक बनाना मूर्खता



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जीनत अमान ने अपनी बायोपिक की ख्वाहिश जाहिर की है जीनत सोशल मीडिया पर लगातार फैंस को अपना अपडेट देती रही हैं। जीनत ने इंस्टाग्राम पर अपनी पुरानी फोटो शेयर की और इसी के साथ मैसेज भी लिखा। इसमें उन्होंने अपनी बायोपिक की ख्वाहिश जाहिर की है। जीनत ने कैप्शन में लिखा, हो सकता है कि आप इसे एक बूढ़ी औरत की शिकायत कहकर खारिज कर दें, लेकिन मेरी राय में, मुझे शामिल किए बिना मेरे बारे में बायोपिक बनाना मूर्खता होगी। बिल्कुल स्पष्ट रूप से, कोई भी मुझे उस तरह नहीं जानता जैसे मैं जानती हूं। इसलिए इस संबंध में कोई भी शोध मेरे इनपुट के बिना अधूरी, यहां तक कि त्रुटिपूर्ण भी होगा। मैं शर्त लगाती हूं कि मेरे बारे में सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हर तथ्य के लिए सैकड़ों और तथ्य हैं जो केवल मुझे पता हैं। यहां बहुत सारे मील के पत्थर, उपाख्यान और व्यक्तिगत रहस्योद्घाटन हैं जो मेरी यात्रा को समझने के लिए अभिन्न अंग हैं। यह वास्तव में एक दिलचस्प जीवन रहा है। जीनत ने लिखा, संभावित बायोपिक को लेकर मेरी बात हुई है और मैं खुद धीरे-धीरे इस विचार पर विचार कर रही हूं। क्या ऐसा होगा? कौन जानता है? मेरी बायोपिक के लिए संवेदनशील निर्देशक, बहादुर लेखक, बेदाग कलाकार की जरूरत होगी...!

### बिग गर्ल्स डोंट क्राई का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई, एजेंसी।** ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो की नई सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' एक गर्ल्स बोर्डिंग स्कूल की कहानी है और इसमें सारे मुख्य किरदार यंग लड़कियां हैं। यह सीरीज नित्या मेहरा द्वारा बनाई गई है और इसका निर्देशन सुधांशु सरिया, करण कपाड़िया और कोपल नैथानी के साथ नित्या ने किया है। बिग गर्ल्स डोंट क्राई ट्रेलर' का ट्रेलर 'वंदना वैली' स्कूल में बोर्डिंग लाइफ की झलक दिखाता है, जहां 7 लड़कियों का एक ग्रुप स्कूल पर शासन करने के इरादे से अपने आखिरी साल की तैयारी कर रहा है। एक लड़की, काव्या यादव दोस्त बनाने और जीवन जीने की उम्मीद में स्कूल में आती है, लेकिन जल्द ही उसे पता चल जाता है कि यहां के माहौल में ढलने के लिए उसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' 14 मार्च से अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### रूस में भारतीय नागरिक की मौत भारतीय दूतावास ने दी जानकारी

**मॉस्को।** रूस में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। भारतीय दूतावास ने बताया है कि मृतक की पहचान मोहम्मद असफान के रूप में हुई है। हालांकि दूतावास ने उसकी मौत की परिस्थितियों के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। फिलाहल दूतावास अधिकारी भारत भेजने की तैयारी कर रहें है। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय नागरिक असफान की मृत्यु के बारे में पता चला है। हम परिवार और रूसी अधिकारियों के संपर्क में हैं। मिशन उनके शव को भारत भेजने का प्रयास करेगा। मीडिया में आईं खबरों मुताबिक रूसी सेना में सुरक्षा सहायक के रूप में भर्ती किए गए कई सीमावर्ती क्षेत्रों में लड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

### रूस-चीन चंद्रमा पर परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की बना रहे योजना

मॉस्को। रूस और चीन अगले दशक में चंद्रमा पर परमाणु रिएक्टर स्थापित करने की परियोजना पर विचार कर रहे हैं। अंतरिक्ष उड़ानों और अनुसंधान के लिए जिम्मेदार रोस्कोस्मोस के सीईओ यूरी बोरिसोव ने कहा कि इस तरह के मिशन को स्वचालित रूप से अंजाम दिया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तकनीकी समाधान लगभग तैयार हैं। बोरिसोव ने कहा कि हम 2033 और 2035 के बीच अपने चीनी भागीदार के साथ संयुक्त रूप से चंद्रमा तक पहुंचने और वहां एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की परियोजना पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

### नेपाल के त्रिशूली नदी में गिरी यात्री बस, सात की मौत

काठमांडू। नेपाल के बागमती प्रांत में बुधवार तड़के एक यात्री बस के नदी में गिर गई। घटना में महिला समेत सात लोगों की मौत हुई है, जबकि 30 अन्य घायल हुए हैं। नेपाल की मीडिया के मुताबिक काठमांडू जा रही यात्री बस पर घाटबेसी इलाके में चालक नियंत्रण नहीं रख सका, बस त्रिशूली नदी में गिर गई। धाडिंग जिला पुलिस कार्यालय के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौतम केसी ने कहा दुर्घटना में सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल सेना के साथ स्थानीय लोगों ने बचाया। घायलों को बचा लिया गया और स्थानीय स्वास्थ्य सुविधा में प्राथमिक उपचार के बाद आगे के इलाज के लिए काठमांडू ले जाया गया।

### छत्तीसगढ़ सरकार एनआईए की तर्ज पर एसआईए का गठन करेगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में कृषक उन्नति योजना शुरू करने, मीसा बन्दियों को दी जाने वाली सम्मान निधि को फिर से बहाल करने तथा एनआईए की तर्ज पर राज्य इनवेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) के गठन का निर्णय लिया हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रि परिषद की बैठक में राज्य के किसानों की आय, फसल उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने और फसल की कास्त लागत में कमी करने के उद्देश्य से कृषक उन्नति योजना को मंजूरी दी गई।

# सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में द. कोरिया के साथ भारत में हो विस्तार: एस जयशंकर

**सियोल, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत दक्षिण कोरिया के साथ महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर और हरित हाइड्रोजन जैसे नए क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करना चाहता है ताकि द्विपक्षीय संबंधों को और समकालीन बनाया जा सके।

जयशंकर ने अपने समकक्ष चो ताइ युल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) की सह अध्यक्षता करने के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2015 में दक्षिण कोरिया यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया। बता दें, जयशंकर दक्षिण कोरिया और जापान की अपनी चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में सोल में हैं। मंत्री ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि हम उस पर खरा उतरें। हम बीते वर्षों में मजबूती से आगे बढ़े हैं। हम एक दूसरे के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण भागीदार बन गए हैं। हमारे द्विपक्षीय आदान-प्रदान, व्यापार, निवेश, रक्षा और विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग सभी ने सहयोग के पारंपरिक क्षेत्रों में गति बनाए रखते हुए एक स्थिर विकास देखा है।


दक्षिण कोरिया के सियोल में राष्ट्रीय संग्रहालय में भारत की बौद्ध कला प्रदर्शनी को देखते जयशंकर।

### हमारे बीच काफी अच्छे रिश्ते

जयशंकर ने कहा, मैंने बहुत उम्मीदों के साथ संयुक्त आयोग से संपर्क किया था। मैं जानता हूं कि हमारे बीच काफी अच्छे रिश्ते हैं। हमारी चुनौती इसे व्यावहारिक परिणामों में बदलना है। उन्होंने कहा, हमारे नेताओं ने पिछले साल हिरोशिमा और नई दिल्ली में दो बार मुलाकात की। मुझे लगता है कि उनकी चर्चा ने हमें आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया है।

# राष्ट्रपति चुनाव: ट्रंप और बाइडन की भिड़ंत तय, दौड़ से बाहर हुईं निक्की हेली

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला होगा। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी 52 वर्षीय निक्की हेली को चुनावी दौड़ से बाहर कर दिया है, लेकिन वह किसी भी अन्य रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी की तुलना में लंबे समय तक 77 वर्षीय ट्रंप के सामने टिकी रहीं।

### पार्टी के समर्थक एकजुट: ट्रंप



डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार रात को घोषणा की कि रिपब्लिकन के समर्थक उनके पीछे एकजुट है, लेकिन कुछ ही समय बाद एक बयान में हेली के प्रवक्ता ओलिविया पेरेज-क्यूबास ने कहा, केवल यह दावा करने से एकता हासिल नहीं होती है, हम एकजुट हैं। सुपर ट्यूजडे के चुनाव बाद ट्रंप के पास 893 डेलीगेट हो गए हैं, जबकि हेली को 66 डेलीगेट का समर्थन है। पार्टी उम्मीदवारी के लिए कम से कम 1215 डेलीगेट की जरूरत होती है। परेज क्यूबास ने कहा कि आज एक के बाद एक राज्य में रिपब्लिकन प्राथमिक मतदाताओं का एक बड़ा समूह बना हुआ है, जो डोनाल्ड ट्रंप के बारे में गहरी चिंता व्यक्त कर रहे हैं।

### डेमोक्रेट प्राइमरी चुनावों में राष्ट्रपति बाइडन की बल्ले-बल्ले



जो बाइडन को प्राइमरी चुनाव में किसी भी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने अभी तक सभी डेमोक्रेट प्राइमरी चुनावों में कामयाबी हासिल की। जिसका मतलब साफ है कि डेमोक्रेटिक नामांकन के लिए बाइडन के सामने अन्य नेता मैदान में नहीं है। ऐसे में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन के सामने ट्रंप एक बार फिर से देखे जा सकेंगे।

### किसने कितना फंड जुटाया

राष्ट्रपति बाइडन ने प्रचार फंड में सितंबर तक 590 करोड़ रुपये जुटाए हैं। उनका औसतन दान 40 डॉलर (3324 रुपये) का था और 97% दानदाताओं ने 200 डॉलर (16621 रुपये) से कम पैसे दिए थे। वहीं, ट्रंप ने पिछले 9 महीनों में 598 करोड़ रुपये जुटाए हैं। दूसरी तरफ निक्की हेली का फंड 340 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

### हेली राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की रेस से पीछे हटी



हेली के करीबी ने बताया है कि, उन्होंने फैसले की पुष्टि की कि राष्ट्रपति पद के लिए अपना नाम वापस ले रहीं है। हेली उदारवादी रिपब्लिकन और स्वतंत्र मतदाताओं के गठबंधन का समर्थन अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। बता दें फरवरी 2023 में रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति बनने की रेस में ट्रंप के खिलाफ वह सामने आई थी। गौरतलब है कि निक्की हेली के पीछे हटने की चर्चाओं के बाद ट्रंप का रिपब्लिकन से राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने का रास्ता साफ हो गया है।

# भारत के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वे नवीनीकरण नहीं करेगा मालदीव

## मुइज्जू बोले-जलीय सीमा में खुद ही सर्वेक्षण करेंगे, इसके लिए सरकार बना रही योजना

**माले, एजेंसी**

भारत और मालदीव के बीच राजनयिक तनाव बना हुआ है। ऐसे में माले ने नई दिल्ली को एक और झटका देते हुए मालदीव हाइड्रोग्राफिक सर्वे को समाप्त करने का मन बनाया है। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि मालदीव हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौते को रिन्यू नहीं किया जाएगा।

राष्ट्रपति मुइज्जू ने एलान किया कि भारत के साथ मालदीव हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौते को रिन्यू नहीं किया जाएगा और इस अभ्यास के लिए आवश्यक सुविधाओं और मशीनों को हासिल करने की योजना नहीं बना रहा है। उन्होंने कहा, पिछले साल चीन समर्थक मोहम्मद मुइज्जू के सत्ता संभालने के बाद से भारत-मालदीव संबंधों को झटका लगा है। नवंबर 2023 में शपथ लेने के कुछ घंटों बाद ही मुइज्जू ने मालदीव की संप्रभुता सुनिश्चित करने की कसम खाई और पहला कदम उठाते हुए भारत से अपने सभी सैनिकों को वापस लेने की मांग करने लगा। मुइज्जू ने यह एलान एक चीनी रिसर्च जहाज 'जियांग यांग होंग 03' माले के आसपास तकरीबन एक सप्ताह का वक्त गुजारने के कुछ दिनों बाद किया। मुइज्जू ने सोमवार को जिन द्वीपों का दौरा किया था उनमें से एक पर एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मालदीव का रक्षा मंत्रालय स्वयं ही हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने के लिए जरूरी सुविधाएं हासिल करने की कोशिशों में जुटा हुआ है। गौरतलब है कि मुइज्जू की हालिया घोषणा को चीनी अनुसंधान पोत की गतिविधि से भी जोड़ा जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण मामले में मुइज्जू का बयान चीनी पोत के माले के आसपास लगभग एक सप्ताह और मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के ठीक बाहर एक महीने से अधिक समय बिताने के कुछ दिनों बाद आई है।

### पूर्ववर्ती सरकार ने किया था भारत से समझौता



तत्कालीन राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के नेतृत्व में प्रशासन ने मालदीव के पानी के नीचे की विशेषताओं का हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण कराने के लिए भारत सरकार के साथ एक समझौत पर दस्तखत किए थे, लेकिन मौजूदा राष्ट्रपति ने इस समझौते को रिन्यू करने से इनकार करते हुए कहा कि हम अपने पानी के भीतर की विशेषताओं के बारे में खुद ही सभी जानकारियां हासिल करेंगे और चार्ट तैयार करेंगे।

### जरूरी मशीन अपने स्तर से हासिल कर रही मालदीव सरकार

खबरों के मुताबिक मालदीव का रक्षा मंत्रालय हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने के लिए जरूरी मशीन और सुविधाएं अपने स्तर पर हासिल करने के प्रयास कर रहा है। मालदीव की मीडिया ने राष्ट्रपति के हवाले से बयान जारी किया गया। इसके मुताबिक राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि मालदीव को अपनी जलीय सीमा के भीतर खुद ही सर्वेक्षण की अनुमति मिल जाएगी। इसके बाद सरकार समुद्र के भीतर की विशेषताओं के बारे में सभी जानकारियां हासिल कर सकेगी। जानकारी जुटाने के बाद चार्ट तैयार किया जाएगा।

# फांसी से पहले पूर्व पीएम जुल्फिकार भुट्टो का ट्रायल निष्पक्ष नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया कि पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो, जिन्हें 44 साल पहले हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद फांसी दी गई थी, को निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिली। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संस्थापक भुट्टो, जो अब उनके पोते और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी द्वारा संचालित हैं, को 1979 में दिवंगत जनरल जिया-उल-हक के सैन्य शासन के तहत एक मुकदमे के बाद फांसी दे दी गई थी।

मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने फैसले का सीधा प्रसारण करते हुए कहा, हमने नहीं पाया कि निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया की आवश्यकताएं पूरी की गईं। उन्होंने कहा कि यह उनकी अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय पीठ का सर्वसम्मत निर्णय था। यह फैसला भुट्टो जरदारी के पिता आसिफ अली जरदारी द्वारा 2011 में राष्ट्रपति के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान दायर एक न्यायिक संदर्भ के जवाब में आया था। इसमें पीपीपी संस्थापक को दी गई मौत की सजा पर फिर से विचार करने पर शीर्ष अदालत से राय मांगी गई थी।

# सिंगापुर शीर्ष कोर्ट की जज संविधान पीठ में हुई शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- बतौर मेहमान जूडिथ प्रकाश खनिज-खनन पर रॉयल्टी टैक्स को लेकर करेंगी सुनवाई

सिंगापुर सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जूडिथ प्रकाश को बुधवार को भारतीय सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की संविधान पीठ में शामिल किया गया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में नौ जजों की ये पीठ इस मामले पर सुनवाई कर रही है कि क्या केंद्र सरकार द्वारा खनिज-खनन पर ली जाने वाली रॉयल्टी को टैक्स माना जा सकता है या नहीं।

जस्टिस जूडिथ प्रकाश संविधान पीठ में बतौर मेहमान जज शामिल की गई हैं। जूडिथ प्रकाश दिल्ली आर्बिट्रेशन वीकेंड में शामिल होने के लिए भारत आई हुई हैं। बुधवार को जस्टिस जूडिथ प्रकाश का स्वागत करते हुए मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कुछ महीने पहले सिंगापुर के मुख्य न्यायाधीश सुंदरेश मेनन हमारे साथ थे और जस्टिस जूडिथ प्रकाश हमारे बीच हैं। वे दिल्ली आर्बिट्रेशन वीक में शामिल होने आई हैं, जहां वे संबोधन देंगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और खनिज-खनन पर रॉयल्टी मामले में दलीलें रख रहे वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने भी जस्टिस जूडिथ प्रकाश का स्वागत किया।

### महिलाओं को बड़े पदों पर बढ़ावा देना अहम कदम

महिलाओं से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश हिमा कोहली ने कहा कि महिलाओं को बड़े पदों पर बढ़ावा देना और सम्मेलनों में मुख्य वक्ताओं के रूप में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना, पैनलों में उनका प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना अचेतन पूर्वाग्रह पर काबू पाने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बढ़ावा देने से वास्तविक मूल्य को पहचान मिलेगी। न्यायाधीश हिमा कोहली ने कहा कि युवा महिला वकीलों को इंटर्नशिप देने, कानूनी विभागों और सरकारी क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के दरवाजे खोलने से कानून फर्मों, न्यायाधीशों और न्यायाधिकरणों और आयोगों के सदस्यों के रूप में उनके भविष्य में शामिल होने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। कोहली ने कहा कि निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए मध्यस्थों के बीच लिंग आधारित विविधता अनिवार्य है।

### पीएम के स्वागत के लिए तैयार घाटी...



**श्रीनगर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सात मार्च को घाटी दौरे पर हैं। पूरे जम्मू-कश्मीर में असाधारण सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पीएम के दौरे से एक दिन पहले झेलम नदी पर गश्त करते मरीन कमांडो। घाटी प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए तैयार है। पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पीएम मोदी की ये घाटी की पहली यात्रा होगी। ● एजेंसी

# अमेरिकी युद्धक जहाजों पर हूती विद्रोहियों का हमला

**दुबई, एजेंसी**



- लाल सागर में बढ़ा तनाव, हूती संगठन के प्रवक्ता ने दी जानकारी

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के दो युद्धक जहाजों को लाल सागर में निशाना बनाने का दावा किया है। हूती संगठन के प्रवक्ता याहया सरेया ने टेलीविजन पर जारी किए गए बयान में ये बड़ा दावा किया है। हूती विद्रोहियों का कहना है कि उन्होंने लाल सागर में अमेरिका के दो युद्धक जहाजों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया। हालांकि अभी तक अमेरिका की तरफ से इसे लेकर कोई बयान सामने नहीं आया है।

इजराइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद से ही हूती विद्रोही फिलिस्तीन के समर्थन में अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग रूट पर लाल सागर, अदन की खाड़ी में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। इन हमलों के चलते कई व्यापारिक फर्म ने अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट की बजाय अपने जहाजों को दक्षिण अफ्रीका के लंबे रूट से भेजना शुरू कर दिया है। इसके चलते दुनिया में महंगाई बढ़ने की आशंका है। साथ ही हूती विद्रोहियों के हमले से इस्राइल हमास युद्ध के पूरे अरब क्षेत्र में फैलने का खतरा बढ़ गया है। अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग रूट की सुरक्षा के लिए अमेरिका ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर निगरानी बढ़ा दी है।

# प्राकृतिक कारणों से हुई थी एलेक्सी नवलनी की मौत

**मॉस्को, एजेंसी**



- मौत पर उपजे अंतर्राष्ट्रीय आक्रोश पर विदेशी खुफिया के निदेशक ने दिया बयान

रूस की विदेशी खुफिया सेवा के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि नेता एलेक्सी नवलनी की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। उनका यह बयान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर विरोधी की मौत पर उपजे अंतर्राष्ट्रीय आक्रोश को शांत करने के क्रेमलिन के प्रयासों को दर्शाता है।

विदेशी खुफिया सेवा के निदेशक सर्गेई नारीश्किन ने एक साक्षात्कार में यह बयान दिया। उन्होंने जेल में नवलनी की मौत का कारण नहीं बताया। लेकिन उन्होंने कहा कि देर-सबेर जीवन समाप्त हो जाता है और लोग मर जाते हैं। उसी तरह नवलनी की मृत्यु भी प्राकृतिक कारणों से हुई है। उन्होंने कहा, नवलनी की 16 फरवरी को मास्को से लगभग 1,900 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित एक जेल में मौत हो गई थी। वह चरमपंथ के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे।

रूसी अधिकारियों ने अब तक उनकी मौत के कारण की घोषणा नहीं की है और कई पश्चिमी नेताओं ने इसके लिए पुतिन को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, क्रेमलिन ने आरोप को खारिज कर दिया। नवलनी को शुक्रवार को मास्को में दफनाया गया।

# छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने की भाजपा नेता की हत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में संदिग्ध नक्सलियों ने भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी है। बता दें, पिछले एक साल में प्रभावित इलाकों में भाजपा नेता की यह आठवीं हत्या है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के जांगला थाना क्षेत्र के अंतर्गत भुर्रीपानी गांव के निकट संदिग्ध नक्सलियों ने कैलाश नाग (40) की हत्या कर दी है। पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। जानकारी मिलने पर पुलिस के दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। नाग भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष थे। पुलिस ने कहा आगे की जांच की जा रही है।

# गुजरात दंगों के 22 साल बाद गुलबर्ग सोसाइटी में लौटी रौनक

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- गोधरा कांड के बाद एक परिवार में हुई शादी, सेरेमनी में शामिल हुए स्थानीय लोग

गुजरात में गोधरा कांड के बाद फैले दंगे के दौरान अहमदाबाद की गुलबर्ग सोसाइटी में हिंसा भड़क गई थी। दंगों में 69 लोगों की मौत हुई थी। हिंसा के बाद अधिकतर लोग गुलबर्ग सोसाइटी छोड़कर चले गए थे और यह इलाका वीरान सा हो गया था। अब गुजरात दंगों के 22 साल बाद गुलबर्ग सोसाइटी में पहली बार जश्न मना।

दरअसल यहां एक परिवार में शादी हुई, जिसका हल्दी का कार्यक्रम गुलबर्ग सोसाइटी में आयोजित किया गया। गुलबर्ग सोसाइटी के रहने वाले रफीक मंसूरी की 19 साल की बेटी मिसबाह की बुधवार को शादी है। शादी से पहले रफीक मंसूरी, उनके दोस्त और परिवार के अन्य लोग गुलबर्ग सोसाइटी में इकट्ठा हुए और मिसबाह की हल्दी सेरेमनी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान फिल्मी गानों पर लोगों ने डांस किया और खाना-पीना खाया। रफीक मंसूरी ने बताया कि बीते 22 वर्षों में पहली बार गुलबर्ग सोसाइटी में जश्न मनाया गया, जो कि 2002 के दंगों के बाद से लगभग वीरान पड़ी हुई थी। शादी का समारोह मध्य प्रदेश के बड़वानी में हो रहा है।

रफीक मंसूरी ने बताया कि दंगों के दौरान उन्होंने अपने परिवार को 19 लोगों को खोया था। दंगों के बाद यहां रहने वाले लोग पलायन कर गए थे, जिसकी वजह से गुलबर्ग सोसाइटी वीरान हो गई थी। मंसूरी ने बताया कि जब 2002 में दंगे हुए तो उस वक्त वे 30 साल के थे।

**विज्ञान** जीवन की तलाश की राह महासागरीय बर्फीले ग्रहों की ओर बढ़ी

# शनि व बृहस्पति के उपग्रहों पर मिल सकता है जीवन


**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** ऐसा कैसे संभव है कि ब्रह्मांड में इकलौता जीवन पृथ्वी पर ही मौजूद है। खगोल वैज्ञानिक ऐसा सोचते हैं। जिस कारण पिछले कई दशकों से ब्रह्मांड में जीवन की तलाश में वैज्ञानिकों का बड़ा समूह जुटा हुआ है।

तलाश की यह राह अब महासागरीय बर्फीले उपग्रहों की ओर बढ़ चली है। शनि का उपग्रह एन्सेलेडस , बृहस्पति का यूरोपा और गेनीमेड पर वैज्ञानिको को यकीन है कि यह तीन उपग्रह बर्फ से ढके हुए हैं और इनकी सतह में महासागर समाए हुए हैं। इन महासागरों में जीवित जीवों के उद्भव की अनुकूल परिस्थितियाँ हो सकती हैं। इन चंद्रमाओं पर जीवन के संकेत मिले है। जिस कारण खगोलविद इन ग्रहों पर खुदाई कर जीवन तलाशने की योजना बना रहे हैं।

पृथ्वी से करोड़ों किलोमीटर दूर इन ग्रहों पर खुदाई का काम बेहद जटिल तकनीकी चुनौती है। इस खोज का आधार अंटार्कटिका की संरचना को बनाया गया है। अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने हालही में कई किमी में फैली अंटार्कटिका की विशाल बर्फ की सिल्लियों का अध्ययन किया है।

जिससे पता चला कि हमारी पृथ्वी पर मौजूद अंटार्कटिका की बर्फ की संरचना शनि व बृहस्पति के उपग्रहों से कई मायनों में समान हैं। जिस कारण इन ग्रहों पर जीवन की संभावना प्रबल नजर आती है और इस दिशा में कड़ी मेहनत के जरिए सफलता हासिल की जा सकती है। वैज्ञानिक इस खोज में लगें हुए है।


बर्फ से ढके बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा की तस्वीर।

### आधुनिक तकनीक के जरिए संभव है जीवन की खोज

खगोलविदों का मानना है कि पिछले पांच दशकों में दिनपरदिन तकनीक में सुधार आते रहे हैं। जिसके चलते ब्रह्मांड में खोज की दिशा में अद्वितीय सफलता हासिल कर चुके हैं। बृहस्पति व शनिग्रह हमसे बहुत दूर नही हैं। इन ग्रहों तक हमारी पहुच है और आधुनिक तकनीक के जरिए मंजिल तक पहुच सकते हैं और एक मुकाम हासिल कर सकते हैं।

# कम बीमार पड़ रहे लॉकडाउन में जन्में बच्चे, शोध में हुई पुष्टि

**डबलिन, एजेंसी**

- आयरलैंड की विवि के शोधकर्ताओं ने किया अध्ययन, बच्चों के पेट में अलग तरह के जीवाणु मिले

लॉकडाउन में पैदा हुए बच्चों का इम्यून सिस्टम पहले पैदा हुए बच्चों से बेहतर है। आयरलैंड की यूनिवर्सिटी कॉलेज कॉर्क के शोधकर्ताओं द्वारा किए अध्ययन में पाया गया कि जो बच्चे लॉकडाउन में पैदा हुए थे, उनके पेट के माइक्रोबायोम दूसरों से अलग हैं। इससे कोविड में जन्में बच्चों में पहले के बच्चों की तुलना में एलर्जी में कमी आई।

अध्ययन में पाया गया कि कोविड में पैदा हुए बच्चों में सिर्फ 5 फीसदी बच्चों को ही एलर्जी हुई, जबकि पहले ये दर लगभग चार गुना यानी 22.8 फीसदी थी। वहीं सिर्फ 17 फीसदी बच्चों को एक साल के अंदर किसी एंटीबायोटिक्स की जरूरत पड़ी। इससे पहले 1 साल तक 80 फीसदी बच्चों ने एंटीबायोटिक्स ली थी। मां के साथ पर्यावरण ने भी दिए एंटीबायोटिक गुण: गर्भवस्था में माताओं ने बच्चों को एंटीबायोटिक गुण दिए। बच्चों के जन्म के बाद उन्हें वातावरण से अतिरिक्त गुण मिले। लॉकडाउन के दौरान पर्यावरण में प्रदूषण कम होने से बच्चों में संक्रमण कम था क्योंकि वे कीटाणुओं-बैक्टीरिया के संपर्क में नहीं थे।

